पौष मास, शुक्ल पक्ष 9, वर्ष 11, अंक 253, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

प्रयागराज, रविवार, 1 जनवरी, 2023

2023 अभिनंदन

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# कोई हमारी एक इंच जमीन नहीं ले सकता: शाह

## चीन पर राहुल गांधी को गृहमंत्री ने दिया जवाब

**बेंगलुरु।** आईटीबीपी के आवासीय एवं गैर आवासीय परिसर के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत की विकास यात्रा में कानून-व्यवस्था का अच्छा होना अहम है और बीपीआर&डी के तत्वाधान में इसका रिसर्च बहुत अच्छे तरीके से हो ऐसे कुछ बदलाव हमने 3 साल में किए हैं जो अब अपने परिणाम भी देने लगे हैं। अमित शाह ने कहा कि आईटीबीपी सबसे दुर्गम क्षेत्र में काम करने वाला हमारा सुरक्षा बल है। हम कल्पना ही नहीं कर सकते कि -42 डिग्री सेल्सियस तापमान में देश की सीमाओं की सुरक्षा करना कितना दृढ़ मनोबल होता है। अमित शाह ने कहा कि जब हमारे आईटीबीपी जवान सीमा पर तैनात होते हैं तो किसी की भी हिम्मत नहीं है कि भारत की एक भी इंच का भी अतिक्रमण कर पाए। हमें भारत-चीन सीमा की चिंता नहीं होती है, जब पता चलता है कि आईटीबीपी के जवान सीमा की रक्षा कर रहे हैं।

आईटीबीपी ने अपने स्थापना काल में विषम भौगोलिक परिस्थितियों और मुश्किल क्षेत्रों में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। मैंने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का दौरा किया, वहां के लोग आईटीबीपी के जवानों को हिमवीर




**संबोधन**

**आईटीबीपी के आवासीय एवं गैर आवासीय परिसर के उद्घाटन समारोह में बोले अमित शाह**

**हमें भारत-चीन सीमा की चिंता नहीं होती है, जब पता चलता है कि आईटीबीपी के जवान सीमा की रक्षा कर रहे हैं**

कहकर बुलाते हैं। यह उपलब्धि पद्मश्री और पद्मभूषण से भी बड़ी है, क्योंकि सैनिकों को यह उपनाम सरकार ने नहीं बल्कि देश की जनता को दिया है।

वहीं, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि मैं शहीद परिवार का हूं और मैं जानता हूं कि जब एक युवा अपनी जान देता है तो उसके परिवार पर क्या गुजरती है। लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में कोई ऐसा नहीं है जो यह समझता हो। हम नहीं चाहते कि हमारी सेना से कोई जवान शहीद हो। हम नहीं चाहते कि इस चीज को लापरवाही से लें और सेना राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल की जाए और उसका नुकसान हमारे जवानों, उनके परिवारों को हो। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हमारी सरकार ने चीन के मामले को पूरी तरह से अप्रभावी तरीके से संभाला है। कांग्रेस की विदेश नीति का लक्ष्य था कि चीन और पाकिस्तान को एक नहीं होने देना है जो हमने यूपीए-2 तक बखूबी किया। आज पाकिस्तान और चीन एक हो गए हैं। यह मामूली बात नहीं है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि इन्होंने पहला कदम डोकलाम और दूसरा कदम लद्दाख में लिया। मुझे लग रहा है कि यह तैयारी कर रहे हैं। अब सवाल 'अगर' का नहीं बल्कि 'कब' का है। सरकार को हमारी वायु, थल और नौसेना की बात सुननी होगी और सेना का राजनीतिक इस्तेमाल बंद करना होगा। राहुल ने कहा कि चीन हमारा 2000 किमी क्षेत्र ले गया और पीएम जी कह रहे हैं कि कोई नहीं आया। अगर मैं आपके घर में घुस गया और आप कहें कि कोई नहीं घुसा तो इससे क्या संदेश जाएगा? सरकार इस पर भ्रमित हैं। जब हम सरकार पर बात करते हैं तो वह आर्मी के पीछे छिप जाते हैं। सरकार और आर्मी में फर्क है।

अरुणाचल के तवांग में 9 दिसंबर को भारत और चीन के सैनिकों में झड़प हुई थी। 600 चीनी सैनिकों ने 17 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित भारतीय पोस्ट को हटाने के लिए घुसपैठ की कोशिश की थी। यह पोस्ट यांगत्से में है। भारतीय सैनिकों ने चीनियों को खदेड़ दिया। इस दौरान भारतीय सेना के 6 जवान घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए गुवाहाटी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि हमने चीन की सेना को भी काफी नुकसान पहुंचाया है।






## आतंक को हथियार बना भारत को बातचीत की मेज पर लाना संभव नहीं



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान और चीन को एक बार फिर आड़े हाथों लिया है। साइप्रस यात्रा के दौरान एक संबोधन में नाम लिए बिना पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा आतंकवाद को हथियार बनाकर भारत को बातचीत की मेज पर नहीं बैठाया जा सकता है। वहीं चीन के साथ सीमा विवाद मुद्दों पर एस जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं क्योंकि हम वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को एकतरफा बदलने के किसी भी प्रयास के लिए सहमत नहीं होंगे। अरुणाचल के तवांग सेक्टर में चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच हुई झड़प पर उन्होंने कहा कि हमारी सीमाओं पर चुनौतियां हैं जो कोविड के दौरान और बढ़ गई हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा मूल मुद्दों पर कोई समझौता नहीं होगा क्योंकि आतंकवाद से किसी भी देश को उतना नुकसान नहीं हुआ है जितना भारत को हुआ है। उन्होंने कहा कि हम बहुत स्पष्ट हैं कि हम आतंकवाद को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम आतंकवाद के मुद्दे पर समझौता कर लें। हम आतंकवाद को हथियार बनाकर भारत को बातचीत की मेज पर लाने के लिए मजबूर नहीं होने देंगे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता भारत के पास आने के बाद से ही पाकिस्तान आतंकवाद पर भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है। इसी मकसद से पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान सरकार के तमाम मंत्री प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के खिलाफ जमकर बयानबाजी करते नजर आते हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल जरदारी भुट्टो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा था कि मैं भारत को बताना चाहता हूं कि ओसामा बिन लादेन तो मर चुका है लेकिन गुजरात का कसाई अभी जिंदा है और भारत का प्रधानमंत्री है। जरदारी ने भारत सरकार की विचारधारा को हिटलर से प्रभावित बताया था।

**जवाब**

**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान और चीन को एक बार फिर आड़े हाथों लिया**

## उत्तर प्रदेश में नववर्ष पर 47 आईपीएस अफसरों को मिला प्रमोशन का तोहफा

### आज से सभी अधिकारी अपने नए पद को सुशोभित करेंगे

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने नववर्ष के मौके पर 47 आईपीएस अफसरों की प्रमोशन की सूची जारी कर दी। प्रमोशन की सूची के बाद अफसरों में नए साल के जश्न के लिए दोगुनी खुशी नजर आ रही थी। वहीं कुछ अधिकारियों के हाथ मायूसी भी लगी हैं। जिन्हें प्रमोशन से इस सूची से वंचित रहना पड़ा। बता दें कि, 1998 बैच के आईपीएस अफसरों में अभी दो को एडीजी बनने का मौका मिला है जबकि 1998 बैच में कुल सात अधिकारी है। आईपीएस भगवान शंकर श्रीवास्तव और आईपीएस अमित चंद्रा को एडीजी के पद पर प्रमोट कर दिया गया है। वहीं आईपीएस राम कृष्ण भारद्वाज, आईपीएस उपेंद्र अग्रवाल , आईपीएस जे रवींद्र गौड़ , आईपीएस दीपक कुमार , आईपीएस सुभाष चंद्र दुबे और आईपीएस अखिलेश कुमार को आईजी बनाया गया। जबकि




आईपीएस अधिकारी केशव कुमार चौधरी, आईपीएस अजय कुमार साहनी, आईपीएस अनीस अहमद अंसारी , आईपीएस अखिलेश चौरसिया , आईपीएस शिवासिम्मी चनपपा, आईपीएस मुनिराज जी , आईपीएस दिनेश कुमार पी , आईपीएस बबलू कुमार को डीआईजी के पद पर प्रमोट किया गया। इन अफसरों में आईपीएस आईपीएस कलानिधि नैथानी, आईपीएस प्रभाकर चौधरी , आईपीएस संजीव त्यागी , आईपीएस पूनम , आईपीएस कुंतल किशोर , आईपीएस हरीश चंदर , आईपीएस सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज , आईपीएस सत्येन्द्र कुमार , आईपीएस राठौड़ किरीट कुमार, आईपीएस शिव हरी मीना , आईपीएस शैलेश कुमार यादव , आईपीएस मिर्जा मंजर बेग , आईपीएस राहुल राज , आईपीएस शफीक अहमद , आईपीएस राधेश्याम , आईपीएस कल्पना सक्सेना , आईपीएस सुरेश्वर , आईपीएस जयप्रकाश , आईपीएस रामजी यादव , आईपीएस संजय सिंह , आईपीएस राम किशुन , आईपीएस राजकमल यादव , आईपीएस राकेश पुष्कर , आईपीएस मनोज कुमार सोनकर , आईपीएस कुलदीप नारायण , आईपीएस मनीराम सिंह , आईपीएस किरण यादव ,आईपीएस सुरेंद्र बहादुर , आईपीएस शाहब रसीद खां , आईपीएस एस आनंद , आईपीएस राजीव नारायण मिश्रा को सलेक्शन ग्रेड प्रदान किया गया है। *एजेंसी*

## असम में परिसीमन से पहले 4 जिलों के विलय का फैसला

### सीएम सरमा बोले– उम्मीद है फैसलों के महत्व को समझेंगे लोग

**नई दिल्ली।** असम से एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। असम सरकार ने चार जिलों का अन्य चार जिलों में विलय के साथ-साथ कुछ गांवों के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में बदलाव करने का फैसला किया। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक आवश्यकताओं, समाज और असम के हितों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय भारी मन से लिया गया। हालांकि असम सरकार ने इसके पीछे की वजह का खुलासा नहीं किया। आपको बता दें कि बिस्वानाथ जिले को सोनितपुर में, होजई को नौगांव में, बजाली को बारपेटा में और तमुलपुर को बक्सा में मिला दिया जाएगा।



राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कुछ गांवों और कुछ कस्बों के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। विलय किए गए ज्यादातर जिले हाल के दिनों में बनाए गए थे।

मुख्यमंत्री ने विलय किए गए जिलों के लोगों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से माफी मांगना चाहता हूं लेकिन उम्मीद है कि वे फैसलों के महत्व को समझेंगे। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य के मंत्रियों की एक टीम इन जिलों का दौरा करेगी। साथ ही राज्य के मंत्री प्रमुख संगठनों और नागरिकों के साथ बातचीत कर इन फैसलों के कारणों को बताएगी जिनका खुलासा सार्वजनिक तौर पर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिन जिलों का विलय किया गया है उनके पुलिस और न्यायिक जिले जारी रहेंगे क्योंकि वे अन्य कार्यालयों और अधिकारियों के साथ हैं। गौरतलब है कि चुनाव अयोग ने असम में एक जनवरी, 2023 से परिसीमन तय होने तक नई प्रशासनिक इकाइयों के गठन पर भी रोक लगा दी है। आयोग ने असम के मुख्य चुनाव अधिकारी को निर्देशित किया है कि राज्य सरकार से यह सुनिश्चित कराएं कि एक जनवरी, 2023 से परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने तक नए प्रशासनिक निकायों या इकाइयों का गठन प्रतिबंधित रहेगा।

## नववर्ष की तैयारियों को लेकर यूपी पुलिस ने कसी कमर, हुड़दंग और अराजकता पर होगी नजर

**लखनऊ।** वर्ष 2023 के स्वागत में नववर्ष समारोह से पहले उत्तर प्रदेश पुलिस ने राज्य के सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश जारी किये हैं कि वह यह सुनिश्चित करें कि लोग शांतिपूर्ण तरीके से नववर्ष मनायें। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने कहा, नए साल को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए, हमने राज्यभर के सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश जारी किए हैं।

हमने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि प्रदेश में किसी भी स्थान पर खासकर मॉल, बाजार, क्लब और बार में लोग किसी तरह का हंगामा न करें। उन्होंने कहा, हमने इन जगहों पर पर्याप्त संख्या में वर्दी और सादी पोशाक दोनों में पुलिस बल तैनात किया है। इसके अलावा, शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामलों की जांच के लिए पुलिस टीमों को हर प्रमुख चौराहे पर ब्रेथ एनालाइजर के



**प्रशांत कुमार बोले**

**नए साल को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए, हमने राज्यभर के सभी पुलिस कर्मियों को निर्देश जारी किए**

साथ रखा जाएगा।

प्रशांत कुमार ने कहा कि पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि इन समारोहों के दौरान महिलाओं या बच्चों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो और इसके लिए हमने महिला अधिकारियों के साथ यूपी-112 गश्त वाहनों को भी तैनात किया है। उप्र पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शनिवार शाम से ही गश्त शुरू कर देंगे। अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि नए साल की पूर्व संध्या और नए साल के दिन धार्मिक स्थलों पर भी लोगों की भारी भीड़ होती है, कानून व्यवस्था बनायें रखने के लिए हम वहां भी पुलिस बल तैनात करेंगे। उन्होंने कहा, इसके साथ ही हमने पूरे उत्तर प्रदेश में सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ा दी है। कुमार ने कहा, हम लोगों से ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी यातायत निर्देशिका का पालन करने की अपील करते हैं, पुलिस वैकल्पिक पार्किंग सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। हमने पहले देखा है कि युवा कुछ स्थानों पर तेज रफ्तार से बाइक पर स्टंट करते हैं, हमने इन सभी स्थानों की पहचान की है और इन स्थानों पर टेढ़े-मेढ़े बैरियर लगा दिए हैं, ताकि हम इसे रोक सकें और उनकी कीमती जान बचा सकें।

## ओबीसी आयोग की बैठक में सर्वे पर हुई चर्चा

### उचित मापदंडों को अपनाने की बनी सहमति

**लखनऊ।** यूपी सरकार की तरफ से गठित किये गए उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की पहली बैठक आज राजधानी के गोमतीनगर विस्तार में सूडा कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में आयोग के सदस्यों के बीच ओबीसी आरक्षण को तय करने के फॉमूर्ले पर चर्चा की गयी। मिली जानकारी के अनुसार सदस्यों में आरक्षण के लिए उचित मापदंडों को अपनाने की सहमति बनी है। आयोग के अध्यक्ष रामावतार सिंह ने कहा है कि आरक्षण को लेकर अन्य राज्यों के मॉडल भी देखे जाएंगे। इस कार्य में जो भी जरूरी चीजें शामिल करनी हैं या फिर पहले छूट गयी हैं उनको भी आयोग संज्ञान में लेगा। उन्होंने 6 महीने के अंदर कार्य को समाप्त करने की बात दोहराई। बताते चलें कि पूर्व जज राम




अवतार सिंह को उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष और पूर्व आईएएस चौब सिंह वर्मा, पूर्व आईएएस महेंद्र कुमार, पूर्व अपर विधि परामर्शी संतोष कुमार विश्वकर्मा और पूर्व विधि परामर्शी बृजेश कुमार सोनी को सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की अधिसूचना के मसौदे को खारिज कर दिया था और ओबीसी को आरक्षण दिए बगैर स्थानीय निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया था।

### नए साल पर जश्न मनाने पहाड़ों पर उमड़े पर्यटक मनाली में लगा लंबा जाम

**नई दिल्ली।** नया साल दस्तक देने के लिए तैयार है और इस समय उत्तर भारत के लगभग सभी हिल स्टेशनों पर सैलानियों की भारी भीड़ है। शिमला कुल्लू मनाली हर जगह भारी भीड़ है। सिर्फ पर्यटक स्थल ही नहीं बल्कि मंदिरों में भी भीड़ बढ़ गई है। वैष्णो देवी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए पहले से तैयारियां की गई हैं। शनिवार को मनाली में भारी जाम देखने को मिला। तस्वीरों में भी देखा जा सकता है कि किस तरह मनाली की सड़क गाड़ियों से भरी हुई है। वहीं कुल्लू में भी पर्यटकों की भारी तादाद देखने को मिली है। इसके अलावा गोवा और धर्मशाला में भी कुछ ऐसा ही नजारा है और शिमला शहर में पिछले कई दिनों से हर दिन 3000 वाहन की एंट्री हो रही है। वैष्णो देवी धाम में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए यहां पूरे इंतजाम किए गए हैं। निगरानी और भीड़ प्रबंधन के उद्देश्य से यात्रा ट्रैक और श्री माता वैष्णो देवी भवन पर 500 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

## दिल्ली पुलिस ने बिहार जहरीली शराब कांड के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बिहार के सारण जिले में जहरीली शराब कांड से जुड़े मामले में वांछित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सारण शराब कांड में 73 लोगों की जान चली गई थी। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान



सारण जिले के दोइला गांव निवासी रामबाबू महतो के रूप में हुई है। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव के अनुसार क्राइम ब्रांच के इंटर-स्टेट सेल को सूचना मिली थी कि महतो दिल्ली में कहीं छिपा हो सकता है। यादव ने कहा तकनीकी निगरानी और विशिष्ट जानकारी के आधार पर महतो को द्वारका से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है और आगे की कार्रवाई के लिए आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी बिहार पुलिस के साथ साझा की गई है। पुलिस ने कहा कि बिहार में शराबबंदी के कारण आरोपी ने जल्दी और आसानी से पैसा कमाने के लिए यह तरीका चुना और नकली शराब बनाना और बेचना शुरू कर दिया। आरोपी की गिरफ़्तारी पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बोले सरकार जांच कर रही है कि कौन लोग इसमें शामिल थे कौन इस (शराब) को लाया। जिस समय यह घटना घटी हमने अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। आज कल रोज शराब पकड़ी जा रही है। *एजेंसी*

# चीन के मामले को सरकार संभाल नहीं सकी

## राहुल गांधी ने बीजेपी पर किया प्रहार, चीन-पाकिस्तान का एक होना खतरनाक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर चीन के मामले को संभालने में पूरी तरह विफल रहने और असमंजस की स्थिति में होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि इस सरकार की नीतियों के चलते चीन एवं पाकिस्तान एक हो गए हैं, जो खतरनाक बात है। उन्होंने यह दावा भी किया कि डोकलाम एवं तवांग में जो हुआ है, वो किसी बड़ी तैयारी का हिस्सा है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकार को सेना, वायुसेना और नौसेना के पीछे नहीं छिपना चाहिए तथा पूरी स्थिति के बारे में देश को अवगत कराना चाहिए तथा अगर वह ऐसा करती है, तो कांग्रेस समेत सभी

**प्रेसवार्ता**

**बीजेपी और आरएसएस मेरे लिए गुरु की तरह, उनके हमलों से मुझे फायदा**

**चीन के मामले में सरकार सेना के पीछे छिपी रही, देश को अंधेरे में रखा**

विपक्षी दल उसकी मदद करेंगे। उन्होंने चीन से जुड़े सवाल पर कहा, मैं शहीद के परिवार से हूं।

मेरी दादी (इंदिरा गांधी) शहीद हुईं, मेरे पिता (राजीव गांधी) शहीद हुए। जब कोई जवान शहीद होता है, तो उसके परिवार को क्या महसूस होता है, मैं समझता हूं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के लोग इसे नहीं समझते। यह अच्छी या खराब बात नहीं है, लेकिन



वास्तविकता है। राहुल गांधी ने कहा, मैं चाहता हूं कि हमारा एक भी जवान शहीद नहीं हो। मैं नहीं चाहता कि हम सेना को राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल करें और इसका नुकसान हमारे जवानों और उनके परिवारों को हो। मैं यह नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा, आप लोग (मीडिया) मेरी टी-शर्ट की बात करते हैं। लेकिन मैं जानता हूं कि जो जवान सियाचिन और दूसरे स्थानों पर तैनात हैं, उन्हें किस मुश्किल का सामना करना पड़ता है। मैं हर जवान से प्यार करता हूं। मैं चाहता हूं कि उन्हें चोट नहीं लगे।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया, जब राष्ट्रीय स्तर का नेतृत्व रणनीतिक रूप से काम नहीं करता है, तो अंतरराष्ट्रीय संबंधों और भू-राजनीति में तुरंत प्रतिक्रिया आती है। हमारी सरकार ने चीन के मामले को पूरी तरह से मिस्हैंडल (संभालने में विफल) किया है। उन्होंने कहा, हमारी विदेश नीति का लक्ष्य था कि चीन और पाकिस्तान को कभी एक नहीं होने देना है। यह हमारा मुख्य लक्ष्य था। यह हमने संप्रग-2 तक सफलतापूर्वक किया। लेकिन आज पाकिस्तान और चीन एक हो गए हैं। यह खतरनाक बात है। राहुल गांधी ने दावा किया कि चीन और पाकिस्तान एक हुए, क्योंकि मौजूदा सरकार चीजों को संभालने में विफल रही। उनका कहना था, सरकार को सेना, वायुसेना और नौसेना की बात सुननी है।

उन्होंने अपने विरोधियों की तारीफ की और कहा कि मैं खासतौर से आरएसएस और बीजेपी के लोगों को धन्यवाद करता हूं क्योंकि जितना वे आक्रमण करते हैं उतना हमें सुधार करने का मौका मिलता है। मैं चाहता हूं कि वे और जोर से करें जिससे कांग्रेस पार्टी को अपनी विचारधारा अच्छे से समझ आए। मैं उनको अपना गुरु मानता हूं कि वह मुझे रास्ता दिखा रहे हैं कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं और अच्छी ट्रेनिंग दे रहे हैं।

## यूपी में 1 जनवरी से दिसंबर 2023 तक निशुल्क राशन बांटने का आदेश जारी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत निशुल्क राशन बांटने का आदेश शनिवार को जारी कर दिया गया। सरकार के इस निर्णय से पूरे यूपी सहित देश भर में 80 करोड़ लोगों को फायदा होगा। निशुल्क राशन दिसंबर 2023 तक बटेगा। अधिकारियों के मुताबिक लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत सम्पूर्ण प्रदेश में माह मार्च, 2016 से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 प्रभावी है। उक्त अधिनियम के अन्तर्गत पात्रता सूची में सम्मिलित प्रदेश के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को सब्सिडीयुक्त खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित कराया जाता है। अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा. खाद्यान्न (14 किग्रा. गेहूं व 21 किग्रा चावल) प्रति राशन कार्ड प्रति माह की मात्रानुसार एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारकों को उनसे सम्बद्ध यूनिटों पर 5 किग्रा खाद्यान्न (2 किग्रा) गेहूँ व 3 किग्रा चावल) प्रति माह प्रति यूनिट की मात्रानुसार वितरण सुनिश्चित कराया जा रहा है। वर्तमान में उपरोक्त दोनों राशनकार्डों पर गेहूँ रू०-02 प्रति किग्रा व चावल रु-03 किग्रा की दर से वितरित कराया जा रहा है। प्रदेश के चयनित जनपदों में मोटे अनाज अर्थात मक्का का भी वितरण रु-1 प्रति किग्रा की दर से कराया गया है।



## संक्षेप

### शौच के लिए गयी युवती के साथ दुराचार का प्रयास मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** शौच के लिए गयी दलित युवती के साथ एक युवक ने दुराचार का प्रयास किया। उलहना देने पर जाति सूचक गालियां दी।और मारे पीटे।पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ली है। मऊआइमा मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बैरहना खानपुर निवासनीय एक युवती का आरोप है कि वह शौच के लिए गयी थी। जहां पहले से मौजूद एक युवक दुराचार का असफल प्रयास किया। शोर मचाने पर भाग गया। युवती घर आकर अपनी माता से बतायी। आरोपी के घर उलहना देने पर जाति सूचक गालियां दी गई और जान से मारने की धमकी देते हुए मारे पीटे। युवती की माता ने मऊआइमा थाने में शिबू, गुडिया, एखलाक, मुन्ना के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# दारागंज में आलू व्यापारी की गोली मारकर हत्या

**हत्या**

**थाने से 200 मीटर दूर हुई घटना**

**प्रयागराज।** दारागंज थाने के पास सब्जी व्यापारी श्यामजी केशरवानी (38) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात सुबह छह बजे तब हुई जब वह मंडी से आलू लेकर दुकान पर पहुंचा था। परिजनों ने पूर्व के विवाद को लेकर पड़ोसी दुकानदार के बेटे को नामजद किया है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। श्यामजी इसीपुर मलावा, झूंसी का रहने वाला था। वह दारागंज में गंगामूर्ति चौराहे के पास आलू का थोक व्यवसाय करता था। रोज की तरह सोमवार भोर में वह रिश्तेदार राजकुमार व पल्लेदार पवन के साथ दुकान के पास आलू लेकर दुकान के पास पहुंचा। राजकुमार व पवन पिकअप से आलू की बोरियां उतारने लगे और श्यामजी गाड़ी में ही ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठ गया। राजकुमार ने बताया कि कुछ देर बाद अचानक पटाखा फूटने जैसी आवाज आई। उसने श्याम जी को आवाज दी लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर उसने पवन से कहा कि वह देखे कि श्यामजी जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं। पवन पहुंचा तो श्यामजी को खून से लथपथ देख चीखने लगा। गाड़ी से उतरकर वह पहुंचा तो देखा कि श्यामजी के कनपटी में बांई ओर गोली लगी है। वह भागकर थाने पहुंचा और पुलिसकर्मियों को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे एसआरएन अस्पताल ले गई। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मृतक के बड़े भाई रामजी व अन्य परिजन भी आ गए। जांच पड़ताल के बाद शव को मर्चरी भेजवा दिया।



हत्या के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस

**प्रयागराज-जौनपुर हाईवे किया जाम**

पोस्टमार्टम के बाद शाम 4.30 बजे के करीब परिजनों ने ईसीपुर मलावा स्थित घर के सामने शव रखकर प्रयागराज-जौनपुर हाईवे जाम कर दिया। सूचना पर झूंसी पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजन मुआवजा व आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस ने समझाया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ जारी है। मुआवजे के संबंध में आश्वासन दिया गया कि जो भी संभव मदद होगी, वह दिलाई जाएगी। इसके बाद परिजन शांत हुए और शव अंतिम संस्कार के लिए ले गए। इस दौरान करीब आधे घंटे तक यातायात प्रभावित हुआ।

**थाने से 200 मीटर दूर वारदात**

घटना को लेकर दारागंज पुलिस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जिस जगह वारदात हुई, वह थाने से 200 मीटर दूरी पर स्थित है। नए साल के उपलक्ष्य में पुलिस अलर्ट मोड पर है। फिर यह कैसे हुआ कि एक व्यक्ति असलहा लेकर थाने के आसपास घूमता रहा और वारदात को अंजाम देने के बाद निकल भी भागा। उधर मृतक के घर में कोहराम मचा रहा। परिवार में पत्नी के अलावा 14 साल की बेटी खुशी व 10 साल का बेटा समर है। वह चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था। फिलहाल तहरीर के आधार पर नामजद मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

**- संतोष कुमार मीणा, डीसीपी नगर**

### हत्या में एक वांछित था फरार, माण्डा पुलिस ने धर दबोचा

**माण्डा।** बीते 6अक्टूबर को अनिल कुमार गौतम पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम रामपुर हंसवार थाना जिगना मिजार्पुर की हत्या कर दी गयी थी। जिसमें माण्डा पुलिस इस हत्या का खुलासा का पदार्फाश पहले ही कर चुकी है।हत्या में छः आरोपियों में पांच आरोपी पहले ही जेल जा चुके हैं। इस मामले में मृतक के भाई राकेश कुमार ने 11नवम्बर को आरोपियों के ऊपर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें माण्डा पुलिस के निरीक्षक सुभाष सिंह यादव विवेचना कर रहे थे जांच में पाया कि अनिल को ट्रक से कुचलकर ईट के भट्ठा पर छुपा दिया था उसके बाद कम्बल में लपेटकर बोलोरो में लादकर बेला चौहान मार्ग पर छोड़ दिया था। जिसमें पांच आरोपी को पुलिस ने पहले ही जेल जा चुके हैं एक फरार आरोपी राजू बिंद पुत्र राधेश्याम बिंद ग्राम बहुती मयकचौरा थाना जिगना जिला मिजार्पुर को घटना में प्रयुक्त था जिसको माण्डा पुलिस ने शनिवार दोपहर को धर दबोचा जिसको न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। थानाप्रभारी माण्डा अरविंद कुमार गौतम ने बताया कि इस हत्या के मुकदमे में एससीएसटी एक्ट को भी पंजीकृत कर लिया है और बताया कि हत्या का खुलासा पूर्ण हुआ और आरोपी जेल गये।

# हमीरपुर के किसानों को भेजी गई इफको निर्मित नैनो यूरिया की पहली खेप

**रवाना**

**नैनो यूरिया तरल की 18000 बोतल से लदी ट्रक को इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया तथा नैनो प्लांट के वरिष्ठ महाप्रबंधक गिरधर मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**फूलपुर।** इफको की फूलपुर इकाई में नैनो तरल यूरिया का उत्पादन शुरू होने के बाद उसकी पहली खेप शनिवार को हमीरपुर जनपद में भेजी गई। नैनो यूरिया तरल की 18000 बोतल से लदी ट्रक को इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया तथा नैनो प्लांट के वरिष्ठ महाप्रबंधक गिरधर मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इफको के प्रबंध निदेशक डॉ० उदय शंकर अवस्थी के ड्रीम प्रोजेक्ट के द्वारा उत्पादित नैनो यूरिया हमीरपुर के किसानों के लिए फूलपुर यूनिट द्वारा भेजा गया।

इस अवसर पर यातायात विभाग के कार्यालय के सामने एक संक्षिप्त समारोह में इफको प्रबंधन के संयुक्त महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक सहित कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पांडेय, इफको ऑफीसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयं प्रकाश सहित अनेक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। यातायात के उप महाप्रबंधक अशोक कुमार श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।



नैनो यूरिया की ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार घायल हालत गंभीर

**उरुवा।** शहर से घर लौट रहे बाइक सवार की सामने से आ रहे डंपर से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार अधेड़ बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें घटनास्थल पर मौजूद रहे लोगों ने एमबी7 बुलाकर आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी रामनगर भेजा। जहां पर इलाज के दौरान घायल अधेड़ की हालत बिगड़ती देख अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मांडा थाना क्षेत्र के चकडीहा गांव निवासी 55 वर्षीय बालकृष्ण पांडेय बाइक पर सवार होकर शनिवार की शाम शहर से घर वापस जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार प्रयागराज मिजार्पुर राजमार्ग पर आंधी गांव के सामने पहुंचे सामने से आ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार छिटककर दूर जा गिरे और गंभीर चोटें आईं।

# मेजा ऊर्जा निगम में हुआ शरद मेला-2022 का आयोजन

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम (एमयूएनपीएल) में अपराजिता महिला समाज (लेडीज क्लब) द्वारा शरद मेला-2022 का आयोजन किया गया। श्रीमती वी. वाणी और रमेश बाबू वी, अध्यक्ष (एमयूएनपीएल) और निदेशक (संचालन), एनटीपीसी लिमिटेड, डॉ. नीलम सक्सेना और प्रवीण सक्सेना, निदेशक (एमयूएनपीएल) और आर ई डी (उत्तर) एनटीपीसी लिमिटेड, श्रीमती पूनम भार्गव और श्री मोहित भार्गव, निदेशक (एमयूएनपीएल) और ई डी (आर ई) एनटीपीसी लिमिटेड, श्रीमती संघमित्रा महापात्रा और श्री एम एस डी भट्टामिश्र, निदेशक (एमयूएनपीएल) और निदेशक (पी एंड ए), यूपीआरवीयूएनएल, श्रीमती रेणु नारंग और निधि कुमार नारंग, निदेशक (एमयूएनपीएल)) और निदेशक (वित्त), यूपीआरवीयूएनएल और श्रीमती बरनाली दत्ता और संजय कुमार दत्ता, निदेशक (एमयूएनपीएल) और निदेशक (पी एंड सी), यूपीआरवीयूएनएल बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। केदार रंजन पांडु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमयूएनपीएल) और डॉ. चिन्मयी दास, अध्यक्ष (अपराजिता महिला समाज) ने प्लांटर के साथ सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।

अपने संबोधन में, डॉ. चिन्मयी दास ने शरद मेला के महत्व के बारे में बात की। इसके अलावा, उन्होंने मेले में लगाये गए सभी स्टॉल जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों, पारंपरिक नृत्य और संगीत, सामुदायिक विकास दीर्घा आदि के बारे में एनटीपीसी परिवार के सभी सदस्यों को अवगत कराया।

उल्लेखनीय है कि स्थानीय हस्तकला तथा सतत विकास को बढ़ाबा देने के लिए मेले में मूंज क्राफ्ट और जैविक उत्पाद स्टालों का प्रदर्शन किया गया। मेले का समापन लकी ड्रा कूपन प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा तथा विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।



फीता काटर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

### सर्वेश्वरी समूह के सैनिकों ने ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को बांटा कंबल

**नैनी।** प्रेरणा परमार्थ आश्रम मयार्दा पुरुषोत्तम राम गंज डांडी चाका ब्लाक के माध्यम से एवं श्रद्धेय भैया जी के मार्ग निर्देशन में पिछले 1 महीने से लगातार प्रयागराज के आसपास जिलों में जैसे कौशांबी, मंझनपुर, भरवारी, खागा, फतेहपुर, मछली शहर, मुंगरा, बादशाहपुर, जौनपुर, मेजा, मांडा, जिगना, विंध्याचल, मिजार्पुर, जसरा, शंकरगढ़, नारी-बारी, रीवा, फाफामऊ, लालगोपालगंज ,प्रतापगढ़, रायबरेली, सैदाबाद, हंडिया, बरोत, गोपीगंज, औराई, भदोही एवं प्रयागराज क्षेत्र में शीत ऋतु की सर्द रात्रि में जब सभी लोग अपने घरों में कंबल के अंदर सो जाते हैं तब भैया जी के मार्ग निर्देशन में सर्वेश्वरी समूह के सैनिक ठंड की परवाह किए बगैर कोहरे की परवाह किए बगैर किसी भी प्रकार की कष्ट की परवाह किए बगैर अपने-अपने घरों से भारत वासियों की मदद करने के लिए जो सड़क किनारे ठंड से व्यथित होते हैं, अभाव होने के कारण उनके पास गर्म वस्त्र नहीं होता, वह ऐसे ही जमीन पर सो जाते हैं, भगवान की कृपा वहां तक पहुंचाने के लिए सभी स्वयंसेवक उन्हें कंबल टोपी स्वेटर पैंट शर्ट खाना पानी आदि उपलब्ध करा कर उनकी मदद करते हैं। वह क्षण जब उन्हें यह सुविधा प्राप्त होती हैं तो उन्हें खुशी प्राप्त होती हैं जिसे शब्दों में व्याख्या नहीं किया जा सकता। एक सच्चा सद्गुरु ही इस तरह के कार्यों में स्वयं एवं अपने सहयोगियों को करने के लिए उत्साहित करता है। इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 500 लोगों को मदद पहुंचाई गई।

### प्रधानमंत्री की मां के निधन पर शोक संवेदना

**सहसों।** शनिवार को चिरौरा चौराहा देवनहरी में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीके माता जी के आकस्मिक निधन पर भाजपा फूलपुर के पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया शोक व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज देश हीराबेन के रूप में एक बेशकीमती हीरा को खा दिया है हीराबेन ने अपने पुत्र नरेंद्र मोदी जी को जो शिक्षा जो संस्कार दिए हैं उसी की बदौलत आज देश अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है आज जनमानस ने एक ही बात कहीं जा रही है कि वास्तव में एक सादगी भरा जीवन एक तपस्वी की भांति जिस प्रकार से हीराबेन बिताया यह देश की जनता के लिए अनुकरणीय विषय है इस अवसर पर मुख्य रूप से चंद्र भूषण मिश्र उर्फ भोला गुरु गुलाब प्रसाद त्रिपाठी राम मिलन बिंद छोटे लाल पाल रामबरन पाल संतोष विश्वकर्मा सूरज प्रसाद शुक्ला राम सुधार बिंद लक्ष्मी कांत मिश्र संजय शुक्ला राजन पांडे ज्ञानचंद मौर्य हीरालाल मौया अमर सिंह पटेल विमल कुमार मिश्रा हरी प्रताप पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# सरकारी दुकान में बनाई जा रही थी नकली शराब, 2 पकड़ाए

**आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम की छापेमारी में हुआ खुलासा**

**कोरांव।** अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार की रात आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी में नकली शराब बनाने के कारोबार का भंडाफोड़ किया है । मौके से 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से नकली शराब एवं शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किए गए हैं। मामले में 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है । 2 लोगों को जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक कोरांव मेजा मार्ग पर स्थित सरकारी देसी शराब की दुकान में आबकारी एवं पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की जहां पर मौके पर नकली शराब बनाई जा रही थी । मौके से प्रदीप शर्मा पुत्र हरिहर शर्मा निवासी ग्राम खिरकिता थाना गोला बाजार जनपद गोरखपुर एवं विजय प्रकाश यादव पुत्र सतनारायण निवासी ग्राम इटिरा इब्राहिम पुर थाना हड़िया प्रयागराज को 13 लीटर अपमिश्रित ठेका देसी शराब 37अदद नकल ढक्कन एक ही सीरीज के 65 नकली क्यूआर कोड विंडीज लाइम ब्रांड की 85 ढक्कन युक्त सीसी बिना ढक्कन की 186 सीसी 28 पेटी ब्रांड किंग्स क्लासिक देसी शराब कुल 252 लीटर के साथ पकड़ा गया । मामले में प्रदीप शर्मा विजय प्रकाश यादव के अलावा श्याम जायसवाल पुत्र अज्ञात निवासी अकोड़ा बाजार एवं रोहित गुप्ता पुत्र मुकेश चंद्र कर्नलगंज प्रयागराज के खिलाफ आबकारी अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रदीप शर्मा एवम विजय प्रकाश यादव को जेल भेज दिया गया ।



नकली शराब के पकड़ाये तस्कर

### मैजिक में ट्रक ने मारी टक्कर

**सहसों।** प्रयागराज-गोरखपुर राजमार्ग पर थरवई थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के सामने बादशाहपुर से मुर्गी लाद कर करमा जा रही मैजिक में विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मालवाहक मैजिक ड्राइवर परवेज शाह आलम व खलासी आजकल निवासी उभारी करमा थाना घूरपुर घायल हो गए। ट्रक चालक छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया तथा क्रेन मंगाकर राजमार्ग से मैजिक ट्रक को हटवा कर यातायात संचालित करवाया पूर्व घने कोहरे के कारण स्थानीय लोगों एकत्रित होकर देर तक शोर मचा मचा कर राजमार्ग पर आ रहे वाहनों को रोक रहे थे अन्यथा राजमार्ग पर खड़ी ट्रक व मैजिक में कई गाड़ियों की भिड़ंत से बड़ा हादसा हो सकता था।

# कुहरे की वजह से छात्र आया ट्रेन की चपेट में, दर्दनाक मौत

**करछना।** थाना क्षेत्र के गधियाव गांव स्थित मिजार्पुर हाईवे के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से उत्कर्ष उपाध्यक्ष 19 पुत्र पवनेश उपाध्याय की मौके पर मौत हो गई जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगो के साथ परिवार के लोग मौके पर पहुंचे जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कबजे में लेकर पोस्टमार्टम भेजना चाहा लेकिन परिवार के लोग पोस्टमार्टम से साफ इन्कार कर दिया जिसके बाद परिजनों ने लिखापढ़ी के साथ शव घर ले जा कर अन्तिम संस्कार कर दिया उत्कर्ष उपाध्यक्ष के बाबा भगवान प्रसाद उपाध्याय भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक है और पिता पवनेश उपाध्याय पत्रकार के साथ साथ विद्यालय भी चलाया करते थे रोज की तरह उत्कर्ष घर से विद्यालय खोलने के लिए रेलवे पटरी क्रास कर रहा था जैसे ही वह नई रेलवे लाइन पर चढ़ा वह ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी दर्द नाक मौत हो गई जानकारी के बाद पत्रकार संघ की ओर से इस दुःखद विदारक दुःख की घड़ी में शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की मृत आत्मा को शांति प्रदान करने, संतोष यादव, मुदित प्रताप सिंह,अभय सिंह, सुनील मिश्रा, आजाद सिंह, विकास पाण्डेय, सहित विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी आदि शोक व्यक्त किया।


## विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है। निम्न विशेष रेलगाड़ियाँ अपने निर्धारित समय, ठहराव एवं मार्ग पर चलेंगी, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या | स्टेशन से स्टेशन तक | आवृत्ति (दिन) | अतिरिक्त फेरे |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 04141 | सूबेदारगंज-उधमपुर | सप्ताह में 02 दिन (सोम, शुक्र) | 02.01.2023 से 30.01.2023 = 09 फेरे |
| 2 | 04142 | उधमपुर-सूबेदारगंज | सप्ताह में 02 दिन (मंगल, शनि) | 03.01.2023 से 31.01.2023 = 09 फेरे |
| 3 | 01025 | दादर-बलिया | सप्ताह में 03 दिन (सोम, बुध, शुक्र) | 02.01.2023 से 27.02.2023 = 25 फेरे |
| 4 | 01026 | बलिया-दादर | सप्ताह में 03 दिन (बुध, शुक्र, रवि) | 04.01.2023 से 01.03.2023 = 25 फेरे |
| 5 | 01027 | दादर-गोरखपुर | सप्ताह में 04 दिन (मंगल, गुरु, शनि, रवि) | 01.01.2023 से 28.02.2023 = 34 फेरे |
| 6 | 01028 | गोरखपुर-दादर | सप्ताह में 04 दिन (सोम, मंगल, गुरु, शनि) | 03.01.2023 से 02.03.2023 = 34 फेरे |

नोट:- गाड़ी सं. 01025/01026 दादर-बलिया एवं 01027/01028 दादर-गोरखपुर विशेष गाड़ियों का उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी मण्डल के दुरियागंज (DURIYAGANJ - DAYG) स्टेशन पर अग्रिम आदेश तक प्रायोगिक ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से स्टेशन तक | स्टेशन (नाम व कोड) | ठहराव समय | प्रभावी तिथि (यात्रा प्रारंभ की तिथि) से अग्रिम आदेश तक |
|---|---|---|---|---|
| 01025 | दादर-बलिया | दुरियागंज (DURIYAGANJ) (DAYG) | 11:13 - 11:15 | 01.01.2023 से 31.01.2023 तक |
| 01026 | बलिया-दादर | | 06:30 - 06:32 | |
| 01027 | दादर-गोरखपुर | | 11:13 - 11:15 | |
| 01028 | गोरखपुर-दादर | | 06:30 - 06:32 | |

नोट:- उपरोक्त ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे 1734/22 (A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR


### प्रधानमंत्री के मॉ के निधन पर शोक सभा आयोजित

**सहसों।** आज ब्लॉक सहसो गंगा पार प्रयागराज में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मां नरेंद्र मोदी जी की माता जी हीराबेन के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया इस सभा की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख श्रीमती गीता सिंह ने किया उन्होंने कहा की ऐसी माता को बारंबार प्रणाम है जिन्होंने नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री देश को दिया है जो देश की लाखों माताओं के दुख दर्द को समझते हैं और उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह जी ने कहा एक माता ने अपने पुत्र को संस्कार दिए हैं कि देश के गरीब एवं शोषित वंचित समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं ।इसके पश्चात सभी लोगों ने 2 मिनट का मोहन रखते हुए उस महान आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश बहादुर सिंह सांसों मंडल के अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज सास्वत अशोक तिवारी डॉ राजेंद्र वर्मा संतोष सिंह संतोष सिंह महेश सिंह राजेश कुमार सरोज राज धर दुबे श्रीकांत तिवारी पंचायत सेक्रेट्री नरेंद्र दुबे अशोक पाल तीर्थराज सिंह विजय गौतम संजय सिंह सुभाष शुक्ला विजय सरोज सोनू सिन्हा उमेश कुमार प्रदीप यादव ललित कुमार राजन अंजनी कुमार प्रसिद्ध नारायण पांडे लक्ष्मी कांत पांडे राम सुधार बिंद अरविंद सुशील सिंह रमेश पटेल मोहम्मद कामरान बाल गोविंद तिवारी धर्मेंद्र यादव अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मैराथन दौड़ के साथ कोरांव महोत्सव की हुई शुरूआत

**कोरांव मैराथन में बालक वर्ग में गणेश बालिका वर्ग में कंचन ने मारी बाजी**

**कोरांव।** 21वे कोरांव महोत्सव की मैराथन दौड़ प्रतियोगिता को शनिवार सुबह डॉ अनिल पांडे जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त पटेल सपा नेता राजू चौबे ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन प्रभारी शैलेश सिंह शैलू अरविंद तिवारी सुमित पांडे सत्यम द्विवेदी द्वारा विशेष सहयोग किया गया। मैराथन में पुरुष वर्ग में मिजार्पुर के गणेश कुमार ने प्रथम प्रयागराज के शैलेश कुशवाहा ने द्वितीय प्रयागराज के ही अनिल सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में कोरांव के बैदवार गांव निवासी कंचन मिश्रा ने प्रथम रतयोरा की वर्षा कुशवाहा ने द्वितीय एवं प्रयागराज की कंचन सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मैराथन प्रतियोगिता सरदार पटेल इंटर कॉलेज से शुरू होकर गीता ज्ञान अकैडमी के पास समाप्त हुई। महोत्सव के संस्थापक/संयोजक कृष्ण मुरारी द्विवेदी शशी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए स्वागत किया एवं आगामी एक दो एवं 3 जनवरी को होने वाले कोरांव महोत्सव में सहभागिता करने की अपील की। इस दौरान प्रमुख रुप से भोला नाथ पांडे गणेश शंकर तिवारी गिरीश मिश्रा गणेश प्रसाद मिश्रा अनूप मिश्रा सुशील शुक्ला अंशु मिश्रा आदि सहयोगी मौजूद रहे।



फीता काटकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि

### दलित को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मामूली बात को लेकर दलित को दबंग ने दौडा दौडा कर पीटा पुलिस ने एक के खिलाफ एस सी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कहली बादलपुर निवासी संजीव कुमार सरोज पुत्र भोलानाथ सरोज का आरोप है कि मामूली बात को लेकर एक दबंग युवक ने उसे दौडा दौडा कर फीटा और जाति सूचक गालियां भी दी। और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। संजीव कुमार सरोज ने मऊआइमा थाने में फूलचंद्र पटेल पुत्र हीरामणि के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया है।

समस्त क्षेत्रवासियों एवं ईष्ट मित्रों को नव वर्ष एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
2023
तिरुपति बिल्डिंग मटेरियल
हार्डवेयर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी
प्रो0- रवि कुमार पाण्डेय
पता- माधोराम का पूरा सराय बूसुफ, बरेठी, प्रयागराज
मो0: 9935174931

समस्त क्षेत्रवासियों एवं ग्रामवासियों को नव वर्ष एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
2023
मयूर टेलर्स
प्रो0- समाजसेवी-मकसूद अहमद
पता- शुक्ला मार्केट, बलरामपुर, बरेठी, प्रयागराज मो0: 9956003692

महाविद्यालय परिवार की ओर से छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को नव वर्ष एवं मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई
2023
एस.आर.सिंह.आर.बी.सिंह पीजी कॉलेज
प्रबंधक- राम बहादुर सिंह
पता-मोतिहां, हंडिया, प्रयागराज। मो0: 8853264243

समस्त क्षेत्रवासियों एवं ग्रामवासियों को नव वर्ष एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
2023
मैशरा जुबैर पत्नी बेलाल अहमद
(ग्राम प्रधान)
ग्राम सभा मंझौर, जगतपुर
ब्लॉक बहादुरपुर, प्रयागराज
मो0: 8418920577

समस्त क्षेत्रवासियों एवं ग्राम वासियों को नव वर्ष एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
2023
श्री कृष्ण वस्त्रालय
प्रो0- विकास केसरवानी
बलरामपुर बाजार, बरेठी, प्रयागराज मो0: 9936725030

समस्त क्षेत्रवासियों एवं ग्राम वासियों माता-बहनों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
2023
(ग्राम प्रधान)
मो0: 9794033766

समस्त ग्राम वासियों एवं ईष्ट मित्रों को नव वर्ष एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
2023
राजीव कुमार यादव
(ग्राम प्रधान)
पहाड़पुर, जगतपुर, ब्लॉक बहादुरपुर, प्रयागराज। मो0: 8400588562

महाविद्यालय परिवार की तरफ से छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
2023
लाला प्रसाद कुशवाहा महाविद्यालय
प्रबंधक अभयराज सिंह
मो0: 9794542415

समस्त जनपदवासियों एवं ग्राम वासियों को नव वर्ष एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
2023
आस्था वृद्ध नवजीवन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट
संस्थापक/अध्यक्ष अश्वनी कुमार
पता-कहरा, हनुमानगंज, प्रयागराज। मो0: 8419860565

विद्यालय परिवार की ओर से छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
2023
केडी पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज व कमता देवी प्राइवेट आई.टी.आई.
प्रबंधक डॉ0 नागेन्द्र सिंह
पता- नीमीथरिया, उतरांव, प्रयागराज

समस्त क्षेत्रवासियों एवं ईष्ट मित्रों को नव वर्ष एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
2023
डॉ0 अवनीश पटेल
(चिकित्सा प्रभारी)
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जगतपुर,
गोपालपुर, ब्लॉक बहादुरपुर, प्रयागराज

समस्त जनपदवासियों को एवं ग्राम वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
2023
गुरू कृपा इंटरप्राइजेज एवं केसरवानी फर्नीचर हाउस
पता- बलरामपुर बरेठी, प्रयागराज मो0: 9450617405

समस्त क्षेत्रवासियों एवं ईष्ट मित्रों को नव वर्ष एवं मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई
2023
न्यू अजय क्लॉथ सेंटर
प्रो0-दिलीप कुमार
पता-बलरामपुर, बरेठी, प्रयागराज। मो0: 9956487768

HAPPY NEW YEAR 2023 नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
छत्रपति शिवाजी डिग्री कालेज
D.El.Ed. (B.T.C.) BCA
B.A., B.Sc. B.Com.
I.T.I, LL.B
अध्यक्ष हनुमत सिंह
प्रबंधक अनिरुद्ध सिंह पटेल
छत्रपति शिवाजी ऋषिकुल
Classes Nursery to 6th
CBSE पैटर्न पर आधारित
सहसों, प्रयागराज

2023
नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश बहादुर सिंह
श्रीमती गीता सिंह ब्लॉक प्रमुख - सहसों
शिव नारायण सिंह समाजसेवी

नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
वार्ड नं0 75 झूंसी कोहना
भाजपा पार्षद पद भावी प्रत्याशी-
श्रीमती आरती पिन्टू अग्रवाल
जिलाध्यक्ष-महिला मोर्चा गंगापार, प्रयागराज।
मो0: 9140217150

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
वीरेन्द्र सिंह
प्रधानाध्यापक
उच्च प्राथमिक विद्यालय
संविलियन, शंकरगढ़, प्रयागराज

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. प्रताप सिंह
डायरेक्टर
सतगुरू हॉस्पिटल
शिवराजपुर, शंकरगढ़, प्रयागराज

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
गनेश कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-ओसा, शंकरगढ़, प्रयागराज

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
सबका साथ सबका विकास
नगर पंचायत शंकरगढ़ के विकास में प्रयत्नशील
रोहित केसरवानी
भारतीय जनता पार्टी जमुनापार प्रयागराज
Mob.: 9450403089, 9919568810

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. प्रभाकर सिंह
प्रबन्धक
प्रज्ञा नर्सिंग होम
नारीबारी रोड, पशु अस्पताल के पास, शंकरगढ़, प्रयागराज

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुपम सिंह
2023 HAPPY NEW YEAR
अनुपम फिलिंग स्टेशन
गाढ़ा कटरा, शिवराजपुर, शंकरगढ़, प्रयागराज

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
शैलपति यादव
खण्ड शिक्षा अधिकारी
2023 HAPPY NEW YEAR
शंकरगढ़, प्रयागराज

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. प्रमोद सिंह
प्रबंधक
सी एल एस केयर & क्योर हॉस्पिटल
नारी बारी रोड
रानीगंज, शंकरगढ़, प्रयागराज

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
ऋषि चावला
सिलिका सैंड सप्लायर
शिवराजपुर
शंकरगढ़, प्रयागराज

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. विकास यादव
प्रबंधक
एस वी एस नर्सिंग होम
नगर चौराहा
नारीबारी रोड, शंकरगढ़, प्रयागराज

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
महेश सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-बेमरा, शंकरगढ़, प्रयागराज

नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती विजय लक्ष्मी सिंह चन्देल
पत्नी-संजय सिंह
ग्राम प्रधान-बालापुर
पूर्व जिला मंत्री-भाजपा गंगापार
प्रयागराज।

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र बहादुर सिंह
डायरेक्टर
एस बी एस एकेडमी
मोदी नगर, लाइनपार
शंकरगढ़, प्रयागराज

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
अनय प्रताप सिंह
प्रधानाचार्य
राजा कमलाकर इण्टर कालेज
शंकरगढ़, प्रयागराज

समस्त क्षेत्रवासियों व नगर वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
चंद्रा नर्सिंग होम
डॉ. आर. के. सिंह
प्रबंधक
राम भवन चौराहा, शंकरगढ़, प्रयागराज

## संक्षेप

### समिति का भवन जर्जर, चरवा में बांटी जा रही खाद

**कौशाम्बी।** विक्स खंड चायल के चरवा स्थिति अयोध्या का पूरा के साधन सहकारी समिति का भवन जर्जर है। भवन में न तो बैठने की व्यवस्था है और न ही पहुंचने का सुगम रास्ता। खाद और बीज रखने के लिए भवन में कोई जगह नहीं है। इसको लेकर समिति को चरवा कस्बा स्थिति सोसाइटी से अटैच किया गया है। अध्यक्ष नंद किशोर ने बताया कि भवन खराब होने के कारण यह वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। समिति के नए भवन के लिए डिमांड की गई है।

### जनता इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में सिराथू तहसील क्षेत्र के पहाड़पुर में स्थित जनता इंटर कॉलेज की दो टीमों का चयन राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। जिसमें जूनियर टीम से संजना देवी व रानी देवी ने मिलकर कूड़ा कचरा प्रबंधन, प्रभाव एवं निस्तारण में नवाचार शीर्षक पर प्रोजेक्ट तैयार किया था। साथ ही साथ सीनियर टीम से स्नेहा देवी व शालिनी देवी ने मिलकर भूजल स्तर की गिरावट का अध्ययन और रोकथाम में नवाचार नामक शीर्षक पर प्रोजेक्ट तैयार किया था। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम पतंजलि ऋषि कुल स्कूल प्रयागराज में 24 से 26 दिसंबर तक हुआ। इसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश के 37 जनपदों के 82 बाल वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया जिसमें 21 बाल वैज्ञानिकों का चयन राष्ट्र स्तर के लिए हुआ इनमें दो बाल वैज्ञानिक स्नेहा देवी और संजना देवी जनता इंटर कॉलेज की हैं। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 27 से 31 जनवरी तक गुजरात के गांधीनगर में होगी राष्ट्र स्तरीय चयन होने पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें दोनों टीमों के बाल वैज्ञानिकों को ग्राम प्रधान सरिता चौरसिया, राज किशोर चौरसिया और प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिंह द्वारा शील्ड, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विज्ञान शिक्षक प्रताप सिंह को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दीवार ढही, मासूम की दबकर मौत



सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस

**हादसा**

**चरवा के सुधवर गांव में हुआ हादसा**

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली अंतर्गत पहाड़पुर सुधवर गांव में शनिवार की सुबह आचानक एक दीवार ढह गई। हादसे में एक बच्ची की दबकर मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देख आसपास रहे लोगों की सूचना पर पहुंची चरवा कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना का जिक्र करें तो सुधवर गांव निवासी रामबालक का एक मकान गांव स्थित तालाब किनोर स्थित था। शनिवार की सुबह उसकी पुत्री रंजना (7) घर के बाहर थी। इसी दौरान कच्चे गारा से उठी दीवार आचानक ढह गई। हादसे में रंजना की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गोशालाओं में संरक्षित गोवंशों को चारा का संकट

**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र की सरकारी कुछ गोशालाओं में इन दिनों चारे का संकट है। पशुपालन विभाग ने चारा ;भूसा आपूर्ति की जिम्मेदारी एक निजी कार्यदाई संस्था को दे रखी है। आरोप है कि गोशालाओं में चारा की डिमांड भेजने के बावजूद भी आपूर्तिकर्ता संस्था द्वारा कई दिनों तक चारा आपूर्ति नहीं की जाती। प्रधान व सरकारी कर्मचारियों द्वारा चारा आपूर्ति के लिए संस्था पर दबाव बनाने पर भूसा की जगह पुआल की कुट्टी आपूर्ति कर दी जाती है। इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को भी है लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है। संरक्षित बेसहारा मवेशियों की भूख मिटाने के लिए ग्राम प्रधान और कर्मचारी अपने स्तर से भूसे या पुआल की व्यवस्था कर रहे हैं।

चायल क्षेत्र में कुल 22गोशालाएं हैं। जहां पर बेसहारा मवेशियों को संरक्षित किया गया है। पशुपालन विभाग द्वारा चायल क्षेत्र की गोशालाओं में चारा आपूर्ति का टेंडर सहयोगी इंटरप्राइजेज नामक संस्था को दिया गया है। क्षेत्र की कई गोशालाओं में इन दिनों चारे का संकट है। ग्राम प्रधानों और कर्मचारियों द्वारा चारा आपूर्तिकर्ता संस्था को डिमांड भी भेजी गई है। डिमांड भेजने के चार पांच दिन गुजर जाने के बाद भी आपूर्तिकर्ता संस्था द्वारा चारा की आपूर्ति नहीं की गई है। ऐसे में बेसहारा मवेशियों के पेट भरने का संकट खड़ा हो रहा है। ताजा मामला नेवादा ब्लाक के नूरपुर हाजीपुर गांव स्थित गोशाला का है। प्रधानपति श्यामबाबू के मुताबिक आपूर्तिकर्ता संस्था को पांच दिनों पहले भूसा की डिमांड भेजी जा चुकी है।कई बार संस्था के ठेकेदार को फोन कर अवगत भी कराया गया है लेकिन आज तक भूसा आपूर्ति नहीं हो सकी। ऐसे में वह अपनी निजी व्यवस्था से पुआल और बाजरे के लट्ठे की कुट्टी से गोशाला में संरक्षित मवेशियों का पेट भर रहे हैं। कुछ ऐसा ही हाल चकपिनहा गांव स्थित गोशाला का है। केयरटेकर रतऊ के मुताबिक गोशाला में भूसा नहीं है। आपूर्तिकर्ता संस्था को ग्राम प्रधान द्वारा भूसा आपूर्ति के लिए मांग भेजी गई थी लेकिन संस्था के ठेकेदार द्वारा भूसे की जगह पुआल की कुट्टी भेज दी गई है। जैतपुर पूरेहजारी गांव स्थित गोशाला में भी समय से संस्था द्वारा समय से चारा आपूर्ति नहीं की जाती। प्रधानपति रामबाबू ने बताया कि फिलहाल उनके यहां वर्तमान में पर्याप्त भूसा उपलब्ध है लेकिन उन्होनें संस्था द्वारा घटतौली कर भूसा आपूर्ति का आरोप लगाया है।चारा आपूर्तिकर्ता संस्था की लापरवाही की जानकारी उच्चाधिकारियों को भी है लेकिन वह जानबूझकर अनजान बने हैं। ऐसे में बेसहारा मवेशियों की भूख मिटाने के लिए ग्राम प्रधान और कर्मचारी अपने स्तर से पुआल या भूसे की व्यवस्था कर रहे हैं।

# ओबीसी आरक्षण को लेकर सरदार सेना लामबंद, प्रदर्शन

**प्रदर्शन**

**आरक्षण बचाने के लिए तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

**चायल, कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को समाप्त किया जाने को लेकर सरदार सेना भी नाराज है। शनिवार को सेना का पदाधिकारियों ने चायल तहसील में प्रदर्शन कर तहसीलदार चायल को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने ओबीसी आरक्षण को बचाए रखने की मांग किया है।

सरदार सेना का जिलाध्यक्ष डॉ अनिरुद्ध सिंह पटेल की अगुवाई में इकट्ठा हुए कार्यकताओं ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि सरकार को निकाय चुनाव से पहले माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए ओबीसी की जातिगत जनगणना कर लेना चाहिए था लेकिन सरकार ने अपनी सोंची समझी रणनीति के जरिए जातिगत जनगणना का अकड़ा पूरा न कर आरक्षण को हाईकोर्ट के कठघरे में खड़ा कर दिया। तहसीलदार चायल दीपिका सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए जिलाध्यक्ष ने मांग किया कि प्रदेश सरकार को निर्देशित किया जाय कि तत्काल जातीय जनगणना कराकर ओबीसी को उसके आबादी के बराबर नगर निकाय में आरक्षण निर्धारित किया जाय। जब तक ओबीसी का आरक्षण लागू न हो पाये तब तक नगर निकाय चुनाव को रोका जाय। इसके साथ ही सरकार को तत्काल निर्देशित किया जाय कि सरकार ओबीसी समाज के न्याय हेतु मा. सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशित गाइडलाईन का पालन करके ओबीसी को सभी विधाओं में उसके आबादी के बराबर अधिकार सुनिश्चित किया जाय। इस दौरान प्रमुख रूप से बुद्धिसागर सिंह, अनिरुद्ध सिंह पटेल हंसराज सिंह राज सिंह सोम सिंह मैकूलाल पटेल जापान सिंह मोहम्मद शाहरूख आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### समितियों में आई यूरिया, टूट पड़े किसान

**कौशाम्बी।** यूरिया खाद के लिए भटक रहे किसानों के लिए शुक्रवार को उनके समितियों में खाद विभाग ने भेज दिया है। अब किसानों के इसके लिए भटकना नहीं पड़ेगा। शुक्रवार को जब समितियों में यूरिया खाद के खेप पहुंची तो किसानों के चेहरे खिल गए। सुबह से ही खाद के लिए समितियों में कतार लग गई। गेंहू फसल की लगभग नब्बे फीसदी बोआई हो चुकी है। फसल को एक पानी देने के बाद अब यूरिया की सख्त जरूरत है। पिछले एक सप्ताह से किसान यूरिया खाद के लिए समितियों में चक्कर काट रहे थे। लेकिन खाद नहीं होने के कारण किसान निराश भी थे। शुक्रवार को चायल क्षेत्र के अधिकतर समतियों में यूरिया खाद पहुंची तो लेने के लिए किसान टूट पड़े। चायल क्षेत्र की लगभग एक दर्जन समितियों में ढाई हजार एकड़ खेती के लिए यूरिया की खेप भेजी गई है। जरूरत पड़ने पर डिमांड के हिसाब से दोबारा खाद मंगाने की बात विभाग के अधिकारी कह रहें हैं। चायल कस्बा स्थिति साधन सहकारी समिति में तैनात एडीओ सहकारिता स्मिता जयसवाल ने बताया कि यूरिया खाद की खपत को देखते हुए पहली खेप में साथ टन यूरिया की खेप मंगाई गई है। शुक्रवार को यह खाद आ भी गई है।यदि जरूरत पड़ी तो दोबारा डिमांड भेज कर खाद को मंगाया जायेगा।

# पुलिस व जीएसटी टीम ने पकड़ा शराब से लदी ट्रक

**कौशाम्बी।** जिले की पुलिस व जीएसटी टीम को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। शुक्रवार को हरियाणा प्रांत से बिहार के समस्तीपुर जा रही 50 लाख रुपए कीमत की अंग्रेजी शराब पेस्टिसाइज दवा के कार्टून से भरी कंटेनर ट्रक को टीम ने पकड़ा है। इस दौरान पुलिस ने प्रयागराज जनपद के एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। हालांकि कोखराज पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि प्रयागराज की टीम ने 24 दिसंबर को एक ट्रक पकड़ा और ट्रक चालक से कागजात मांगे लेकिन चालक कागजात नही दिखा सका, जिसके बाद प्रवर्तन दल की टीम ने ट्रक को कोखराज थाना पर खड़ा करा दिया और जांच में जुटी रही लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी में प्रवर्तन दल की टीम ने ट्रक का ताला तोड़कर देखा तो पूरी ट्रक हरियाणा प्रांत की बनी हुई अंग्रेजी शराब से भरी हुई थी।

कंटेनर ट्रक में अंग्रेजी शराब मिलने के बाद पुलिस की सूचना पर जिले भर की आबकारी विभाग की टीम भी पहुंची और कार्यवाई शुरू कर दी। पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने पकड़ी गई अंग्रेजी शराब की गिनती की तो बड़े बड़े कार्टून के अंदर मैकडावल नंबर 01 ब्रांड की 450 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। बरामद अंग्रजी शराब की कीमत लगभग 50 से 55 लाख रुपए बताई जा रही है। अंग्रेजी शराब की बरामदगी के बाद पुलिस,आबकारी और जीएसटी टीम के अधिकारी जांच में जुटे हुए है।



पुलिस की गिरफ्त में शराब लदी ट्रक

# उदयराज इण्टर कॉलेज कनैली में शिक्षक एवं अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में मौजूद लोग

**कनैली, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी क्षेत्र के उदयराज इण्टर कॉलेज कनैली में शनिवार को शिक्षक एवं अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान बालकों के सर्वांगीण विकास हेतु विशेष चर्चा करते हुए कहा कि बालकों के विकास में अभिभावकों की प्रमुख कड़ी होती है। बिना अभिभावकों के सहयोग के बालक का विकास संभव नहीं है।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्रबंधक चितरंजन सिंह ने बताया कि अभिभावक विद्यालय द्वारा बताये गये गृह कार्य को डायरी में प्रतिदिन अवलोकन करें जिससे बच्चों की प्रतिदिन शिक्षा ग्रहण करने का अंदाजा उन्हें भी लगता रहेगा और बच्चे में भी भय बना रहता है कि हमारे कार्य को अभिभावक जरूर देखेंगे। अभिभावकों निगम त्रिपाठी ने कहा कि विद्यालय विकास की वह कुंजी है कि जिससे ज्ञान से अज्ञान के ताले स्वतरू खुल जाते हैं। जिसमें गुरुजनों की बड़ी अहम भूमिका होती है। इसी क्रम में रामबाबू सरोज व संदीप मिश्र, ने कहा कि उदयराज इण्टर कालेज कनैली क्षेत्र में ऐसा कालेज है कि यहां के बच्चों की प्रतिभा किसी से छिपी नहीं है। बोर्ड परीक्षा में जिले में कई छात्रों ने अच्छा स्थान लाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाने का कार्य किया है। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य लाखन सिंह ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को टापर छात्रों से प्रेरणा लें और छात्रों को अभिभावकों को यह चाहिए कि उनकी जरूरतों को पहले पूरा करें और उनकी समस्याओं का समय.समय पर समाधान करते रहें तो छात्रों का मन शिक्षा में मन पूर्ण रूप से लगा रहता है, अगर उनकी जरूरतें समय पर नहीं पूरी हुई तो छात्र दुखी हो जाते हैं। ऐसे ही छात्र शिक्षा में कमजोर हो जाते हैं,गोष्ठी में आये हुए अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अध्यापकगण मनीष, शिवकुमार, राजेश, अतुल, रजनीश , जगदीश, शेषधर, अलोक, अजय एवं शिक्षिका मंजू, प्राची,रेशमा,सन्नो,दीपा, आदि लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

# प्रदेश अध्यक्ष बसपा का प्रयागराज में प्रथम आगमन पर हुआ स्वागत

**प्रयागराज।** शनिवार को शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया इकाई प्रयागराज के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष शेफर्ड धामूपाल जी के अगुवाई में बहुजन समाज पार्टी में नवनियुक्त उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष माननीय विश्वनाथ पाल जी का प्रयागराज में तेलियरगंज चौराहे पर एकत्रित होकर गगनभेदी नारो के साथ माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने की कड़ी में प्रदेश संयोजक एडवोकेट आशीष कुमार पाल जिला अध्यक्ष एडवोकेट श्याम चंद्रपाल जिलाध्यक्ष यमुनापार लालबाबू पाल जिला संरक्षक डॉ सुरेश पाल जिला उपाध्यक्ष राम अनुज पाल एडवोकेट माता प्रसाद पाल हाईकोर्ट मंडल अध्यक्ष दिनेश पाल उमेश पाल मीडिया प्रभारी हरनामू पाल दिलीप पाल पंकज पाल विशाल पाल रमेश पाल जय प्रकाश पाल महेंद्र पाल जय किशन पाल आदि तमाम लोग उपस्थित होकर स्वागत किया।

# स्टेशन पर चला चेकिंग अभियान, पांच ई-रिक्शा का चालान



नए वर्ष की पूर्व संध्या पर चेकिंग अभियान चलाते जीआरपी और आरपीएफ

**प्रतापगढ़।** नववर्ष की पूर्व संध्या पर सुरक्षा की दृष्टि के मद्देनजर राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने शनिवार को रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यात्रियों की सामानों की तलाशी ली गई। उन्हें चोर उचक्कों के बारे में जागरूक किया गया। कोई संदिग्ध दिखे उसके बारे में सूचित करने के लिए यात्रियों से कहा गया। पुलिस ने नो एंट्री में खड़े पांच ई रिक्शा का चालान भी किया। पोर्टिको के आसपास खड़े वाहनों को हटवाया। ट्रेनों की सघन चेकिंग हुई। जो भी संदिग्ध दिखा। कड़ी पूछताछ के बाद ही उसे जाने दिया गया। चेकिंग टीम की अगुवाई एसओ जीआरपी मोहम्मद राशिद खान कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नए वर्ष की पूर्व संध्या पर ट्रेनों और प्लेटफार्म की सघन चेकिंग कराई गई। यात्रियों को जागरूक किया गया।

# नव वर्ष की धूम में फूलों से सजा शीतला धाम



फूलों से सजी कड़ा घाम

**दारानग, कौशाम्बी।** नववर्ष के उपलक्ष्य शाक्तिपीठ कडाधाम मन्दिर को फूलो से सजवाया गया। नगर पंचायत कडा. में स्थित शाक्तिपीठ माता शीतला का मन्दिर नववर्ष के एक दिन पूर्व विभिन्न प्रकार के फूल मालाओं व लाइटिंग से सजवाया गया।

बता दे कि कडाधाम कौशांबी जिले का प्रमुख तीर्थ स्थल है और इस धाम में प्रदेश के कोने कोने से श्रद्धालु भक्त आते रहते हैं। मन्दिर प्रबंध समिति शाक्तिपीठ कडाधाम के अध्यक्ष उदय पान्डेय ने बताया कि इस नववर्ष के प्रथम दिन भारी संख्या में श्रद्धालू भक्त माता शीतला के दर्शन को आते है और माता आशीर्वाद प्राप्त करते हैं साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि इस बार माता की भव्य आरती करवायी जाएगी व आने वाले श्रद्धालु भक्तो को प्रसाद भी वितरित किया जाएगा।

### पीएम नरेंद्र मोदी के माताजी के निधन पर भाजपाइयों ने की श्रद्धांजलि सभा

**नवाबगंज।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शक्ति केंद्र हथिगहां में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीरा बेन को भाजपा विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रहकर ईश्वर से प्रार्थना की भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। क्षेत्रीय विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानंमत्री नरेन्द्र मोदी जैसे पुत्र को जन्म देने वाली उस मां को मै नमन करता हूं उस दिव्य आत्मा को बारंबार प्रणाम करता हूं। वहीं मंडल महामंत्री ऋतु राज पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की मां ने अपना जीवन एक तपस्विनी की तरह कई कठिनाइयों का सामना करते हुए 100 वर्षों तक जिया है भगवान उन्हे अपने चरणों में स्थान दें तथा प्रधनमंत्री सहित उनके पूरे परिवार को यह दुख सहने की छमता प्रदान करें। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू पाल भाजपा मंडल महामंत्री ऋतु राज पांडेय,संतोष विश्वकर्मा,शक्ति केंद्र संयोजक राम आसरे मौर्य,वार्ड अध्यक्ष ओंकार नाथ त्रिपाठी, धीरेंद्र आदि रहे।

# उमरे महाप्रबंधक ने ट्रैक मशीन केंद्रीय आवधिक ओवरहॉलिंग कारखाने का किया निरीक्षण



ट्रैक मशीन केंद्रीय आवधिक ओवरहॉलिंग कारखाने का निरीक्षण करते उमरे महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** शनिवार को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा श्री सतीश कुमार ने सूबेदारगंज, प्रयागराज स्थित ट्रैक मशीन केंद्रीय आवधिक ओवरहॉलिंग कारखाने का निरीक्षण किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कारखाने में भारतीय रेल की ट्रैक अनुरक्षण मशीनों की अनुरक्षण प्रक्रिया को देखा। इस दौरान उन्होंने कारखाने के विभिन्न सेक्शनों और प्रक्रिया का अवलोकन किया। अपने निरीक्षण के क्रम में श्री सतीश कुमार ने कहा कि, ट्रैक मशीनें रेल पथ के अनुरक्षण में अतिमहत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कारखाने द्वारा मेंनटेनेंस के लिए आने वाली सभी मशीनों का उचित रिकॉर्ड रखने साथ ही अनुरक्षण के उपरांत फील्ड में जाने पर भी उनके परफॉर्मेंस को मॉनीटर करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि, उनमें पीओएच के उपारांत कुछ समस्या या फेलियर आने पर उसका गहन अवलोकन एवं आंकलन किया जाए।

इसी क्रम में उन्होंने निर्देशित किया कि, सभी पीओएच रिकॉर्ड का डिजिटलाइजेशन किया जाए और विभिन्न पीओएच कार्यों और मॉडिफिकेशन का फोटोग्राफिक रिकॉर्ड भी रखा जाए।

उन्होंने आगे कहा कि, सीपीओएच/प्रयागराज ट्रैक अनुरक्षण के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान है और इसको सभी जोनल रेलों के साथ नॉलेज शेयरिंग प्लेटफॉर्म के रूप में भी विकसित करना चाहिए। उन्होंने आगे निर्देशित किया कि, पिछले कुछ दिनों में उत्तर मध्य रेलवे में ट्रैक मशीनों में आई समस्याओं का गहराई से आंकलन किया जाए और भविष्य में ऐसी समस्याएं ना आएं इसको सुनिश्चित किया जाए।

इस दौरान उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# समस्त क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों को नव वर्ष 2023 की हार्दिक बधाई


दिव्यांगोत्थान श्रीराम सेवा न्यास प्रयागराज
(समाज सेवा ही एक मात्र लक्ष्य)
समस्त दिव्यांगजनों व जनपदवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023 HAPPY NEW YEAR
दिव्यांगोत्थान टीम
रुचि तिवारी
पूर्व प्रधान-जेवनियाँ
अभिषेक तिवारी
अधिवक्ता-उच्च न्यायालय
निवास-जेवनियाँ, उरुवा, मेजा, प्रयागराज

2023 Happy New year
पप्पू दुबे
(ग्राम प्रधान-जेरा)
रोहित भारतीय
(ग्राम विकास अधिकारी)
उरुवा, मेजा, प्रयागराज।
(गांव का सर्वांगीण विकास ही लक्ष्य)

2023 Happy New year
केशव प्रसाद
(ग्राम प्रधान-कनिगड़ा)
रोहित भारतीय
(ग्राम विकास अधिकारी)
उरुवा, मेजा, प्रयागराज।
(गांव का सर्वांगीण विकास ही लक्ष्य)

प्रयागराज के समस्त नागरिकों को नूतन वर्ष की मंगल कामना।
योगेश शुक्ल जी
(वरिष्ठ भाजपा नेता)
विनय कुमार
(पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य।)
मेजा
संपर्क- 9170801199, 9170801119
(भारतीय जनता पार्टी, प्रयागराज)

समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
Happy New year 2023
श्रीमती रेनू • मिथिलेश पाण्डेय
ग्राम प्रधान-पकरी सेवार, उरुवा, मेजा, प्रयागराज
(गांव का सर्वांगीण विकास ही लक्ष्य)

मेजा पब्लिक स्कूल परिवार की तरफ से सभी को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
(नये सत्र का प्रवेश प्रारंभ) 2023
नए सत्र से सैनिक स्कूल व नवोदय स्कूल में प्रवेश के लिए विशेष तैयारी के लिए स्कूल में संपर्क करें।
स्कूल में बच्चों के लिए हॉस्टल उपलब्ध।
डॉ. अमरेश तिवारी
डायरेक्टर-मेजा पब्लिक स्कूल

2023 HAPPY NEW YEAR
मानस पेट्रोलियम
श्री सिद्ध हनुमान जी
मनीष उपाध्याय
कोहड़ार रोड, मेजारोड, प्रयागराज।

Happy New year
नीरज यादव
प्रधान प्रतिनिधि-रामनगर
प्रधान-श्रीमती संगीता
उरुवा, मेजा, प्रयागराज।

2023 HAPPY NEW YEAR
प्रबंधक
दुर्गा प्रसाद गुप्ता
बी0डी0 सेंट्रल एकेडमी
सी0बी0एस0ई0 पैटर्न, (इंग्लिश मीडियम)
खानपुर, मेजा रोड, प्रयागराज

2023 HAPPY NEW YEAR
राजेश द्विवेदी
प्रधान संघ उरुवा
प्रधान-सोरांव
पता-सोरांव
उरुवा, प्रयागराज
डायरेक्टर-
विद्यावती हास्पिटल
स्टेशन रोड
मेजा रोड
समस्त सुविधाएं उपलब्ध

विनय सिंह
Happy New year 2023
प्रो0-मेसर्स जय शिव शक्ति
अजय ईंट उद्योग
डोरवा, सिरसा, प्रयागराज।

समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
गौरी देवी हॉस्पिटल
2023
संचालक-
डॉ. एन.के. मंडल
रामपुर, कोहड़ार रोड,
मेजारोड, प्रयागराज।

2023 HAPPY NEW YEAR
ज्ञान चन्द्र मिश्र
ग्राम प्रधान - कोटहा
संरक्षक-प्रधान संघ उरुवा, मेजा
उरुवा मेजा, प्रयागराज।

2023 HAPPY NEW YEAR
अजीत सिंह
Happy New year
डायरेक्टर-चाइल्ड हेल्प डेस्क
रेलवे चाइल्ड लाईन
कठौली, मेजा, प्रयागराज। 2023

Happy New year 2023
राजीव तिवारी
जिलाध्यक्ष
अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद
राष्ट्रीय बजरंग दल यमुनापार
(काशी प्रान्त) पावरट्रैक ट्रैक्टर
मेजा, प्रयागराज।

समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
जीवन रक्षा हॉस्पिटल
2023 HAPPY NEW YEAR
जानकीगंज, मेजा रोड, प्रयागराज।
यहां पर एम्बुलेंस सहित सभी जांच एवं इलाज व इमरजेंसी सुविधाएं उपलब्ध।

2023 HAPPY NEW YEAR
दिलावर सिंह
वरिष्ठ समाजसेवी/कांट्रेक्टर
लोक निर्माण विभाग
निवास-चपरतला, मेजा, प्रयागराज।

समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023
संदीप तिवारी
ग्राम प्रधान-लखनपुर
मेजा, प्रयागराज।
(गांव का सर्वांगीण विकास ही लक्ष्य)

2023 HAPPY NEW YEAR
रीतू पटेल
प्रधान -बेदौली
प्रधान प्रतिनिधि-(अधिवक्ता) जय सिंह

Happy New year
पंकज तिवारी (प्रधानाचार्य)
श्रीनाथ तिवारी इंटर कॉलेज, खानपुर मेजा
संरक्षक
SBSN PUBLIC School, KHANPUR

2023 HAPPY NEW YEAR
नया साल आप के जीवन में आरोग्य, सुख, समृद्धि और यश लाए, ऐसी प्रभु से कामना है।
सेंट पीटर्स स्कूल
छतवा, सिरसा, प्रयागराज
प्रधानाचार्या
शिवानी खेड़ा सोनी

2023 HAPPY NEW YEAR
अंकित खेरा
सेंटपिटर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल
जनवार, मेजारोड, प्रयागराज

Happy New year
सुनीता हॉस्पिटल
संचालक - सुनीता श्रीवास्तव
नोट-हमारे यहां सभी एमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध है
चिरैयामोड़, रामनगर, मेजा, प्रयागराज।

।।जय माता दी।। ।।जय बाबा बरमदेव।।
आप सभी ग्रामवासियों एवं क्षेत्रीय जनमानस को
नव वर्ष 2023
मकर संक्रान्ति
गणतन्त्र दिवस
की
हार्दिक बधाई
महीप सिंह
मो0-9617920666
8109645000 पुत्र-स्व0 श्री शेष प्रताप सिंह
समाजसेवी एवं आगामी प्रधान पद प्रत्याशी ग्राम सभा परानीपुर
सौजन्य से- मे0 महीप कन्स्ट्रक्शन
भैरव शक्ति ईंट उद्योग बिसेनपुर, परानीपुर

2023 HAPPY NEW YEAR
सनातन एकता मिशन
प्रदेश उपाध्यक्ष
विजय कांत मिश्रा
निवास-नेवढ़िया, मेजा, प्रयागराज

2023 HAPPY NEW YEAR
कमला यादव
प्रबंधक-श्रीधर सिंह महाविद्यालय
गोसौरा खुर्द, मेजारोड, प्रयागराज।

2023
राहुल मिश्र (भाजपा नेता)
समहन, मेजा, प्रयागराज

Happy New year
डॉ. राममूर्ति यादव
दिव्य ज्योति हेल्थ सेंटर
रामनगर, मेजा, प्रयागराज
नोट-सभी प्रकार की सुविधाओं से लैस

आलोक तिवारी अतुल तिवारी
2023
संत कबीर स्टोन क्रशर
सींकी कला, मेजा, प्रयागराज
व्यवस्था प्रमुख-विकास तिवारी 'विक्की'

## इबारतें नये साल की



मुबारकबाद एक उम्मीद है/ मुबारकपुर में
जहाँ वे बचाए रहते हैं/ कुछ गर्मी, कूछ लम्हे,कुछ खुशी
और इतना खून कि लड़ा जा सके/ आने वाले वक़्तों में
वे चूल्हे की आग को /कभी बुझने नहीं देते
कि वहां राख में गुपचुप/ धधकती है मशालों की इबारतें
नये साल में अंधेरों के खिलाफ/ कि मुबारकबाद कहते
लोग /बचें रहें

– लीलाधर मंडलोई

## जनसंपादकीय


# अलविदा 2022, स्वागत 2023

ईसा के नव वर्ष 2023 का स्वागत और विदा हुए 2022 को नमस्कार। आज पहली जनवरी है। हैप्पी न्यू ईयर की शुभकामनाएं तैर रही हैं। आगे मकरसंक्रांति है। हर बरस आती है। इसका आधार दिक्काल है। इसी महीने अंग्रेजी कैलेंडर का नव वर्ष आता है। हैप्पी बोलने में ठसक है। अंग्रेजियत है। ह्यन्यू ईयरह्य आधुनिक है। लेकिन उधार की आधुनिकता स्वाभाविक नहीं होती। लेकिन भाई लोग हैप्पी न्यू ईयर बोल कर आधुनिक हो रहे हैं। कुछ बरस से गाँव देहात के निश्छल लोग भी ह्यहैप्पी न्यू ईयरह्य बोल रहे हैं। भारतीय काल गणना का नव वर्ष - संवत्सर चैत्र माह में आता है। तब हवांए मधुगंधा होती है। गीत गाते चलती हैं। लेकिन ह्यन्यू ईयरह्य हर साल कोहरे में आता है। हम भारत के लोग उत्सव प्रिय राष्ट्र हैं। इसलिए अंग्रेजी नववर्ष का एक उत्सव और जोड़ लेने में कोई हानि नहीं है। नववर्ष का ह्यनवह्य बड़ा रोचक है। यह नव प्रायः 9 का अर्थ देता है। जैसे ज्योतिष में नवग्रह शब्द चलता है। नवग्रह का नव नए का अर्थ नहीं देता। यह संख्यावाची है। नवमी एक माह में 2 बार आती है। यह तिथि है। लैटिन का नवंबर भी 9वां है। लेकिन अंग्रेजी कैलेंडर में 11वां माह है। लैटिन का सेप्ट अंग्रेजी का सितम्बर है। अंग्रेजी का सितम्बर सातवां है। इसी तरह ओक्ट - अक्टूबर आठवां है। लेकिन अंग्रेजी कैलेंडर में अक्टूबर 10वां और सितम्बर नवां है। नवयुवक का अर्थ भी नया है। नव या नए के मोहपाश में नवना या झुकना अच्छा नहीं।

तुलसी दास ने झुकने के लिए नवनि शब्द का सुंदर प्रयोग किया है। अंग्रेजी नववर्ष में हैप्पी बोलना विदेशी सभ्यता के सामने क्या नवनि ही नहीं है? मन प्रश्न करता है कि नववर्ष को हम सब जनवरी से ही क्यों प्रारम्भ करें? जनवरी में नवीनता का कोई आधार या रूपायन नहीं दिखाई पड़ता। हम कृषि प्रधान देश रहे हैं। कृषि नवान्न देती है। हम पुलकित होते हैं। लेकिन जनवरी में ऐसा नहीं होता। जनवरी में वन उपवन नवांकुर से भरे पूरे नहीं होते। जनवरी में लोक आनंदित नहीं होता। न नवच्छद उगते हैं और न नवगीत। जनवरी में कुछ भी नया नहीं होता। न रूप नया। न रस नया। न गंध नई। न स्पर्श नया। जनवरी में नदियां भी उल्लासपूर्ण नहीं होती। जनवरी की कड़ाके की सर्दी के कारण खांसते हाँफते हुए प्रकट होती है। जनवरी के स्वागत का मन नहीं करता। इसका न कोई प्रतीक है और न कोई प्रतिमान। काल गणना से तिथि, दिवस, मास, वर्ष और युग बनते हैं। पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है। वैदिक साहित्य के अनुसार वर्ष में 720 अहोरात्र होते हैं। अहोरात्र दिन रात के जोड़े हैं। परिक्रमा सीधी रेखा में नहीं चलती। यह वृत्ताकार होती है। वृत्ताकार गति में प्रथम और अंत नहीं होता। तो नया साल कहाँ से आया। नए साल की गिनती कहाँ से शुरू हुई और क्यों हुई? जनवरी से ही नए साल की गणना क्यों होती है? प्रतिशील विद्वान हमारा मार्गदर्शन करें। यहाँ 6 ऋतुयें हैं। बसंत ऋतुराज है। तब पूरी प्रकृति मदन गंध आकुल व्याकुल होती है। नया साल बसंत से क्यों नहीं शुरू होता? फाल्गुन में होली के गीत, नाचती ऋतुयें क्या नए साल के लिए पर्याप्त नहीं हैं? चैत्र में ठाठ मारता संवत्सर आता है। यही भारत का नववर्ष है और सृष्टि सृजन की मंगल मुहूर्त भी।

यूरोपीय विद्वानों ने पता नहीं क्यों 10 महीने का कैलेंडर बनाया था? उस कैलेंडर में सितम्बर सातवां महीना था। आठवां अक्टूबर था। नौवां नवम्बर था और दिसंबर दसवां। विवाद हुआ तो जनवरी फरवरी शुरू में जोड़ दी गई और सातवें से लेकर दसवें महीने तक की गिनती उलटी पुलटी हो गई। अंग्रेजी कैलेंडर की काल गणना में झोल है। विदेशी सभ्यता का प्रभाव गहरा होता जा रहा है। हम अंग्रेजी नववर्ष में हैप्पी होते हैं। बसंत में हमारे मन में आनंदरस नहीं उफनाता। नई पीढ़ी का एक वर्ग वैलेंटाइन को प्रेम का संत मानता है। भारत और ईसाईयत की संत परंपरा में मौलिक अंतर है। भारत में देव उपासना और ज्ञान प्राप्ति के लिए घर छोड़ कर आश्रमों में रहने वाले महानुभाव संत कहलाते हैं। ईसाईयत में संत होने की शर्तें हैं। चर्च किसी के संत होने का प्रमाणपत्र जारी करता है। तब कोई संत होता है। चर्च की संत सूची में वैलेंटाइन का नाम नहीं है। लेकिन यहाँ नई पीढ़ी का एक वर्ग वैलेंटाइन मनाता है। कथित प्रेम की अभिव्यक्ति में शील अश्लील के भेद मिट जाते हैं। भारत को भारतीयता की लय और छंद में उत्सवधर्मा होना चाहिए। आधुनिकता निरपेक्ष नहीं होती। यह परंपरा का विस्तार होती है। आज जिसे आधुनिकता कहते हैं वह सौ पचास वर्ष बाद परंपरा बन जाएगी।

अस्तित्व प्रतिपल नया है। हम सब प्रतिपल नए हैं। भूत और वर्तमान की कोई समय विभाजक रेखा नहीं है। वर्तमान प्रतिपल भूत हो रहा है। प्रतीक्षारत भविष्य और वर्तमान की आत्मीयता प्रतिपल नई उमंग देती है। यहाँ सब कुछ नया ही नया है। बीज फूट कर पौध बन रहे हैं। नई पत्तियां, कोपलें उग रही हैं। कली अभी खिली है। पुष्प नए हैं। मेघ नए हैं। बादल नए हैं। प्रकृति का हर एक रूप नया है। ऊषा नई है। सूर्य अरुण तरुण हैं। लेकिन इस नए का अलग अस्तित्व नहीं है। यह परंपरा का विस्तार है। भारतीय परंपरा में इसीलिए अस्तित्व को चिरंतन और सनातन कहा गया है। यह सदा से है। सदा रहता है। रूप रूप प्रतिरूप होकर पुनर्नवा होता रहता है। काल का जन्म हुआ है। ऋग्वैदिक ऋषियों के अनुसार एक समय ऐसा भी था जब समय नहीं था। प्रलय में गति नहीं होती इसलिए प्रलय में काल नहीं होता। दिन और रात भी नहीं होते। ऋग्वेद में सृष्टि सृजन के पूर्व का सुंदर वर्णन है। तब न रात्रि थी न दिन। न मृत्यु न अमृत्व। सब तरफ गहन अंधकार और जल ही जल। काल के जन्म के बाद भारतीय ऋषियों ने काल गणना शुरू की। यह आसान नहीं थी। इसके पहले कालबोध की आवश्यकता थी। ऋषियों में कालबोध था। दिन, रात, मास व वर्ष काल के अंग हैं। ऋग्वेद में काल प्रवाह के प्रथम बिंदु को संवत्सर कहा गया है। भारत का मन संवत्सर में लहकता है। अंग्रेजी नववर्ष भी यहाँ चलता है। पूर्वजों ने सभी दिशाओं से प्राप्त ज्ञान को राष्ट्रानुकूल बना कर सांस्कृतिक जीवन की रूपरेखा गढ़ी थी। विदा होते वर्ष 2022 में हमने मुलायम सिंह यादव, लता मंगेशकर, राजू श्रीवास्तव, स्वरूपानंद सरस्वती, साइरस मिस्त्री, राकेश झुनझुनवाला, शिव कुमार शर्मा, राहुल बजाज, बप्पी लाहिड़ी, बिरजू महाराज आदि अपने क्षेत्रों की महान विभूतियों को खोया भी है। इसी अवधि में भारत को पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति मिलीं। नए उपराष्ट्रपति मिले। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, मुख्य चुनाव आयुक्त सहित कई संवैधानिक प्रमुखों की नियुक्तियां हुईं। कोरोना, वैश्विक आर्थिक मंदी व युद्धरत तनाव के बीच भारत विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है। विनिर्माण, परिवहन, उद्योग, निर्यात आदि क्षेत्रों में नए कीर्तिमान गढ़े जा रहे हैं। वैश्विक आर्थिक भविष्यवेत्ताओं द्वारा भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान नववर्ष के लिए शुभ संकेत है।



**हृदयनारायण दीक्षित**
**लेखक उप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं**

## नए साल की शुभकामनाएं !

नए साल की शुभकामनाएँ!/ खेतों की मेड़ों पर धूल भरे पाँव को/ कुहरे में लिपटे उस छोटे से गाँव को/ नए साल की शुभकामनाएं!
जाँते के गीतों को बैलों की चाल को/ करघे को कोल्हू को मछुओं के जाल को/ नए साल की शुभकामनाएँ!
इस पकती रोटी को बच्चों के शोर को/ चौंके की गुनगुन को चूल्हे की भोर को/ नए साल की शुभकामनाएँ!
वीराने जंगल को तारों को रात को/ ठंडी दो बंदूकों में घर की बात को/ नए साल की शुभकामनाएँ!
इस चलती आँधी में हर बिखरे बाल को/ सिगरेट की लाशों पर फूलों से खयाल को/नए साल की शुभकामनाएँ!
कोट के गुलाब और जूड़े के फूल को/ हर नन्ही याद को हर छोटी भूल को/ नए साल की शुभकामनाएँ!
उनको जिनने चुन-चुनकर ग्रीटिंग कार्ड लिखे/ उनको जो अपने गमले में चुपचाप दिखे/नए साल की शुभकामनाएँ!



– सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

# रांगेय राघव का रिपोर्ताज : 'तूफानों के बीच'

**स्मरण**



**दिव्यानंद**





हिन्दी के रिपोर्ताज साहित्य के बीच रांगेय राघव का रिपोर्ताज ह्यतूफानों के बीचह्य (फरवरी, 1946, सरस्वती प्रेस, बनारस) एक महत्वपूर्ण कृति है. यह बंगाल के अकाल के ऊपर लिखा गया है. रिपोर्ताज मूलतः फ्रेंच शब्द है. शुरू में अंग्रेजी के रिपोर्ट को इसका समानार्थी समझा जाता था लेकिन ये दोनों अलग चीजें हैं. रिपोर्ट में किसी घटना का वस्तुनिष्ठ विवरण होता और रिपोर्ताज में स्थूल वास्तविकता और तथ्यपरकता की जगह सघन अनुभूति ले लेती है. रिपोर्ट में जहां यथातथ्यता पर जोर होता है, वहीं रिपोर्ताज में तथ्यों के साथ बिना किसी छेड़छाड़ के उसे कलात्मक और साहित्यिक ढंग से प्रस्तुत किया जाता है. इसकी शुरुआत पत्रकारिता से हुई लेकिन अब यह एक स्थापित साहित्यिक विधा है.

रिपोर्ताज विधा की शुरुआत द्वितीय विश्वयुद्ध के समय हुई. द्वितीय विश्वयुद्ध के समय अलग-अलग अखबारों के व्यावसायिक संवाददाता काम कर रहे थे. और वे युद्धभूमि से रिपोर्ट भेज रहे थे. उसी समय राष्ट्रवाद के उत्साह में या मानवीयता की भावना से प्रेरित होकर कुछ साहित्यकारों ने रिपोर्ट भेजने का काम अपने हाथों में लिया और इससे रिपोर्ट की प्रकृति बदल गयी. ये कलात्मक और संवेदना में ज्यादा गहरे होते थे. साहित्यकार की रिपोर्ट और व्यावसायिक संवाददाता की रिपोर्ट के इसी अंतर से रिपोर्ताज जैसी विधा का जन्म हुआ. महादेवी वर्मा ने इस विधा के बारे में जो लिखा है उससे बात और स्पष्ट हो जाती है. वो लिखती हैं, 'रिपोर्ट या विवरण से संबंधित रिपोर्ताज समाचार युग की देन है और उसका जन्म सैनिक की खाइयों में हुआ है। रिपोर्ताज का विकास रूस में हुआ। द्वितीय विश्व युद्ध के समय इलिया एहरेनबर्ग को रिपोर्ताज लेखक के रूप में विशेष प्रसिद्धि मिली।' इसी तरह शिवदान सिंह चौहान इसके बारे में लिखते हैं, आधुनिक जीवन की द्रुतगामी वास्तविकता में हस्तक्षेप करने के लिए मनुष्य को नई साहित्यिक विधा को जन्म देना पड़ा। रिपोर्ताज उन सबमें प्रभावशाली एवं महत्वपूर्ण विधा है। इससे रिपोर्ताज के बारे में ज्यादा स्पष्ट नहीं होता. आलोचक की भाषा ऐसी नहीं होनी चाहिए जिससे कि धुंध बने. शिवदान सिंह चौहान की परिभाषा भले ही इस विधा को लेकर हमारी समझ साफ न करती हो लेकिन शिवदान सिंह चौहान हिन्दी के पहले आलोचक हैं जिन्होंने रिपोर्ताज विधा पर हिन्दी में आलोचनात्मक विवेचन शुरू किया. और शिवदान सिंह चौहान को ही हिन्दी का पहला रिपोर्ताज लेखक भी माना जाता है. 'लक्ष्मीपुरा' के नाम से इनका रिपोर्ताज 'रूपाभ' पत्रिका के दिसंबर, 1938 के अंक में प्रकाशित हुआ था. इनका दूसरा रिपोर्ताज 'मौत के खिलाफ जिंदगी की लड़ाई' के नाम से 1941 में 'हंस' में प्रकाशित हुआ. 'हंस' पत्रिका ने बकायदा एक स्तम्भ की शुरूआत की, 'समाचार और विचार' के नाम से. आगे चलकर इस स्तम्भ में हिन्दी के अन्य आरंभिक रिपोर्ताज छपे.

1943 में बंगाल में भीषण अकाल पड़ा था जिसमें गालिबन साठ लाख लोग मारे गये थे. अंग्रेज इतिहासकार ये संख्या पंद्रह लाख बताते हैं. बांग्ला देश के दिवंगत प्रोफेसर रफीकुल इस्लाम जो बांग्ला भाषा, साहित्य और ह्यकाजी नजरूल 'इस्लाम' के साहित्य के विशेषज्ञ थे- वे मरने वालों की संख्या साठ लाख बताते हैं. 2015 को बीबीसी को दिए अपने एक इंटरव्यू में प्रोफेसर रफीकुल इस्लाम कहते हैं कि 'लोग भूखे मर रहे थे क्योंकि ग्रामीण भारत में खाने-पीने की चीजें उपलब्ध नहीं थीं. इसलिए लोग कोलकाता, ढाका जैसे बड़े शहरों में खाने और आश्रय की तलाश में पहुंचने लगे. लेकिन वहां न खाना था, न रहने की जगह. उन्हें रहने की जगह सिर्फ.कूड़ेदानों के पास ही मिल रही थी, जहां उन्हें कुत्ते-बिल्लियों से संघर्ष करना पड़ता था ताकि कुछ खाने को मिल जाए. रफीकुल इस्लाम का बयान इसलिए मायने रखता है कि वे स्वयं और उनका परिवार उस कथित अकाल का भुक्तभोगी रहा है. ये अपने भाई-बहनों में सबसे बड़े थे; इसलिए ये हर उस जगह पर भागते फिरते थे जहां उन्हें कुछ खाना मिल जाने की उम्मीद होती.

1946 में जब रांगेय राघव का यह रिपोर्ताज आया, उस समय उनकी अवस्था महज 23 वर्ष की थी. रांगेय राघव चाहते तो अखबार की खबरों के आधार पर कहानी, उपन्यास या कविता लिख कर या अपने शहर आगरे या कस्बे वैर में बैठे-बैठे बंगाल के अकाल पर अपीलें निकालकर या ऐसी अपीलों पर दस्तखत करके अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ लेते लेकिन वे अपने सुरक्षित और परिचित दायरों से बाहर निकले. वे नौजवान डॉक्टरों के एक मेडिकल मिशन के सदस्य बनकर उस विभीषिका से जूझने और उस लपट में झुलसने वालों की सेवा करने पूर्वी बंगाल (अब के बांग्लादेश) गए. आगरे से गए नवयुवक डॉक्टरों के इस मेडिकल मिशन में रांगेय राघव वाहिद 'नॉन मैडिको पर्सन' थे. इस मिशन ने तब के बंगाल के 'कुष्टिया', जिला नादिया, 'नारायणगंज', जिला ढाका और ह्यचटगांवह्य का दौरा किया और वहां दिनों-दिनों तक कैंप किया. सेवा-सहायता के इस मिशन से गुजरते हुए रांगेय राघव ने पूर्वी बंगाल में जो कुछ देखा और जिसने उन्हें मर्माहत कर दिया, उसे उन्होंने ह्यतूफानों के बीचह्य के आठ रिपोर्ताज में संकलित कर दिया. रांगेय राघव ने वहां देखा कि 'लोग भूख से दम तोड़ रहे थे, जो नहीं मरे थे वे दूसरों के मरने का इंतजार इसलिए कर रहे थे कि अब मरने वालों के हिस्से का भात उन्हें मिल जाएगा। ह्यबुभुक्षितं किं न करोति पापम्ह्य की उक्ति बहुत हल्की लगने लगती थी उस चितकारपूर्ण वातावरण में जहाँ मांस में से दुर्गंध आ रही है। विषैला धुआं मेरी आँखों में लग रहा है। कलकत्ता एक बूचड़खाना है, जहाँ भूख और गरीबी मनुष्य की बलि चढ़ा रही है...बाजार में चिड़िया तक के लिए दाना चावल नहीं था...माँ बेटी को देखती थी, पति पत्नी को देखता था किंतु कोई राह न थी। घर खाली थे, बाजार खाली थे। चारों ओर प्राणों की ममता दोनों हाथ उठाकर हाहाकार कर रही थी। लोग घरों में मरते थे, बाजार में मरते थे, राह में मरते थे. बंगाल का सामाजिक जीवन कच्चे कगार पर खड़ा होकर काँप रहा था।'

रांगेय राघव अपने साथ बंगाल से जो त्रासद और वीभत्स अनुभव लेकर लौटे उसने उन्हें ता-जिन्दगी परेशान किया; जैसे कोई अदृष्ट काली छाया उनका पीछा करती रही हो. उन्होंने बंगाल से लौटने के बाद इस भयावह विभीषिका को अपनी अनेक कविताओं, कहानियों और 'विषादमठ' जैसे उपन्यास के माध्यम से चित्रित किया. 1882 में बंगाल से निकले 'आनन्द मठ' का विपर्यय 1946 के 'तूफानों के बीच' से पूरा होता है. सृजन की दुनिया में विडंबनाएं कई बार ऐसे भी साक्षात होती हैं. लिखने के अलावा रांगेय राघव ने अपनी तूलिका से बड़े-बड़े पोस्टर और चित्र बनाए. उन्हें जगह-जगह प्रदर्शित किया. इसी विषय पर मंचन योग्य नाटक लिखा, जिन्हें 'इप्टा' (भारतीय जन नाट्य संघ) के रंगकर्मियों ने गलियों-सड़कों-चौक-चौराहों पर अभिनीत किया. इस तरह 'रांगेय राघव के यहां हमें बंगाल का कथित अकाल एक ऐसे विषय के रूप में मिलता है जिसे उन्होंने कई एक विधाओं में संभव किया. रिपोर्ताज उनमें से बस एक है.

अब तक उस कथित अकाल पर बहुत सारा प्रामाणिक अध्ययन-विश्लेषण आ चुका है और उससे यह तथ्य अब स्थापित है कि वह कोई प्राकृतिक आपदा नहीं थी. वह मानवनिर्मित आपदा थी. ग्रामीण इलाकों में खाद्य पदार्थ की कमी सिर्फ.इसलिए नहीं हो गयी थी कि फसल बर्बाद हो गई थी बल्कि इसलिए भी क्योंकि एक जगह उपलब्ध अनाज या रसद को दूसरी जगह नहीं जाने दिया जा रहा था. औपनिवेशिक शासन ने ये बंदोबस्त किया था कि अनाज या खाद्य भण्डार की आवाजाही सिर्फ उन्हीं जगहों पर हो जहां शासन के कारिंदे द्वितीय विश्वयुद्ध से उपजी अव्यवस्था और डर से जूझ रहे थे. अन्यथा ऐसा कैसे संभव था कि कोलकाता (तब कलकत्ता) की फौजी छावनी में सेना के लिए खाद्य पदार्थों का अतिरिक्त स्टॉक था लेकिन उसी बंगाल के ग्रामीण इलाकों में लोग दाने-दाने के लिए दम तोड़ रहे थे. औपनिवेशिक शासन ने उस समय अनाज की आवाजाही को इसलिए भी प्रतिबंधित किया क्योंकि शासन को भय था कि कहीं यह जापानियों के हाथों में न पड़ जाएं. इतना ही नहीं 1943 के पूरे साल ब्रिटेन और उन जगहों पर जहां फौज ब्रिटेन के लिए लड़ाई लड़ रही थी, भारत से खाद्य सामग्री को भेजा जाता रहा. ब्रिटेन अपनी हार-जीत की चिंता में हलकान हो रहा था; बाकी बंगाल के लोगों पर क्या बीत रही थी इसकी किसी को परवाह नहीं थी.

इस लेख में मैंने कई बार अकाल शब्द का प्रयोग किया है क्योंकि उसे एक ऐतिहासिक संदर्भ बना दिया गया है लेकिन ये शब्द सही नहीं है. वह अकाल नहीं, उत्पन्न किया अकाल था. अकाल कहने से तब के ब्रिटेन के सदर 'विंस्टन चर्चिल' का जघन्य और ऐतिहासिक अपराध छिप जाता है. हमें उसे उजागर रखना चाहिए. अपनी स्मृति में बनाये रखना चाहिए; इसलिए उसे जनसंहार कहना और मानना चाहिए. इसे रांगेय राघव ने साफ-साफ पहचाना था और इसी रिपोर्ताज में लिखा भी है, 'युग-युग तक संसार को याद रखना पड़ेगा कि एक दिन मनुष्य के स्वार्थ और असाम्य के कारण गुलामी और साम्राज्यवादी शासन के कारण बंगाल जैसी शस्य श्यामला भूमि में भी मनुष्य को भूख से दम तोड़ना पड़ा था...'

'कारवां', 'बीबीसी', रांगेय राघव और अन्य स्त्रोतों से बंगाल के उस जनसंहार के चित्रों के जो संदर्भ उपलब्ध होते हैं- उसकी संगति में रांगेय राघव के लिखे 'तूफानों के बीच' को पढ़ने के बाद हमें पता चलता है कि 23 वर्ष के उस युवक ने एक बड़ी चुनौती अपने हाथ में ली और बंगाल की पीड़ा को हिंदीभाषी संसार तक पहुंचाया.

इस दौरे पर जब रांगेय राघव और उनकी टीम शिद्धिरगंज पहुंची तो उन्होंने देखा कि 'सामने एक टूटा घर था- भग्न, विध्वस्त; मानो तूफान में उसका वैभव नष्ट हो गया था और उसके सामने केले के पेड़ों की शीतल और मनोरम छाया में चौदह कब्रें आंखें मूंदे पड़ी थीं. एक लड़का जो वही बैठा एक आम की गुठली का सब कुछ खा जाने में लगा था। महाचार्य कहने लगे...बाहर से तुम्हारी तरह बहुत से लोग आते हैं. हम चाहते हैं तुम यहाँ की एक-एक कब्र से बात करो और हिंदुस्तान के कोने-कोने में जाकर कहो कि जिस ढाके की मलमल एक दिन शहंशाह पहनते थे, आज वहाँ जुलाहे चूहों की तरह मर रहे हैं, बोलो, सुना सकोगे संसार को यह?'

रांगेय राघव ने वहां यह भी देखा कि कई भारतीय सेठ-साहूकार बंगाल की जनता को लूटने में लगे हैं. वे छल से औने-पौने दाम में लोगों की जमीने हथिया रहे हैं. उनका घर खरीद रहे हैं. औरतों को खरीद रहे हैं. शोषक महाजनों ने चावल के दाने के बदले भूख से मर रही जनता के साथ उनकी इज्जत का सौदा किया. आपदा में अवसर का यह उस वक़्त का संस्करण था जिसमें अंग्रेजी शासन और उसके पिट्ठू साहूकारों ने बंगाली जनता को वेश्या, भिखारी और तड़पते-मरते-घरघराते पशु में बदल दिया था.

इस रिपोर्ताज से गुजरते हुए हमें साम्प्रदायिक वैमनस्य के भयावह प्रमाण मिलते हैं. रांगेय राघव बताते हैं कि उन्हें लगता था कि मौत आदमी की जात या धर्म को नहीं पहचानती. जिंदा रहते हुए तो हिंदू और मुसलमान एक-दूसरे से घृणा और द्वेष रखते ही थे लेकिन इस दुर्दिन की घड़ी में भी उनका पारस्परिक वैमनस्य और भेदभाव न केवल बना हुआ था बल्कि वह और घृणित हो गया था. हिन्दुओं की अपनी रिलीफ कमिटी थी, मुसलामानों की अपनी. उनके फंड भी इसी तरह अपने ही लोगों पर लगाने के लिए थे. इन बातों की पुष्टि हमें उस घटना के पीड़ित रहे प्रोफेसर रफीकुल इस्लाम से भी मिलती है. वो कहते हैं कि इंसान को भगवान की सबसे शानदार रचना कहा जाता है लेकिन मेरे हिसाब से अकाल या युद्ध के दौरान यह भगवान की सबसे बुरी रचना बन गया था. उस दौरान हम जानवर बन गए थे.


रिपोर्ताज एक मुश्किल विधा है. इसका एक प्रमाण ये है कि ये कम लिखे गये हैं और हमारे पास रिपोर्ताज लेखक ज्यादा नहीं हैं. ऐसे में रांगेय राघव का 'तूफानों के बीच' रिपोर्ताज एक मिसाल है. और इस मिसाल के बारे में घनश्याम अस्थाना ने लिखा है, 'रांगेय राघव के रिपोताजों को पढ़कर ऐसा लगता है जैसे लेखक कई भूमिकाएँ एक साथ अदा कर रहा हैः वह एक चलता फिरता इश्तहार है, वह शहर में घूमता हुआ एक आईना है...वह एक मोबाइल हॉस्पिटल और एम्बुलेंस यूनिट है. कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि वह क्या नहीं है, और कहाँ नहीं है?'

**(विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग तिलका माँझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर, संपर्क 8332997175)**

**1882 में बंगाल से निकले 'आनन्द मठ' का विपर्यय 1946 के 'तूफानों के बीच' से पूरा होता है. सृजन की दुनिया में विडंबनाएं कई बार ऐसे भी साक्षात होती हैं. लिखने के अलावा रांगेय राघव ने अपनी तूलिका से बड़े-बड़े पोस्टर और चित्र बनाए. उन्हें जगह-जगह प्रदर्शित किया. इसी विषय पर मंचन योग्य नाटक लिखा, जिन्हें 'इप्टा' (भारतीय जन नाट्य संघ) के रंगकर्मियों ने गलियों-सड़कों-चौक-चौराहों पर अभिनीत किया. इस तरह 'रांगेय राघव के यहां हमें बंगाल का कथित अकाल एक ऐसे विषय के रूप में मिलता है जिसे उन्होंने कई एक विधाओं में संभव किया.**

# जीवन की त्रासदी के यथार्थ का जीवंत खाका है: 'कैसे-कैसे लोग'

**समीक्षा**



**विजय राय**


उत्तर प्रदेश सरकार से सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उनका नाम लखनऊ के साहित्यिक हलके में बड़े अदब के साथ लिया जाता है।उनके अब तक तीन कविता संग्रह, तीन कहानी संग्रह जिनमें एक सम्पादित और कतिपय अपरिहार्य महत्व के अनुवाद कार्य के साथ एक उनकी लिखी अंग्रेजी कविताओं का संग्रह भी प्रकाशित है। विंसेंट वॉन गाग की जीवनी 'लस्ट फॉर लाइफ' में लिखा गया है कि 'आदमी इस दुनिया में सिर्फ.खुश होने नहीं आया है। वह ऐसे ईमानदार बनने को भी नहीं आया है।वह पूरी मानवता के लिए महान चीजें बनाने के लिए आया है।वह उदारता प्राप्त करने को आया है।वह उस बेहूदगी को पार करने आया है,जिसमें ज्यादातर लोगों का अस्तित्व घिसटता रहता है।'

अवधेश कुमार श्रीवास्तव किसी खेमे के लेखक नहीं हैं। उनकी विचारधारा मानवतावादी और जनहितेषणा से परिपूर्ण है।मानवीय ऊष्मा से लबरेज वे सच्चे अर्थों में एक तरक़्क़ीपसन्द गल्पकार और कवि हैं।उनका लेखन शौकिया कतई नहीं हैं।उनकी रचनाओं के किरदार इंसानी ज़िन्दगी से आते हैं।यथार्थ को जिस खूबी से वे अपनी कलम के जरिये उकेरते और चित्रांकित करते हैं, वह हिन्दी के पाठकों पर लम्बे समय तक गहरा असर डालता रहा है।उनका अपना अर्जित पाठक-वर्ग है।उन्होंने अपनी कलम की ताकत से एक अद्भुत दुनिया रची है।लिखना उनके लिए जीवनदायिनी खुराक की तरह है, जिससे ज़िन्दगी की तमाम मुश्किलों एवं पेचीदगियों को वे बड़ी आसानी से हल भी करते हैं।वे भाषा के धनी तो हैं ही, किस्सागोई में भी उनका कोई जवाब नहीं।

'कैसे-कैसे लोग' के लेखक का कहना है कि 'इस उपन्यास में विभिन्न वर्ग के लोगों का सजीव चरित्र-चित्रण किया गया है।कुली, टेम्पो- चालक, दफ़्तर के बाबू से लेकर ऐसे भद्र पुरुष और महिलाओं तक का भी चित्रांकन है,जिनके अलग-अलग कई रूप हैं।युवावस्था में हर व्यक्ति में कुछ न कुछ बनने और कुछ न कुछ कर गुजरने एवं वांछित को हासिल करने की ललक होती है।उसका अपना बुना एक सपना होता है, किन्तु जरूरी नहीं कि वह अपना लक्ष्य हासिल कर ही ले।दरअसल रास्ते में तमाम तरह की रुकावटें और अप्रत्याशित एवं अवांछित आकर्षण आते हैं, जो उसे उसके रास्ते तथा मकसद से भटका देते हैं।इन तमाम कठिनाइयों का सामना करने के लिए एकाग्रता, दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता की निहायत जरूरत होती है, जिसके बिना गंतव्य तक पहुँचना बहुत मुश्किल होता है।इस उपन्यास में ऐसे चरित्र भी हैं, जो अपने लक्ष्य तक कभी पहुँच ही नहीं सके और कुछ ऐसे भी हैं जो लक्ष्य तक पहुँचे तो पर उन्हें बहुत कुछ खोना तथा त्यागना पड़ा।'

आज संचार क्रान्ति और मुक्त बाजार ने भारतीय जीवन को अनेक कोणों से प्रभावित किया है।इससे बाजार में प्रॉडक्ट्स की उपलब्धता बढ़ी और हर सामान के कई कई विकल्प हो गये। विकल्पों की बाढ़ और वस्तुओं की उपलब्धता ने केवल नागरिकों की जीवन-शैली में ही परिवर्तन नहीं किया, वरन इसने लोगों के विचारों में भी व्यापक बदलाव किया।बाजार के साथ विज्ञापनी- संस्कृति का भी प्रचार-प्रसार बढ़ा।बाद में उसमें आक्रामकता भी बढ़ी। इस आक्रामक विज्ञापनी संस्कृति ने विचार और व्यवहार को काफी बदला है।इन बदलावों के साथ संचार माध्यमों के प्रसार ने बदली जीवन प्रणाली को तीव्रता से भर दिया।इस तीव्रता ने पुनः जीवन और समाज में पनप रही प्रवृत्तियों में परिवर्तन की गति को और भी ज्यादा परिवर्तनशील बना दिया।गति की इस तीव्रता ने सामाजिक प्रवृत्तियों, निर्मितियों में परिवर्तन की गति को भी तीव्रतम कर दिया।समाज में बदलाव दस पाँच वर्षों के अन्तराल पर भी महसूस किया जाने लगा, जबकि पहले एक ही प्रवृति कई कई वर्षों तक हमारे समाज में प्रचलित रहती थी।भूमंडलीकरण के कारण यद्यपि यथार्थ का आकार-प्रकार बदला है।बाजार का प्रभुत्व यद्यपि बढ़ा है पर कथा साहित्य का चरित्र केवल बाजारोन्मुखी ही नहीं है , उसमें बाजार का विरोध भी है, बिसराये जा रहे सरोकार भी हैं, वंचित जनों की सुधि भी है और अपनी अस्मिता एवं संस्कृति के प्रति प्रगतिशील नजरिया भी है।मुझे पूरी उम्मीद है कि अवधेश कुमार श्रीवास्तव सरीखे कथा लेखकों के चलते भविष्य में इसकी पहचान और अधिक व्यापक बनेगी।

प्रसंगात 'कैसे-कैसे लोग' का ब्लर्ब गौरतलब है।उसमें जो लिखा है उसका लब्बोलुबाब ये है कि-'जीवन में प्रायः वह नहीं होता जैसा मनुष्य प्लान करता या सोचता है।सारी खूबियों के बाद भी कुछ लोगों को जीवन भर संघर्ष करना पड़ता है।आर्ष ग्रन्थों में इसे नियति कहा गया है।नियति या भवितव्य के सम्मुख मनुष्य असहाय हो जाता है।मानस में तुलसी ने कहा है -सबहिं नचावत राम गुसाँई।पुरुषार्थवादी इसे सच नहीं मानते पर जीवन का लम्बा अनुभव अंततः उन्हें भी सिखा देता है कि मनुष्य संचालक सत्ता के हाथों की कठपुतली मात्र है।इस विश्वास को प्रस्तुत उपन्यास में मध्यम परिवारों के जीवन संघर्ष में चरितार्थ होते दशार्या गया है।कथानायक जीवन भर तमाम चेतना लेकर बस संघर्ष ही करता है और एक दिन संसार छोड़ देता है।संवेदना ही इस उपन्यास का मुख्य आकर्षण है।लेखक ने जीवन की त्रासदी का जो खाका इसमें खींचा गया है वह पाठकों को अंत तक बाँधकर रखता है, उन्हें हिलने नहीं देता।'




आज हम जिस कठिन और चुनौतीपूर्ण समय में अपने वजूद को बचाकर मनुष्य और मनुष्यता की संरक्षा करने में लगे हैं, उसका रास्ता साहित्य और उसके अन्य सहायक अनुशासनों से होकर गुजरता है।बेहतर मनुष्य के निर्माण में साहित्य और दूसरे सृजनात्मक अनुशासनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।वह मनुष्य को न केवल आलोकित करता है बल्कि उसमें तर्क की क्षमता का विकास कर उसे प्रगतिशील भी बनाता है।१कैसे-कैसे लोग१ अवधेश कुमार श्रीवास्तव का अभी पहला ही उपन्यास है।वे सचमुच एक दृष्टि-सम्पन्न कथा लेखक है।भाषा और शिल्प के नजरिए से वे एक बड़े पाठक वर्ग के भीतर बेहद लोकप्रिय हैं।इस उपन्यास की पठनीयता निश्चय ही इसे एक बड़े पाठक वर्ग तक ले जाकर उपन्यासकार के यश में वृद्धि करेगी।ooo

उपन्यास का नामः कैसे-कैसे लोग
उपन्यासकारः अवधेश कुमार श्रीवास्तव
प्रकाशकः अवनी पब्लिकेशंस,नईदिल्ली-110046
मूल्यः ?650/-

**( लेखक लमही के प्रधान संपादक हैं, संपर्क 94545 01011)**

**इन बदलावों के साथ संचार माध्यमों के प्रसार ने बदली जीवन प्रणाली को तीव्रता से भर दिया।इस तीव्रता ने पुनः जीवन और समाज में पनप रही प्रवृत्तियों में परिवर्तन की गति को और भी ज्यादा परिवर्तनशील बना दिया।गति की इस तीव्रता ने सामाजिक प्रवृत्तियों, निर्मितियों में परिवर्तन की गति को भी तीव्रतम कर दिया।**

# मंदिर पर मिला मुस्लिम युवक का शव

**सनसनी**

### पुलिस पर लगा हत्या का आरोप

### हिंदू युवती के साथ संबंध का मामला आ रहा है सामने



सड़क जाम कर प्रदर्शन करते लोग

**अंजानशहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अजमतगढ़ कस्बे में मंदिर पर मिले युवक के शव से सनसनी फैल गयी। युवक के शरीर पर चोट के निशान थे। परिजनों सहित स्थानीय लोग भारी संख्या में उपस्थित होकर हत्या के विरोध में विरोध प्रदर्शन करने लगे।

जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अजमतगढ़ कस्बे में मंदिर के पास एक मुस्लिम युवक आर्किटेक्ट का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन व भारी संख्या में ग्रामीण पहुच गये और विरोध प्रदर्शन करने लगे। मौत की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस पहुच गयी। स्थानीय लोगों के विरोध को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। वही घंटों परिजन व सैकड़ों की संख्या में कस्बा के लोग शव को पुलिस को कब्जे में लेने से रोक रहे थे। इस दौरान पुलिस प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गयी चैकी इंचार्ज के विरुद्ध कार्रवाई व महिला की गिरफ्तारी की मांग पर परिजन अड़े रहे। एसपी सिटी शैलेंद्र लाल द्वारा चैकी इंचार्ज लाल बहादुर बिंद के निलंबित व महिला की गिरफ्तारी की कार्रवाई के बाद गांव के लोग माने। जीयनपुर कोतवाली यादवेंद्र पांडेय ने शव को अपने कब्जे में लिया मृतक फिरोज अहमद के बड़े भाई खालिद अहमद की तहरीर पर निशा कन्नौजिया व अज्ञात के ऊपर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस जांच में जुट गई है। घटना स्थल का फॉरेंसिक टीम ने नमूना लिया। वही पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने पहुंचकर परिजनों को आश्वस्त किया कि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के उपरांत मौत का सही कारण पता चल सकेगा। जिसके बाद जांच कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। मृतक फिरोज अहमद की पत्नी मोमिना खातून व माता मरियम खातून व उनके तीन बच्चे अतिक उम्र 10 साल, अहमद रजा उम्र 7 साल, मोहम्मद उम्र 4 साल का रो-रो कर बुरा हाल रहा परिवार में कोहराम मच गया।

### घंटों मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को लिया कब्जे में

**अंजानशहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अजमतगढ़ कस्बे में आर्किटेक्ट फिरोज अहमद की हत्या के बाद परिजन व गांव के लोग प्रदर्शन व पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे, शव पुलिस को ले जाने नहीं दे रहे थे। वही तकरीबन 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कई थानों की फोर्स की मौजूदगी में चैकी प्रभारी अजमतगढ़ के निलंबित होने के बाद जीयनपुर कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### लड़की ने प्रार्थना पत्र देकर लगाया था शारीरिक शोषण का आरोप

**अंजानशहीद आजमगढ़।** शुक्रवार को अजमतगढ़ चैकी पर प्रार्थना पत्र देकर लड़की ने फिरोज अहमद पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था वही फिरोज से विवाह के लिए दबाव बना रही थी। अजमतगढ़ चैकी इंचार्ज लाल बहादुर बिंद ने फिरोज से देर रात तक पूछताछ की व जांच की अगले दिन शनिवार को अजमतगढ़ कस्बा के धन्नी टोला में घर से 50 मीटर दूर स्थित प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में फिरोज अहमद का अर्धनग्न शव मिला। वही शरीर पर चोट के निशान पाए गये। जिसके पश्चात परिजन व कस्बा के लोग आक्रोशित हो गए। जिन्होंने अजमतगढ़ चैकी इंचार्ज लाल बहादुर पर दुर्व्यवहार व मारने पीटने व पैसा मांगने का आरोप लगाया।

### बढ़ते मामले को देख बुलानी पड़ी कई थानों की फोर्स

**अंजानशहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर थाना क्षेत्र के अजमतगढ़ कस्बे में आर्किटेक फिरोज अहमद का शव मिलने के बाद परिजन व गांव के लोग प्रदर्शन करने लगे, और शव को ले जाने नही दे रहे थे। वही बढ़ते मामले को देख कई थानों की फोर्स को मौके पर बुलाना पड़ा वही जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय, बिलरियागंज थाना प्रभारी ब्रह्म दिन पांडेय, सिधारी थाना प्रभारी नंद कुमार तिवारी, क्षेत्राधिकारी सगड़ी सौम्या सिंह, एसपी सिटी शैलेंद्र लाल, उपजिलाधिकारी सगड़ी राजीव रतन सिंह, पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, फॉरेंसिक टीम सहित आधा दर्जन थाना प्रभारी पुलिस बल मौजूद रहे।

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री की मां के निधन पर हुई श्रद्धांजलि सभा



**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर के मंडल कार्यालय पर शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमे प्रधानमंत्री मोदी की मां हीराबेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला मंत्री दिलीप सिंह बघेल ने कहा कि मां हीराबेन के निधन से हम दुखी तो है पर अपनी कोख से उन्होंने मोदी जैसे युगपुरुष को पैदा किया। जिसने विश्व पटल पर देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने कहा कि काश हर मां की कोख से मोदी जैसा बेटा पैदा होता। ऐसी मां को हम प्रणाम करते है। इस मौके पर हरिकेश गुप्ता, रानू प्रताप राणा, विष्णु पाण्डेय, दिलशाद अहमद, संजय मोदनवाल, सुलेमान आजमी, प्रमोद राजभर आदि उपस्थित रहे।

### शोषण के विरुद्ध शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा रानीकीसराय वीआरसी केन्द्र पर गुरुवार को नवीन पेंशन के नाम पर वेतन अवरुद्ध करने, पुरानी पेंशन बहाली तथा फोटो अटेन्डेन्स के विरोध में प्रदर्शन कर पत्रक खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। संघ के अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव ने कहा कि नवीन पेंशन के नाम पर वेतन अवरुद्ध किया जा रहा है जो सरासर गलत है। पुरानी पेंशन बहाली की लंवे समय से कर्मचारी मांग कर रहे है जो आज तक नही हो सकी उपर से नोट कैम ऐप से उपस्थिति का तुगलकी फरमान जारी किया गया है जो शासनादेश के खिलाफ है। वेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बगैर संसाधन उपलब्ध कराये ही शिक्षको से डीबीटी, एमडीएम, दीक्षा ऐप, प्रेरणा ऐप निपुण ऐप पर जबरन कार्य कराया जा रहा है। इस आदेश को तत्काल निरस्त किया जाय अन्यथा शिक्षक आर-पार की लडाई लड़ेगे। इस दौरान शिक्षको ने इसके विरुद्ध नारेबाजी कर विरोध जताया। शिक्षको ने खंड शिक्षाधिकारी राजीत लाल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर केदारनाथ यादव, सुजई यादव, अरुण कुमार, बाबूराम, दीनानाथ यादव, अजय सिह, नगेंद्र प्रसाद, सुनील गोड आदि शिक्षक मौजूद थे।

### दिसंबर महीने में जीयनपुर थाना क्षेत्र में हुई तीसरी हत्या

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के कसडा आइमा निवासी प्रधानाध्यापक संजय यादव की एक दिसंबर को स्कूल जाते समय सुबह 9 बजे बाईपार भट्ठे के समीप गोली मारकर हत्या कर दी गई जिसमें परिजनों की तहरीर पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है वही पुलिस ने वीरेंद्र यादव उर्फ बबलू यादव पुत्र मेवा लाल यादव की हिस्ट्री सीट भी 1 दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने खोली थी। वहीं दूसरी हत्या अजमतगढ़ कस्बा के चकमाधव रामपुर निवासी महिला की 26 दिसंबर की रात्रि में 1रू00 बजे मुंबई से कमाकर वापस लौटे पति चंदेव राजभर ने अपनी पत्नी उषा उम्र 35 वर्ष की कहासुनी के उपरांत बेंट से पीट-पीटकर हत्या कर दी जीयनपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। वहीं तीसरी घटना अजमतगढ़ कस्बा के धन्नी टोला में दिसंबर माह के अंतिम दिन फिरोज अहमद पुत्र शमसुद्दीन अहमद उम्र 40 वर्ष सिविल इंजीनियर आर्किटेक्ट की हिंदू युवती से अवैध संबंध पर शिव मंदिर के प्रांगण में शव मिला। परिजन की तहरीर पर निशा व अज्ञात पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी।

### आदेश के बावजूद भी खुले रहे स्कूल

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय व्लाक क्षेत्र में शनिवार को शिक्षण संस्थानों में प्रशासन के बंदी का असर नहीं दिखा। घने कोहरे के बीच बच्चे स्कूल पहुंचे। सड़को पर बच्चों से भरी बैन दौड़ती रही। ठंढ के चलते वेसिक शिक्षा विभाग ने कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूलों मे 14 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया है। परिषदीय में ताले लटकते रहे लेकिन निजी शिक्षण संस्थानों मे कोई असर नहीं दिखा। क्षेत्र के जलाईपुर, ऊजीगोदाम, कस्बे के एक दर्जन स्कूलों की बैन कोहरे के बीच बच्चों को ढोने लगी। पैदल स्कूल जाने वाले नौनिहाल कापते हुए पहुचे। निजी स्कूल संचालकों ने पहले ही दिन आदेश को नजर अंदाज कर दिया। अभिभावक राजेश कुमार, जयेन्द्र सिह, विमलेश कुमार ने कहा कि ठंढ मे छुट्टी में भी विद्यालय खुलने से छोटे बच्चों के लिए समस्या हो रही है।

# फिर मिलने के वादे के साथ संपन्न हुनर रंग महोत्सव

**आजमगढ़।** हुनर संस्थान आजमगढ़ द्वारा जनपद में राष्ट्रीय एकता अखंडता व लोक कलाओ को बढ़ावा देने के उद्देश्य प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज में 26 से 30 दिसम्बर तक चल रहे हो हुनर रंग महोत्सव का भव्य समापन फिर मिलने के वादे के साथ सम्पन्न हुआ। खुशी और गम के बीच समापन समारोह का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार सिंह अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन कोच अजेंद्र राय, अभिषेक जायसवाल दीनू ने दीप प्रज्ज्वलन कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। अतिथियों का स्वागत संस्थान अध्यक्ष मनोज यादव विद्यालय के प्रबंधक रमाकांत वर्मा हेमंत श्रीवास्तव ने माल्यार्पण कर किया।

सर्वप्रथम संस्थान के बच्चों द्वारा मनमोहक श्री कृष्ण की बाल लीला का मंचन किया गया। रॉकिंग डांस ग्रुप कैमूर बिहार के कलाकारों द्वारा जोश से भरपूर देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत समूह नृत्य प्रस्तुत किया संगीत कला दर्शन नृत्य नाट्य समूह लालगंज तपस्या क्रिएटिव स्कूल आजमगढ़ मूव्स डांस स्टूडियो आजमगढ़ द्वारा जबरदस्त समूह नृत्य की प्रस्तुतियां हुई.। तत्पश्चात संगीत संध्या प्रारंभ हुई जिसमे अरुण सिंह अनाड़ी, गुड्डू राय,गौरी यादव और सीमा सरगम ने अपने गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया तत्पश्चात पुरस्कार वितरण प्रारंभ हुआ राष्ट्रीय स्तर पर नृत्य में कार्य करने के लिए विशंभर साहू वापी कटक उड़ीसा, आशीष कुमार पाल ढेकानाल उड़ीसा, विजयलक्ष्मी शर्मा असम, स्मृति कश्यप असम, संदीप मौर्य वाराणसी, अमन सिंह मिजार्पुर, श्रवण रॉक कैमूर बिहार को सम्मानित किया गया। समारोह में विशेष योगदान के लिए ग्राम प्रधान सुनील कुमार मौर्य अजमतपुर कोडर, बदरका पुलिस चैकी के समस्त स्टाफ को भी सम्मानित किया गया। लोक नृत्य समूह का प्रथम पुरस्कार निखिला उत्कल कलानिकेतन कटक व नीता नृत्यांगना उड़ीसा को संयुक्त रुप से मिला। आधुनिक समूह नृत्य का प्रथम पुरस्कार बोल्ड डांस अकैडमी आजमगढ़, द्वितीय पुरस्कार, आर डी अफ डांस अकैडमी आजमगढ़ तथा तृतीय पुरस्कार दिवी डांस एकेडमी दोहरीघाट को मिला। इस अवसर पर भाजपा नेता व पूर्व प्रत्याशी अखिलेश कुमार मिश्र गुड्डू, प्रवीण कुमार सिंह, शैलेंद्र अग्रवाल, सुभाष चंद श्रीवास्तव, सुनील अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल लड्डू, संजय अग्रवाल, पवन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह को सफल बनाने के लिए उपाध्यक्ष डॉ शशि भूषण शर्मा, मनोज मौर्य, राकेश कुमार, रवि चैरसिया, अमरजीत विश्वकर्मा, कमलेश सोनकर, शशि सोनकर, सहित संस्थान पदाधिकारी लगे हुए है। संचालन सुनील दत्त विश्वकर्मा ने किया।

## बैरकों की तलाशी के दौरान बरामद हुए तीन मोबाइल

**आजमगढ़।** इटौरा जेल में बंद कुख्यात अपराधियों द्वारा संचालित किए जा रहे आपराधिक नेटवर्क को ध्वस्त करने में जेल प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। शुक्रवार को जेल की बैरकों के निरीक्षण के दौरान तीन मोबाइल फोन की बरामदगी इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। इस मामले में जेलर की तहरीर पर सिधारी थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जेल प्रशासन द्वारा शुक्रवार को जेल परिसर में स्थित बैंरकों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान बैरक नंबर आठ तथा आठ-ए की तलाशी के दौरान जेल प्रशासन ने सुरक्षित ठिकानों पर छिपाए गए तीन अदद मोबाइल फोन बरामद किया। हालांकि मोबाइल किसके द्वारा छिपाकर रखे गए थे, इस बात की जानकारी नहीं हो सकी। इस संबंध में जेल प्रशासन ने दोनों बैंरको में बंदियों से पूछताछ की लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। देर शाम जेलर विकास कटिहार की तहरीर पर सिधारी थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# ऑटो पर गिरा गन्ना लदा ट्रक, कई जख्मी

**जनसंदेश न्यूज**



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गदनपुर के समीप एक गन्ना लदी ट्रक पलटने से मरीजों को लेकर जा रहे टेम्पो सवार लोगो को गंभीर चोटें आई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतरौलिया से 8 मरीजों को लेकर बूढ़नपुर की तरफ जा रहे एक टेंपो के ऊपर गदनपुर के समीप एक ओवरलोड ट्रक से गन्ना पलट जाने से टेम्पो में सवार महिलाओं को गंभीर चोटें आई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पुलिस पहुंचकर एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को नजदीकी 100 शैय्या अस्पताल पहुंचाया जहां लोगों का इलाज चल रहा है। टैंपू में सवार मंजू पत्नी रविंद्र कुमार 32 वर्ष शोभावती पत्नी जगदीश निवासी नारखोरा 45 वर्ष, साहिल पुत्र जगदीश निवासी नरखोरा 24 वर्ष, प्रवीन पुत्र राजाराम निवासी चकिया 26 वर्ष समेत अन्य लोगों को चोटे आई जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं ओवरलोड गन्ना लदी ट्रक की वजह से भयानक दुर्घटना होने से बाल-बाल लोग बचे। जहां टेंपो के ऊपर ही गन्ना पलट गई वह तो संजोग अच्छा ही था कि स्थानीय लोगों के प्रयास से टेम्पो सवार लोगो की जान बचाई जा सकी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सड़क से गन्ना हटवाया जिससे आवागमन बाधित नही हुआ। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिदिन ओवरलोड ट्रकों की वजह से लोगों को दुर्घटना होने का भय बना रहता है।

## संक्षेप

### देशी शराब के साथ एक महिला सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**बारा।** नए साल के अवसर पर बिहार में शराब तस्करी को लेकर पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। बृहस्पतिवार व शुक्रवार को गहमर पुलिस ने अलग-अलग जगहों से 130 शीशी देसी शराब बरामद करने के साथ बिहार की एक महिला तस्कर सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्करों में बक्सर जिले के धनसोई थाना क्षेत्र के परसियां गांव निवासी हरेराम कुमार, इटाढ़ी थाना क्षेत्र के कोच डेरा निवासी अभय कुमार सिंह, मुफस्सिल थाना बक्सर के नादाव गांव की महिला तेतरी देवी शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि हरेराम कुमार को 45 शीशी देसी शराब के साथ उप निरीक्षक राम कुमार दुबे ने भदौरा तिराहे पर पकड़ा। अभय कुमार सिंह को 40 शीशी देसी शराब के साथ भतौरा रेलवे क्रासिंग के पास से पकड़ा गया। महिला तस्कर तेतरी देवी को 45 शीशी देसी शराब के साथ भदौरा पूर्वी रेलवे क्रासिंग से गिरफ्तार किया गया। सभी तस्करों पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### दस हजार का इनामी गो तस्कर गिरफ्तार

**गहमर/बारा।** गहमर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को कर्मनाशा के तटवर्ती गांव देवल से गो तस्करी करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के ऊपर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के खिलाफ लिखपढ़ी कर चालान कर दिया।शनिवार को गहमर कोतवाली में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि पकड़ा गया वांछित दस हजार का इनामी मोहित बाबू पुत्र राजेंद्र बाबू निवासी भवानीपुर रितौर थाना इकदिल जनपद इटावा को उप निरीक्षक अश्वनी प्रताप सिंह ने गहमर थाना क्षेत्र के देवल गांव से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2022 को गहमर पुलिस को सूचना मिली थी कि गो तस्कर डीसीएम वाहन में गोवंश को बिहार ले जा रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने छह तस्करों को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया गया था। उक्त बदमाश फरार हो गया था जिस पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गहमर कोतवाली के उप निरीक्षक अश्वनी प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ लिखापढ़ी करके चालान कर दिया गया।

### निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का उठाए लाभः दिलीप राठौर

**गाजीपुर।** केवीएस इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर मरदापुर, सादात के तत्वाधान में शनिवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 120 महिलाओं व पुरुषों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। जबकि 165 मरीजों का पंजीकरण किया गया। नेत्र सर्जन डॉ. निशांत सिंह ने नेत्र संबंधी रोग से ग्रसित मरीजों का ऑपरेशन करने के साथ ही चिकित्सकीय सलाह और चश्मा तथा दवा का वितरण किया। संयोजक प्राचार्य इंजी. दिलीप राठौर ने बताया कि फरवरी 2023 तक प्रत्येक शनिवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष से अब तक लगभग 5455लोगों का निःशुल्क सफल ऑपरेशन किया गया था। जबकि इस वर्ष अब तक 780लोगों का पंजीकरण हो चुका है। इनमें से 780लोगों का ऑपरेशन किया जा चुका है। इस शिविर में समीपवर्ती जनपद के लोगों को भी चिकित्सकीय सुविधा दिया जा रहा है। शिविर के आयोजन में प्रशासनिक अधिकारी डॉ रामअवध यादव,अनुज कुमार यादव मनोज यादव, अजीत कुमार, आरके कटारिया, आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### यूपी बोर्ड सहित त्यौहारों को लेकर तीन माह तक 144 धारा लागू

**गाजीपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा, नववर्ष,मकर संक्राति एवं होली पर्व को शांति पूर्ण ढ़ग से संपन कराने के लिए जिला प्रशासन ने तीन माह का 144 धारा लागू किया है। इस आशय की जानकारी एडीएम अरूण कुमार सिंह ने दी है। आगे उन्होंने बताया कि अतिरिक्त शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कोई व्यक्ति ऐसे उपकरण आदि का प्रयोग नहीं करेगा, जो उसके लिए निषिद्ध हो। कोई भी व्यक्ति गलत खबरें या अफवाहें, जिससे शान्ति भंग होने की आशंका हो सकती है, नहीं फैलायेगा और न किसी प्रकार ऐसी अफवाहों को किसी अन्य माध्यम से किसी दूसरे व्यक्ति के पास भेजेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह किसी सार्वजनिक स्थल, धार्मिक स्थान एवं परीक्षा केन्द्र आदि पर नशीले पदार्थों का सेवन किसी भी परिस्थिति में नहीं करेगा। किसी भी धार्मिक स्थल का प्रयोग धार्मिक उन्माद फैलाने, भाषण आदि के लिए नहीं किया जायेगा, उक्त आदेश धार्मिक जुलूसों एवं परम्परागत त्यौहार, शवयात्रा, परम्परागत तथा सार्वजनिक रास्ते गुजरने वाले उक्त जुलूसों पर प्रभावी नहीं होगा। यह जनपद सीमा क्षेत्र में 30 दिसंबर से तीन माह तक अथवा इसके पूर्व जब तक इस आदेश को वापस न ले लिया जाय, प्रभावी रहेगा।


# शीतलहर और बढ़ी ठंड से जनजीवन प्रभावित

**परेशानी**

### घने कोहरे ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें, वाहनों की रफ्तार पर लगा ब्रेक

### कोहरे में लिपटा रहा जिला, वाहनों को हेड लाइट जलाकर पड़ा चलना

**जनसंदेश न्यूज**



विकास भवन चौराहे पर सुबह आठ बजे छाया कोहरा।

**गाजीपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र शनिवार को कोहरे में लिपटा रहा। जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया। छायी घने कोहरे के कारण दो पहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

धुंध के कारण वाहन चालकों को सुबह दस बजे तक वाहनों की हेडलाइट्स के सहारे चलना पड़ा। छाए घने कोहरे से जहां जनजीवन पुरी तरह से प्रभावित हुआ वही सड़क, रेल यातायात भी बाधित रहा, जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ा। कई बसें, ट्रेन अपने समय पर नहीं पहुंचने के कारण यात्री अपने गंतव्य तक समय पर पहुंच सके। सुबह नौ बजे तक क्षेत्र में छायी कोहरे के परत के कारण सौ मीटर की दूरी भी देखना मुश्किल था। जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दस बजे के बाद सूर्य देवता के दर्शन देने के बाद निकली धूप से लोगों को सर्दी से थोड़ी राहत मिली। धुंध के कारण वाहन चालकों को खासकर बसों को भी धीमी गति से चलाया गया। घने कोहरे के कारण लोग दोपहर तक घरों में दुबके रहे। जिससे आमजन जीवन भी प्रभावित हआ। जिले में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन-चार दिनों बाद सर्दी और बढेगी और कोहरे से लोगों को परेशानी भी झेलनी होगी। साथ ही वाहन चालकों को हेड लाइट और पार्किंग लाइट के सहारे चलना पड़ सकता है।

### ट्रेनों की रफ्तार पर लगा ब्रेक,यात्री रहे परेशान

घने कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। डीएमयू समेत एक्सप्रेस गाडियां भी घंटों देरी से चल रही है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरा इतना घना था कि सामने पचास-सौ मीटर दिखना भी मुश्किल हो रहा था। सबसे ज्यादा परेशानी दैनिक यात्रियों को हुई। सिटी रेलवे स्टेशन पर सुबह आठ बजे लखनऊ-छपरा और सुहेलदेव एक्सप्रेस सवा घंटे लेट होने के कारण यात्रियों भी भीड़ और बढ़ गई। सद्भावना अप में सात घंटे तो डाउन में साढ़े तीन घंटे व तिनसुकिया एक्सप्रेस दो घंटे विलम्ब से आई। शुक्रवार रात से ही कोहरा पडना शुरू हो गया था। शनिवार की सुबह होते-होते घना कोहरा छा गया। कोहरे से इस सेक्शन से गुजरने वाली अधिकांश लंबी दूरी की गाडियां तीन से सात घंटे की देरी से चली। रेलवे प्रवक्ता का कहना है कि कोहरे के चलते आने वाले दिनों में भी यही समस्या बनी रहेगी।

# ट्रक लूटकांड का इनामियां बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे



**गहमर/बारा।** गहमर कोतवाली पुलिस ने स्वाट टीम के साथ ट्रक लूटकांड में फरार चल रहे 15 हजार के इनामी वांछित को गिरफ्तार कर लिया है। वांछित का खुलासा प्रभारी निरीक्षक ने गहमर थाने में किया। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने शनिवार को गहमर थाने में खुलासा करते हुए बताया कि सरायकेला जनपद के आदित्यनगर थाना क्षेत्र में 8 सितंबर को 19.64 मिट्रिक टन सरिया लदे झारखंड नंबर ट्रक के चालक का अपहरण कर ट्रक लूट लिया था। ट्रक चालक की हत्या कर शव को झारखंड में फेंक दिया था। मामले में वांछित और पुलिस में मुठभेड़ हुई जिसमें वांछित पुलिस पर फायर कर फरार हो गया था। पुलिस ने लूटा ट्रक बरामद कर लिया था। आरोपी द्वारा 22 सितंबर को सदर कोतवाली पुलिस पर भी फायर किया गया था। आरोपी पर गहमर थाना में विभिन्न मामलों में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने शुक्रवार की शाम वांछित श्रवण कुमार उर्फ छोटू यादव पुत्र रामजी प्रसाद यादव निवासी पंचमहला थाना खुदागंज जनपद नालंदा बिहार को गिरफ्तार कर लिया। उसके ऊपर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गहमर पवन कुमार उपाध्याय, उप निरीक्षक अशोक कुमार तिवारी, उप निरीक्षक सुरेंद्रनाथ सिंह, छोटू राय, कांस्टेबल सद्दाम हुसैन, स्वाट टीम हेड कांस्टेबल आशुतोष सिंह व चंद्रमणि त्रिपाठी आदि रहे।

# दबंगों ने ठेला चालक को पीटा, इलाज के दौरान मौत

**दबंगई**

### बीस रूपए के लिए हुआ था विवाद

**जमानियां।** ठेला चालक से पैसे की विवाद में दबंगों ने लाठी डंडो से पीटकर अधमरा कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

कोतवाली क्षेत्र के सुभानटोली मोहल्ला निवासी ठेला चालक को पैसे की विवाद में सोमवार की दबंग किस्म के लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। तीन दिन बाद शुक्रवार को ठेला चालक का इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी चन्दा का कहना है कि बिते 26 तारीख कि सुबह करीब 8 बजे मेरे पति अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने गये। जहां से वापसी के दौरान पठानटोली मोहल्ला निवासी अतायेवारीश खां उर्फ फुद्दून मिले। जिनके पास मेरे पति का 20 रूपया बाकि था। मेरे पति ने जब पैसा मांगा तो उसने गाली गलौज करते हुए उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर घायल मेरे पति खलील शाह उर्फ बुधन (32) को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमानियां में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान घायल ठेला चालक की तीन दिन शुक्रवार की सुबह करीब 12 बजे मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस के कब्जे में होगा।

### पुलिस ने लुटेरे को पकड़ा,दो साथी फरार

**नंदगंज।** थाना क्षेत्र के अतरसुआ ओवर ब्रीज के समीप शनिवार को सुबह एक लुटेरे को पुलिस ने घटना के 12 घंटे के अंदर धर दबोचा उसके पास लूट गई मोबाइल तथा एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने सम्बन्धित धारा में चालान कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष महेन्द्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 9:30 बजे सम्मनपुर निवासी अमीन पुत्र आसिफ बस से इलाहाबाद से आकर अतरसुआ हाइवे ओवर ब्रिज के पास बस से उतरकर पैदल अपने घर सम्मनपुर जा रहा था। तभी सिहोरी के पास एक बाइक से तीन लोग आये और उसे रोककर उसके पास से मोबाइल तथा 4700 रुपया नगद छिनकर धमकाते हुए भाग गये। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गयी। इसी बीच उपनिरक्षक रमेश पटेल अपने हमराहियों के साथ शनिवार को रामपुर बन्तरा हाइवे पर सुबह सात बजे गस्त कर रहे थे कि मुखबिर की सूचना पर की अतरसुआ ओवरब्रिज के पास कुछ लुटेरे बाइक से किसी घटना को अंजाम देने के लिए खड़े है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुँची तो लुटेरे पुलिस को देखते ही भागने लगे ।पुलिस ने एक लुटरे को दौड़ाकर धर दबोचा। जबकि अन्य दो युवक भाग गए। पकड़े गए युवक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम विकास पासी निवासी डिहिया बताया। उसने अपने साथियों का नाम पता बताया है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल और एक बाइक बरामद किया है। पकड़े गये युवक को सम्बन्धित धारा में चालान कर जेल भेज दिया गया । थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़ा गया युवक अपने साथियों के साथ हाइवे पर राहगीरों को लूटते रहते थे। पुलिस को इनकी बहुत दिनों से तलाश थी। भागे युवकों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# ओमजी ग्रुप के संस्थापक स्व. सूर्यनाथ सिंह को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**श्रद्धांजलि**

### पुण्यतिथि पर कॉलेज संचालक राजनीतिज्ञ और समाजसेवियों ने किया प्रतिभाग



ओम जी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन जखनियां में स्व. सूर्यनाथ सिंह की पुण्यतिथि में श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोग।

**गाजीपुर।** अखिल भारतीय अनएडेड विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय एसो. नई दिल्ली के राष्ट्रीय महासचिव व ओम जी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन जखनियां के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमार सिंह के पिता स्व. सूर्यनाथ सिंह को उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर नम आंखों से याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। शास्वत सूर्यवंशी महाविद्यालय अतिगांवा प्रांगण में शनिवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा और स्मृति भोज में जनपद से लगायत प्रदेश के अन्य जनपदों से पधारे शिक्षा जगत से जुड़े लोगों और राजनीतिज्ञों तथा समाजसेवियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। स्वभाव से काफी सरल और मृदुभाषी रहे स्व. एसएन सिंह ने परोपकार को अपनी जिंदगी का लक्ष्य बनाकर जीवन जीने का काम किया। इस अवसर पर डॉ. मनोज, अमित,शिवकांत,संजय सिंह, टिंकू, ओम, अनिल यादव, विपिन सिंह, अटल सिंह, सर्वानन्द सिंह झुन्ना, आलोक यादव, उमेश यादव, डॉ. विजय बहादुर यादव, सुरेन्द्र यादव, जवाहिर यादव, रामचन्द्र, पप्पू यादव, रामनगीना यादव, भुल्लन सिंह, विमल सोनकर, बाला यादव, संतोष यादव, देशबंधु यादव चिंटू, प्रमोद कुमार पप्पू, अजीत सिंह काली, अर्जुन पाण्डेय, डब्लू, वीरेंद्र यादव सहित अनेक कालेजों के प्रबन्धक व गणमान्यजन मौजूद रहे।

### गरीबों की सेवा के प्रति रहें सदैव तत्पर

गाजीपुर जिले के जखनियां तहसील अंतर्गत अतिगांवा ग्राम स्थित एक साधारण परिवार में 10 जुलाई 1950 को जन्में स्व. एसएन सिंह एक साधारण परिवार से थे। वह दूरसंचार विभाग में ऑफिस सुपरिटेंडेंट (ओ.एस.) के पद पर सेवा देते हुए सेवानिवृत्त हुए। अपने जीवनकाल में असहायों व जरूरतमंदों की सेवा के प्रति सदैव तत्पर रहे।



देश के राष्ट्र प्रेमी जनों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
राम सागर यादव उर्फ मुखिया
अध्यक्ष-सिरसा सहकारी क्रय विक्रय समिति लिमिटेड
सिरसा, मेजा, प्रयागराज।


समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023 HAPPY NEW YEAR
लाला जंगी लाल इंटर कालेज
संतोष कुमार जैन (पूर्व प्रधान)/प्रबंधक
राजेश तिवारी-प्रधानाचार्य
कोहड़ार, मेजा, प्रयागराज।


समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023 HAPPY NEW YEAR
सावित्री देवी
पत्नी-हरिशंकर पटेल
ग्राम प्रधान-पथापुर, माण्डा, प्रयागराज।


समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023 HAPPY NEW YEAR
यामवंत सिंह


2023 HAPPY NEW YEAR
प्रबन्धक
हृदय शंकर त्रिपाठी
पं० राम कैलाश त्रिपाठी महाविद्यालय एवं इंटर कालेज
सिरौठी दोहथा, माण्डा, प्रयागराज।


समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023 HAPPY NEW YEAR
देशराज सिंह
जिला पंचायत सदस्य
पौसिया, मेजा, प्रयागराज।


समस्त देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
पंचायत का सम्पूर्ण विकास ही लक्ष्य
2023
श्रीमती गायत्री मिश्र
(मेजा प्रमुख)
गंगा प्रसाद मिश्र
(प्रतिनिधि)
पता-ढेरहन, मेजा, प्रयागराज।


समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023 HAPPY NEW YEAR
रामनाथ कुशवाहा (प्रबंधक)
तनय पाण्डेय (निदेशक)
बाबा विश्वनाथ क्रेशर ग्रुप
सैबसा, माण्डा, प्रयागराज।


समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023
जी.एस.आर.एम. क्रेशर प्लांट
भटौती, मेजा, प्रयागराज
राजेश्वर मिश्र (निदेशक)
पंकज शुक्ल (प्रबंधक)


समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023 HAPPY NEW YEAR
उर्मिला तिवारी
निवेदक-रमेश तिवारी


समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023 HAPPY NEW YEAR
रमेश कुमार
(ग्राम प्रधान)
निवेदक-अशोक जैन
कोहड़ार, मेजा, प्रयागराज


समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023 HAPPY NEW YEAR
सोनू कुमार पटेल
(ग्राम प्रधान)


समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023
ए.के. इंटरप्राइजेज
भटौती, मेजा, प्रयागराज
मुन्ना पाठक (निदेशक)
संदीप उपाध्याय (प्रबंधक)


समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023
सन स्टोन क्रेशर प्लांट
भटौती, मेजा, प्रयागराज
देवेंद्र पाल सिंह (निदेशक)
विनय यादव (प्रबंधक)


समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023
आलम स्टोन क्रेशर प्लांट
भटौती, मेजा, प्रयागराज
सरफराज (निदेशक)
सैफ भाई (प्रबंधक)


समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023
प्रकाशदीप एसोसिएट क्रेशर प्लांट
भटौती, मेजा, प्रयागराज
दीपक चौरसिया
प्रकाश गोयल (निदेशक)
अनुप दुबे (प्रबंधक)


समस्त क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023
जैन फिलिंग स्टेशन
सिकंदरा, फूलपुर, प्रयागराज
अशर्फी लाल जैन-पूर्व ब्लाक प्रमुख
(निदेशक)


HAPPY NEW YEAR 2023
रेखा देवी मिश्रा
विनोद कुमार मिश्र


नव वर्ष 2023
एस.एस. इंटरप्राइजेज
मो0 7897130201


नव वर्ष 2023
रामदीन भारतीय (ग्राम प्रधान)
मो0 9838503646


समस्त ग्राहकों एवं ईष्ट मित्रों को नव वर्ष एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
2023
जय माँ भगवती ईंट उद्योग
121 ईंट मार्का
अरूण कुमार सिंह (पंडित)
बरेठी, सैदाबाद, हंडिया, प्रयागराज
मो0: 9415254215


समस्त क्षेत्रवासियों एवं ग्रामवासियों व ईष्टमित्रों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई
2023
जीवन रक्षा हॉस्पिटल
पुष्पा पटेल फाउण्डेशन
डॉ० जितेंद्र पटेल, डॉ० पवन कुमार
पता- बलीपुर, उतरांव, प्रयागराज
मो0: 9838383364


माँ प्रिंटिंग एण्ड एडवरटाइजिंग
विजिटिंग कार्ड
गोल स्टीकर
कार स्टीकर
पोस्टर
कलेण्डर
पॉकेट डायरी
फ्लेक्स बोर्ड-होर्डिंग-बैनर
ग्लोसाईन बोर्ड
स्टीकर पोस्टर
हैण्डबिल
8896080971


2023
जंग बहादुर सिंह पटेल पी.जी. कालेज
चेयरमैन
प्रमोद कुमार सिंह
प्रबंधक
ममता सिंह


समस्त क्षेत्रवासियों एवं ईष्ट मित्रों को नव वर्ष एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
बजरंग धर्मकांटा
नव वर्ष 2023
विकास ब्रिक फील्ड
ट्रेड मार्क TPS ईंट उद्योग
मंडौर, पहाड़पुर, जगतपुर, प्रयागराज
लवकुश सिंह
मो0: 09794360008


समस्त क्षेत्रवासियों एवं ईष्ट मित्रों को नव वर्ष एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
2023
मेसर्स छेदीलाल सिंह एण्ड ब्रदर्स
ईंट उद्योग, ट्रेडमार्क D.P.S.
पता- पहाड़पुर, जगतपुर, प्रयागराज
धर्मपाल सिंह
मो0: 9936888841


नव वर्ष मंगलमय हो!
2023
आदर्श नगर पंचायत लालगंज के समस्त सम्मानित नगरवासियों को नव वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकामनायें एवं बधाई
आइये, विकास की डगर लालगंज नगर को सुसज्जित बनाने का पावन नूतन संकल्प साकार करें।
संतोष द्विवेदी
प्रतिनिधि चेयरमैन लालगंज
अनीता द्विवेदी
चेयरमैन लालगंज


शिक्षक एकता जिन्दाबाद! श्रद्धेय मा0 पंचानन राय अमर रहें! श्रद्धेय ओम प्रकाश शर्मा अमर रहें!
समस्त देशवासियों, प्रदेशवासियों एवं शिक्षक समुदाय को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
शिक्षक संघर्षों हेतु सदैव समर्पित
इलाहाबाद-झाँसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से माध्यमिक शिक्षक संघ के अधिकृत प्रत्याशी
सुरेश कुमार त्रिपाठी
एम.एल.सी. / नेता शिक्षक दल
प्रदेश अध्यक्ष-उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ
के नाम के सामने 1 लिखकर
भारी बहुमत से विजयी बनायें।
9415905914, 9415309609
sureshkumarmlc@gmail.com
sureshkumarmlc



नववर्ष 2023 की हार्दिक शुभकामनाएं
DEV SPORTS PUBLIC SCHOOL
9415317615
9415029661
www.dspsnaini.com


sangharsh
नव वर्ष 2023 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
नूर मोहम्मद
सलाहकार
यमुना पार विकास संघर्ष समिति
मो0: 9335107432, 8115339992
9554799113
चकबबूरा अलीमा बाद, शाह जी का पूरा, नैनी, प्रयागराज।


MAHARISHI VIDYA MANDIR
SENIOR SECONDARY SCHOOL – ENGLISH MEDIUM
Doorvani Nagar, Naini, Allahabad-211008
Affiliated to Central Board of Secondary Education (CBSE/Affl/2130476), School code No. 70012
SALIENT FEATURES OF SCHOOL
Registration Open (L.K.G to IX)
100 % Result-consequently 19 years.
All India structural facilities available.
Regular Practice of Transcendental Meditation and Vedic Science classes
Maharishi Consciousness based education system.
Computer Education.
Co-scholastic Activities, yoga, indigenous Sports.
Teaching through smart classes.
Well qualified and experienced teaching staff.
All the classes taken honestly.
Happy New year 2023
Well equipped Science Lab, Library & Computer Lab.
Maharishi Regional and Maharishi National cultural meet every year.
Vedic Life training classes
No corner of education left uncovered during Covid.
All the co-curricular activities carried virtually in all the classes.
All efforts shown by the teachers & all initiative taken by the school to run on line classes effectively during Covid period.



सेंसेक्स
223.60 अंक की बढ़त के साथ 61,133.88 अंक पर बंद हुआ



सोना
21 रुपये नीचे आकर 54963 रुपये प्रति 10 ग्राम

# बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार एक फीसदी चढ़ा

## - सेंसेक्स 293 अंकों की गिरावट के साथ 60840 पर बंद




**मुंबई।** भारतीय इक्विटी बाजार में तीन सप्ताह की गिरावट का सिलसिला टूट गया। ये पिछले कारोबारी हफ्ते (2022 के अंतिम सप्ताह) के दौरान एक प्रतिशत से अधिक बढ़ गया। वोलेटिलिटी मंथली फ्यूचर एंड ऑप्शन एक्सपायरी और चीन द्वारा कोविड प्रतिबंधों में छूट के बीच 30 दिसंबर को समाप्त हुए हफ्ते में बढ़त देखने को ?मिली। बीते सप्ताह शेयर बाजार में उतार चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर बैंकिंग यूटिलिटीज एफएमसीजी पावर और टेक समेत 12 समूहों में हुई बिकवाली से साल के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। बीते पांच कारोबारी ?दिनों पर नजर डालें तो सोमवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 90 अंकों की गिरावट के साथ 59755 के लेवल पर खुला और 721 अंकों की तेजी के साथ 60566 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 24 अंकों की बढ़त के साथ 17830 पर खुला और 207 अंकों की तेजी के साथ 18014 पर बंद हुआ। सेंसेक्स मंगलवार को 295 अंकों के उछाल के साथ 60861 पर खुला और 361.01 अंकों की मजबूती के साथ 60927.43 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी में 197 अंकों की तेजी के साथ 42827 पर खुला और 117.70 अंकों की बढ़त के साथ 18132.30 अंकों पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 115 अंकों की गिरावट के साथ 60811 पर खुला और 17 अंकों की गिरावट के साथ 60910 पर बंद हुआ। निफ्टी 47 अंकों की गिरावट के साथ 18084 पर खुला। बैंक निफ्टी 126 अंकों की गिरावट के साथ 42733 पर खुला और 9 अंकों की गिरावट के साथ 18122 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 278 अंकों की गिरावट के साथ 60631 पर खुला और 223 अंकों की बढ़त के साथ 61133 पर बंद हुआ। निफ्टी में 142 अंकों की गिरावट के साथ 42684 पर खुला और 424 अंक चढ़कर 43252 अंकों पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 103.99 अंकों की बढ़त के साथ 61237.87 पर खुला और 293 अंकों की गिरावट के साथ 60840 पर बंद हुआ। निफ्टी 41.60 अंकों की बढ़त के साथ 18232.60 पर खुला और 85 अंकों की गिरावट के साथ 18105 पर बंद हुआ।

### टाटा कंज्यूमर ने जोकेल्स के 23 प्रतिशत अतिरिक्त शेयर खरीदे

**मुंबई।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने 43.65 करोड़ रुपए में एक अनुषंगी कंपनी के जरिये दक्षिण अफ्रीका स्थित जोकेल्स टी पैकर्स के 23.3 प्रतिशत अतिरिक्त शेयर हासिल किए हैं। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी एक सूचना में कहा ?कि कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ओवरसीज होल्डिंग्स लिमिटेड (टीसीपी ओवरसीज) ने टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स यूके ग्रुप के जरिये दक्षिण अफ्रीका के अपने संयुक्त उद्यम भागीदारों से जोकेल्स टी पैकर्स की शेयर पूंजी का 23.3 प्रतिशत खरीदने का फैसला किया है। इसमें कहा गया है कि यह सौदा शेयरधारक करार और शेयर खरीद समझौते की शर्तों के अनुरूप है। इसे टीसीपी ओवरसीज जोकेल्स और संयुक्त उद्यम भागीदारों ने अंतिम रूप दिया है। टाटा समूह की एफएमसीजी इकाई ने हिस्सेदारी के अधिग्रहण की लागत पर कहा कि यह सौदा 43.65 करोड़ रुपये और समायोजित राशि पर हुआ है। इस अधिग्रहण से जोकेल्स में टीसीपी ओवरसीज की हिस्सेदारी 51.7 प्रतिशत से बढ़कर 75 प्रतिशत हो गई है।

## बुनियादी उद्योगों का उत्पादन नवंबर में 5.4 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** कोयला उर्वरक इस्पात सीमेंट और बिजली क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से देश के आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन नवंबर में 5.4 प्रतिशत बढ़ गया जबकि एक साल पहले इसकी वृद्धि 3.2 प्रतिशत रही थी। जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार नवंबर महीने में कच्चा तेल प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पादन में गिरावट आई। इसके पहले अक्टूबर महीने में आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 0.9 प्रतिशत रही थी। आठ बुनियादी उद्योगों कोयला कच्चा तेल प्राकृतिक गैस रिफाइनरी उत्पाद उर्वरक इस्पात सीमेंट और बिजली की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान आठ प्रतिशत रही है जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 13.9 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार कोयला उत्पादन में सालाना आधार पर इस साल नवंबर में 12.3 प्रतिशत उर्वरक में 6.4 प्रतिशत इस्पात 10.8 प्रतिशत सीमेंट 28.6 प्रतिशत और बिजली में 12.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कुल औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में बुनियादी उद्योगों का भारांश 40.27 प्रतिशत है। इससे इसका असर औद्योगिक उत्पादन पर भी दिखेगा। सरकार नवंबर महीने का आईआईपी आंकड़ा जनवरी 2023 के दूसरे सप्ताह में जारी कर सकती है। इस बारे में रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि बुनियादी उद्योगों में वृद्धि का असर औद्योगिक उत्पादन सूचकांक पर दिखेगा और इसमें तीन से चार प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। हालांकि इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि बुनियादी उद्योगों का पुनरुद्धार व्यापक नहीं है क्योंकि रिफाइनरी उत्पाद कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस का प्रदर्शन अभी भी कमजोर बना हुआ है। उसने कहा ?कि हालांकि आठ बुनियादी उद्योगों में नवंबर में सालाना आधार पर वृद्धि से औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को मदद मिलेगी।

### लगातार दूसरे सप्ताह घटा देश का विदेशी मुद्रा भंडार

**मुंबई।** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह कमी देखी गई है। 23 दिसंबर 2022 को समाप्त सप्ताह के दौरान यह 69.1 करोड़ डॉलर घटकर 562.808 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले 16 दिसंबर 2022 को समाप्त सप्ताह के दौरान भी विदेशी मुद्रा भंडार घटा था। तब यह 57.1 करोड़ डॉलर घटकर 563.499 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले लगातार पांच सप्ताह तक विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई थी। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से सामने आई है। यदि बीते 23 दिसंबर और 16 दिसंबर को समाप्त सप्ताह को छोड़ दें तो इससे पहले लगातार पांच सप्ताह तक भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में अच्छी बढ़ोतरी हुई थी। नौ दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.91 अरब डॉलर बढ़कर 564.06 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इससे पिछले सप्ताह देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 11 अरब डॉलर बढ़कर 561.16 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। अक्टूबर 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था लेकिन वैश्विक घटनाक्रमों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपए की विनियम दर में तेज गिरावट को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग करने की वजह से बाद में इसमें गिरावट आई थी।

## 2023 में सोने का निवेश दे सकता हैं पैसा 61 हजार के आंकड़े को छू सकता है

### मार्च 2022 से पूरे साल सोने की कीमतों में मंदी दिखाई दी



**नई दिल्ली।** साल 2022 गोल्ड निवेश के लिए ज्यादा उत्साहजनक नहीं रहा। मार्च 2022 से पूरे साल सोने की कीमतों में मंदी दिखाई दी। हालांकि पिछले कुछ माह में पीली धातु की कीमतों में तेजी आई है। सोने की कीमतों में इनदिनों ताबड़तोड़ तेजी देखने को मिल रही है। गोल्ड के भाव ने 56000 रुपये के लेवल को पार कर गया है। आगामी वर्ष में भी तेजी का रुझान दिख रहा है।

एलबीएमए गोल्ड स्पॉट 1800 डॉलर प्रति औंस के स्तर के करीब कारोबार कर रहा है। इससे पहले कीमत 2000 डॉलर से ऊपर पहुंच गई थी। वहीं 2022 के मध्य में 1615 डॉलर के निचले स्तर पर थीं। जो लगातार 7 माह का निचला स्तर था। दूसरी ओर डॉलर इंडेक्स (डीएक्सवाई) में तेजी का कारोबार हुआ है और यह 114 के स्तर पर पहुंच गया है। तब से कीमत गिरावट के मोड में है।


सोने की कीमत सितंबर 2022 में 49000 रुपये के आस पास थी। वहीं दिसंबर माह की शुरूआत में 55000 रुपये से बढ़कर 56191 के उच्च स्तर पर पहुंच गई। जो 2023 में टूटने के लिए सबसे बड़ी बाधा होगी। अगर गोल्ड के रेट में इसी तरह की तेजी बरकरार रहती है तब 2023 में और तेजी की उम्मीद कर सकते हैं।

जानकारों का मानना है कि दुनियाभर के सेंट्रल बैंक लगातार गोल्ड में खरीदारी कर रहे हैं। इसकारण गोल्ड में तेजी की उम्मीद की जा सकती है। कमोडिटी जानकारों का मानना है कि अगले साल तक गोल्ड का भाव 58888 से 61111 के लेवल पर पहुंच सकता है। वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के बीच दिल्ली सरार्फा बाजार में शुक्रवार को सोना 205 रुपये की तेजी के साथ 55210 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इससे पिछले सत्र में सोने का भाव 55005 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि चांदी 30 रुपये की गिरावट दशार्ते हुए 69698 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

### अमेजन फ्रेश ने सुपर वैल्यू डेज की घोषणा की

**नई दिल्ली।** बेहतरीन अंदाज में नए साल की शुरूआत करें और 8 जनवरी तक अमेजन फ्रेश पर इस सुपर वैल्यू डेज के दौरान अपनी जरूरत के किराने के सामान की खरीद करें। इस विंटर सीजन के आनंद को और शानदार बनाने के लिए स्ट्रॉबेरी, शहतूत, गाजर, पालक, मेथी जैसी सीजन की पसंदीदा चीजों के साथ रोजमर्रा की जरूरी चीजों को अपने कार्ट में शामिल करें। कस्टमर्स अमेजन फ्रेश पर खरीदारी करके जरूरी किराना, घरेलू सामान, पैकेज्ड फूड, स्नैक्स और बेव्रिजिज, स्टेपल आदि पर 45% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। दावत, हिमालय, फॉर्च्यून, गोदरेज, और डाबर जैसे लोकप्रिय ब्रांडों के कुछ उम्दा ऑफर के साथ अपनी फेवरेट विंटर रेसिपीज को अपने पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग में शामिल करें। कस्टमर्स 4 से 7 जनवरी 2023 तक न्यूनतम 2,500 रुपये के ट्रांजेक्शन और 300 रुपये तक की छूट के साथ आईसीआईसीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10% के इंस्टेंट डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं।

## इक्विटी निवेशकों की संपत्ति 2022 में 16.36 लाख करोड़ बढ़ी



**मुंबई।** विश्लेषकों ने कहा कि बेहतर व्यापक आर्थिक बुनियाद खुदरा निवेशकों का विश्वास और 2022 के आखिर के महीनों में विदेशी निवेशकों की वापसी से घरेलू इक्विटी में तेजी देखी गई। शेयर बाजारों के निवेशकों की संपत्ति इस साल 16.36 लाख करोड़ रुपए से अधिक बढ़ी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और मुद्रास्फीति की चिंताओं के बावजूद शेयर बाजार नयी ऊंचाई पर पहुंच गया। साल के शुरूआती दौर में रूस-यूक्रेन युद्ध से बाजारों को झटका लगा था। रूस ने जब 24 फरवरी को यूक्रेन पर अपना हमला शुरू किया तो 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2702.15 अंक की भारी गिरावट दर्ज करते हुए 54529.91 अंक पर बंद हुआ। बाद के महीनों में प्रमुख सूचकांक ने खोई हुई जमीन को पुनः प्राप्त किया और इस वर्ष 29 दिसंबर तक 2880.06 अंक चढ़ गया। अमेरिका आधारित हेज फंड हेडोनोवा के सीआईओ सुमन बनर्जी का कहना है कि बाजार ने भू-राजनीतिक तनाव और तेल की बढ़ती कीमतों के सामने लचीलेपन का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि 2022 में भारतीय शेयर बाजार ने चुनौतियों और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बावजूद बढ़त दर्ज की। उन्होंने कहा कि इस साल खुदरा निवेशकों ने भी भारतीय अर्थव्यवस्था में बहुत भरोसा दिखाया और एसआईपी में निवेश 2022 में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

### राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स का शेयर कर रहा शानदार परफॉर्म

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफएल) भारत सरकार का एक एंटरप्राइज है। यह यूरिया कॉम्प्लेक्स फर्टिलाइजर्स बायो-फर्टिलाइजर्स 100 प्रतिशत पानी में घुलनशील उर्वरकों और औद्योगिक रसायनों की विस्तृत श्रृंखला का निर्माण करता है। लगभग 7600 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ यह अपने सेक्टर के सबसे मजबूत खिलाड़ी में से एक है। राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स (आरसीएफ) के स्टॉक ने शानदार परफॉर्म किया है। यह शेयर मजबूत खरीदारी के कारण 6 प्रतिशत से अधिक चढ़ा है। तकनीकी रूप से शेयर ने तेज वी-शेप रिकवरी की है। यह निचले स्तरों पर मजबूत सपोर्ट का संकेत दे रहा है। शेयर में खरीदारी की भावना काफी मजबूत है। जैसा कि वॉल्यूम में वृद्धि से स्पष्ट है क्योंकि यह 30-दिन की औसत वॉल्यूम से अधिक है। वर्तमान में स्टॉक अपने 52-सप्ताह के उच्च स्तर के पास कारोबार कर रहा है।

## दो हफ्तों में क्रूड ऑयल के दाम में 8 फीसदी का इजाफा



**मुंबई।** वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल के दाम में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है और साल के आखिरी कारोबारी दिन क्रूड ऑयल के दाम में करीब 3 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है। खास बात तो ये है कि दो हफ्तों में क्रूड ऑयल के दाम में 8 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है। उसके बाद भी देश के चारों महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है। 22 मई के बाद देश के चारों महानगरों में आखिरी बार फ्यूल के दाम में बदलाव देखने को मिला था। जानकारों की मानें तो साल 2023 के पहले महीने से पेट्रोल और डीजल के दाम में बदलाव देखने को मिल सकता है। साल के आखिरी कारोबारी दिन क्रूड ऑयल के दाम में करीब 3 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है। ब्रेंट क्रूड ऑयल शुक्रवार को 3 फीसदी कर तेजी के साथ 86 डॉलर प्रति ओंस पर बंद हुए जबकि 16 दिसंबर के बाद से ब्रेंट क्रूड ऑयल के दाम में 8.19 डॉलर प्रति बैरल का इजाफा देखने को मिल चुका है। वहीं दूसरी ओर अमेरिकी क्रूड ऑयल की कीमत में भी ढाई फीसदी से ज्यादा तेजी देखने को मिली है। आंकड़ों के अनुसार 2.60 फीसदी की तेजी के साथ 80.44 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुए हैं। वैसे दो हफ्तों में डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल के दाम में 8 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है। दूसरी ओर देश के चारों महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है।

## भारत में प्रतिबंध के बाद भी आठ माह में 30 फीसदी बढ़ा गेहूं का निर्यात



**नई दिल्ली।** इस साल देश में गेहूं के दाम में भारी बढ़ोतरी हुई है। इस समय आम आदमी के उपयोग का खुला आटा भी 35 रुपए किलो बिक रहा है। बाजार में गेहूं की बढ़ती कीमतों को देखते हुए इस साल मई में ही इसके निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। तब भी इस साल अप्रैल से नवंबर तक गेहूं के निर्यात में करीब 30 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह जानकारी केंद्र सरकार के निर्यात आंकड़ों से मिली है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक प्रतिबंध के बावजूद गेहूं का निर्यात पिछले साल से भी ज्यादा रहा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान यह 29.29 फीसदी बढ़ कर 1.50 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल इसी अवधि में 1.17 अरब डॉलर के गेहूं का निर्यात हुआ था। उल्लेखनीय है कि घरेलू बाजार में गेहूं की बढ़ती कीमतों को देखते हुए केंद्र सरकार ने मई में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि अनुरोध करने वाले देशों की खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए गेहूं के थोड़ा-बहुत निर्यात करने की अनुमति है।

भारत से इस साल सबसे ज्यादा गेहूं का निर्यात बंगलादेश को हुआ है। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास परिषद के आंकड़ों के मुताबिक इस साल बंगलादेश को 4082843 मिलियन टन गेहूं का निर्यात किया गया। इससे भारत को 889398.88 लाख रुपए मिले। बांग्लादेश के बाद भारत से सबसे ज्यादा गेहूं का निर्यात श्रीलंका को किया गया। वहां इस साल अभी तक 582917 मिलियन टन गेहूं का निर्यात किया गया। इसके बाद संयुक्त अरब अमिरात का स्थान रहा। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक इस साल के शुरूआती आठ महीने में बासमती चावल का निर्यात भी बढ़ा है।

अप्रैल-नवंबर 2022 के दौरान चावल का निर्यात 39.26 फीसदी बढ़ कर 2.87 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इसी अवधि में गैर-बासमती चावल का निर्यात 5 फीसदी बढ़कर 4.2 अरब डॉलर का रहा। चालू वित्त वर्ष के आठ महीनों में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात 16 प्रतिशत बढ़कर 17.43 अरब डॉलर का हो गया।

## नए साल के साथ कुछ नियमों में होगा बदलाव गाड़ी खरीदना पड़ेगा महंगा



**नई दिल्ली।** दिसंबर का महीना खत्म होने वाला है। अगले सप्ताह से नए साल यानी 2023 की शुरूआत होगी। नए साल में कई इसतरह के बदलाव होने जा रहे हैं जिनके बारे में आपको जानकारी होना चाहिए है। ये बदलाव सीधे आपकी जेब पर असर डालने वाले हैं। नए साल पर बैंकिंग और बीमा सहित कई सेक्टरों में बदलाव होने जा रहे हैं। नए साल पर जहां गाड़ियों के दाम बढ़ रहे हैं। वहीं क्रेडिट कार्ड के नियमों में भी बदलाव हो रहा है। एनपीएस से ऑनलाइन निकासी की सुविधा भी बंद होगी। ज्यादातर महीने की पहली तारीख या पहले सप्ताह में सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में बदलाव होता है। कमर्शियल सिलेंडरों की कीमतें नवंबर 2022 की शुरूआत में घटी थीं। हालांकि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था। दिल्ली और मुंबई में महीने के शुरूआती हफ्ते में पेटोलियम कंपनिया गैस के दाम में बदलाव करती है। हालांकि पिछले कुछ महीनों में दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में सीएनजी और पीएनजी के रेट में बढ़ोतरी हुई है। 2023 में गाड़ियों के दाम बढ़ जाएंगे। मारुति सुजुकी किया इंडिया एमजी मोटर हुंडेई आदि ज्यादातर कार कंपनियां नए साल से अपनी गाड़ियों के रेट बढ़ाने की बात कह चुकी हैं। इसके बाद नए साल पर आपको गाड़ी खरीदने पर ज्यादा पॉकेट ढीली करनी होगी। इसी के साथ अगर आपकी गाड़ी में अभी तक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी है तब इस फटाफट लगवा लें। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की अगर समय सीमा नहीं बढ़ाई गई तब आपको 5 हजार तक का भारी जुमार्ना भरना पड़ सकता है। अगर आप क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं तब इसमें आपको रिवार्ड प्वाइंट्स मिलते हैं। अगर आपके क्रेडिट कार्ड में रिवार्ड प्वाइंट्स हैं तब उन्हें रिडीम (भुना) जरूर लें। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक कई बैंकों में रिवार्ड प्वाइंट्स संबंधी नियम भी 1 जनवरी 2023 से बदलने वाले हैं। इसकारण इन रिवार्ड प्वाइंट्स का इस्तेमाल दिसंबर में ही कर लें। इधर एक जनवरी 2023 से 5 करोड़ रुपये से ज्यादा के बिजनेस करने वालों के लिए ई इनवायसिंग यानी इलेक्ट्रानिक बिल निकालना अनिवार्य होगा। पहले यह सीमा 20 करोड़ रुपये थी। साल 2023 से इंश्योरेंस प्रीमियम महंगा हो सकता है। आईआरडीए वाहनों के इस्तेमाल और उनके रख-रखाव के आधार पर बीमा प्रीमियम को लेकर नए नियमों पर विचार कर रहा है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि नए साल से लोगों को महंगे इंश्योरेंस प्रीमियम का झटका लग सकता है।

## संक्षेप

### अडानी समूह के पास अब एनडीटीवी की 64.71 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** अडानी समूह ने मीडिया कंपनी एनडीटीवी के संस्थापक प्रणय रॉय और उनकी पत्नी राधिका रॉय के पास मौजूद 27.26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने के साथ ही इस टेलीविजन नेटवर्क पर अपना पूर्ण नियंत्रण स्थापित कर लिया। अडानी एंटरप्राइजेज ने शेयर बाजारों से कहा ?कि कंपनी की परोक्ष अनुषंगी और एनडीटीवी के प्रवर्तक समूह में शामिल आरआरपीआर ने एनडीटीवी में प्रणव रॉय और राधिका रॉय की 27.26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण परस्पर अंतरण के माध्यम से कर लिया है। इस हिस्सेदारी खरीद के साथ ही अडानी समूह के पास अब एनडीटीवी की कुल 64.71 प्रतिशत हिस्सेदारी आ गई है। मीडिया कंपनी पर अडानी समूह का नियंत्रण स्थापित होने के कुछ देर बाद ही रॉय दंपती ने चार अन्य निदेशकों के साथ इस्तीफा दे दिया। प्रणव रॉय और राधिका रॉय एनडीटीवी के कार्यकारी सह-चेयरपर्सन थे। इस्तीफा देने वाले निदेशकों में डेरियस तारापोरवाला और स्वतंत्र निदेशक किंशुक दत्ता इंद्राणी रॉय एवं जॉन मार्टिन ओलॉन शामिल हैं। इसके साथ ही एनडीटीवी की तरफ से कहा गया कि उसके निदेशक मंडल ने अमन कुमार सिंह को गैर-कार्यकारी अतिरिक्त निदेशक और सुनील कुमार को गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। पिछले हफ्ते भी अडानी समूह ने संजय पुगलिया और सेंथिल एस चेंगलवरयन को निदेशक मनोनीत किया था।

### गेहूं का रकबा 30 दिसंबर तक 3.59 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** गेहूं का कुल रकबा एक साल पहले की तुलना में 3.59 प्रतिशत बढ़कर 325.10 लाख हेक्टेयर हो गया है। रबी फसलों की बुवाई अब समाप्त होने की ओर है। शुक्रवार को जारी कृषि मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। रबी की मुख्य फसल गेहूं की बुवाई अक्टूबर से शुरू हो गई थी। मक्का ज्वार चना और सरसों अन्य प्रमुख रबी फसलें हैं। इन फसलों की कटाई अगले साल मार्च अप्रैल में शुरू होगी। ताजा आंकड़ों के अनुसार किसानों ने फसल वर्ष 2022-23 (जुलाई-जून) के मौजूदा रबी सत्र में 30 दिसंबर तक 325.10 लाख हेक्टेयर से भी अधिक रकबे में गेहूं की बुवाई की है जबकि पिछले वर्ष यह रकबा 313.81 लाख हेक्टेयर था।जिन राज्यों में बुवाई का रकबा अधिक रहा है उनमें उत्तर प्रदेश (3.59 लाख हेक्टेयर) राजस्थान (2.52 लाख हेक्टेयर) महाराष्ट्र (1.89 लाख हेक्टेयर) गुजरात (1.10 लाख हेक्टेयर) बिहार (0.87 लाख हेक्टेयर) मध्य प्रदेश (0.85 लाख हेक्टेयर)छत्तीसगढ़ (0.66 लाख हेक्टेयर) पश्चिम बंगाल (0.21 लाख हेक्टेयर) जम्मू और कश्मीर (0.08 लाख हेक्टेयर) असम (0.02 लाख हेक्टेयर) और झारखंड (0.03 लाख हेक्टेयर) शामिल हैं। कृषि मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि रबी फसलों की बुवाई अब तक लगभग पूरी हो चुकी है। उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में बुवाई गन्ने की कटाई के बाद जनवरी में की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि किसानों ने वर्ष 2023 में भी समर्थन मूल्य से अधिक कीमत मिलने की उम्मीद में अधिक रकबे में गेहूं की बुवाई की है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल की परिसंपत्तियां 2.5 लाख करोड़ के पार पहुँचीं

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 2.5 लाख करोड़ को पार कर चुकी हैं, जो कंपनी के प्रति इसके ग्राहकों द्वारा जताए गए भरोसे को दशार्ता है। यह ग्राहकोन्मुखी उत्पादों की पेशकश, नए व्यापार प्रीमियम में वृद्धि, उद्योग-अग्रणी स्थिरता अनुपात, बेहतर ग्राहक सेवा और बेहतरीन जोखिम-समायोजित रिटर्न प्रदान करने का परिणाम है।कंपनी ने 22 साल पहले दिसंबर 2000 में परिचालन शुरू किया था और वित्त वर्ष 2001 के अंत में लगभग 100 करोड़ का एयूएम था। कंपनी को 50,000 करोड़ का एयूएम हासिल करने में नौ साल लगे और 1 लाख करोड़ के आंकड़े को पार करने में 14 साल लगे। तब से, कंपनी को अपनी प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एयूएम) को दोगुना करके 2 लाख करोड़ करने में केवल छह साल लगे हैं और अगले 50,000 करोड़ को बढ़ाने में दो साल से थोड़ा कम समय लगा है, जिससे इसका कुल एयूएम 2.5 लाख करोड़ हो गया है। कंपनी द्वारा अपने एयूएम में 150 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 1 लाख करोड़ का आंकड़ा पार किए जाने के बाद से, इसकी वृद्धि की रफ्तार अधिक तेज हुई है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ 30 सितंबर, 2022 तक के न्यू बिजनेस सम एश्योर्ड के मामले में 15.7 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी के साथ निजी बाजार में अग्रणी बना हुआ है। परिवारों को वित्तीय सुरक्षा देकर उन्हें सक्षम बनाने में जीवन बीमा ने समाज में प्रमुख भूमिका निभाई है।

### सीडीपी ने यस बैंक की रेटिंग को 'ए-' लीडरशिप बैंड में अपग्रेड किया

**नई दिल्ली।** यस बैंक ने घोषणा की कि उसे 2022 के जलवायु परिवर्तन के खुलासे के लिए कार्बन डिस्क्लोजर प्रोजेक्ट (सीडीपी) द्वारा 'ए-' रेटिंग से सम्मानित किया गया है। इस रेटिंग को प्राप्त करने से बैंक जलवायु प्रकटीकरण के लिए उच्चतम रेटिंग वाला भारतीय बैंक बन जाता है, जो इस क्षेत्र में एक जलवायु नेता के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि करता है। सीडीपी वार्षिक रूप से वैश्विक संगठनों को उनके जलवायु-संबंधी प्रदर्शन के आधार पर रेटिंग देता है। येस बैंक ने 12 में से 8 जलवायु-संबंधित प्रकटीकरण श्रेणियों में 'लीडरशिप बैंड' (ए/ए-) अर्जित किया, जिसमें जलवायु प्रशासन, स्कोप 1, 2 और 3 उत्सर्जन रिपोर्टिंग, उत्सर्जन में कमी की पहल, जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया, पोर्टफोलियो प्रभाव और शामिल हैं। जलवायु लक्ष्य, दूसरों के बीच में। सीडीपी के 680 से अधिक संस्थागत निवेशक हस्ताक्षरकताओं द्वारा रेटिंग तक पहुंचने की सूचना है, जिनकी कुल संपत्ति 130 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है। यस बैंक सीडीपी के लिए पहला भारतीय बैंकिंग हस्ताक्षरकर्ता था और 2009 से कार्बन खुलासा कर रहा है।

### होनासा कंज्यूमर लिमिटेड ने सेबी के यहाँ डीआरएचपी दाखिल किया

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2022 में परिचालन से प्राप्त राजस्व के मामले में भारत की सबसे बड़ी डिजिटल-फर्स्ट ब्यूटी एंड पर्सनल केयर (बीपीसी) कंपनी (स्त्रोतः रेडसीर रिपोर्ट) और लोकप्रिय ब्रांड 'मामाअर्थ' की ओनर, होनासा कंज्यूमर लिमिटेड (कंपनी) ने बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के यहाँ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।कंपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गमों (आईपीओ) के माध्यम से इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य ? 10) की पेशकश के जरिए धन जुटाने की योजना बना रही है। इस आईपीओ में कुल 400 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू (फ्रेश इश्यू) और विक्रेता शेयरधारकों द्वारा 46,819,635 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ऑफर फॉर सेल) शामिल है। कंपनी ने नए निर्गम से होने वाली शुद्ध आय का उपयोग अग्रलिखित कार्यों में करने हेतु प्रस्ताव किया है - अपने ब्रांडों के बारे में जागरूकता और दृश्यता बढ़ाने के लिए के लिए विज्ञापन व्यय हेतु 186 करोड़ की राशि; कंपनी द्वारा नए ईबीओ की स्थापना हेतु 34.23 करोड़ की राशि का पूंजीगत व्यय; और 27.52 करोड़ की राशि से नए सैलून स्थापित करने के लिए अपनी सहायक कंपनी भबानी ब्लंट हेयरड्रेसिंग प्राइवेट लिमिटेड (बीब्लंट) में निवेश; और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य एवं अज्ञात इनऑर्गेनिक अधिग्रहण।ऑफर फॉर सेल में - वरुण अलघ के 3,186,300 तक इक्विटी शेयर और गजल अलघ (प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स) के 100,000 इक्विटी शेयर; इवॉल्वेंस इंडिया कोइन्वेस्ट पीसीसी द्वारा अपने सेल ई के जरिए निवेश किए गए 220,613 इक्विटी शेयर, इवॉल्वेंस इंडिया फंड थर्ड लिमिटेड के 862,987 इक्विटी शेयर, फायरसाइड वेंचर्स इन्वेस्टमेंट फंड -वन के 7,972,478 इक्विटी शेयर, सोफिना वेंचर्स एस.ए. के 19,133,948 इक्विटी शेयर और स्टेलारिस वेंचर पार्टनर्स इंडिया क (₹इन्वेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर₹) के 12,755,965 इक्विटी शेयर; कुणाल बहल के 777,672 इक्विटी शेयर, ऋषभ हर्ष मारीवाला के 477,300 इक्विटी शेयर, रोहित कुमार बंसल के 777,672 इक्विटी शेयर और और अन्य विक्रेता शेयरधारकों के शेयर शामिल हैं।

समस्त क्षेत्रवासियों एवं जनपदवासियों को
नूतन वर्ष एवं मकरसंक्रान्ति की
हार्दिक शुभकामनाएं
डा. आर. के. वर्मा
विधायक
रानीगंज, प्रतापगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को
नूतन वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकानाएँ-
रमेश प्रताप सिंह
प्रबन्धक
प्रताप कालेज ऑफ आई.टी.
एण्ड मैनेजमेंट समटेक कम्प्यूटर सेन्टर
रानीगंज, प्रतापगढ़

समस्त जनपदवासियों को
नूतन वर्ष एवं मकरसंक्रान्ति
की हार्दिक शुभकामनायें
मा. जीतलाल पटेल
विधायक
विधान सभा
विश्वनाथगंज, प्रतापगढ़
नि0-आशीष पटेल
प्रतिनिधि

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
नरेश कुमार
प्रधान
सांगीपुर, लालगंज, प्रतापगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
लोकेश श्रीवास्तव
प्रबन्धक
ब्लाक कार्यकारिणी
वि0ख0 बाबा बेलखरनाथ धाम, प्रतापगढ़

नगर पंचायत गड़वारा से अध्यक्ष पद हेतु
भावी प्रत्याशी
श्रीमती
अंशू सिंह
पत्नी
डॉ. मनीष सिंह
7800946699

समस्त क्षेत्रवासियों को
नूतन वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकानाएँ-
अबरार अहमद
प्रबन्धक
जे.आई.एम.
हसन सेकेण्ड्री
स्कूल
रजा नगर, सेमरा, प्रतापगढ़

एन.आर.एस. परिवार की तरफ से समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष, मकरसंक्रान्ति
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
अरुण सिंह (राजू) एडवोकेट/पूर्व प्रधान
विश्वनाथगंज, मानधाता-प्रतापगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकानाएँ-
विमला देवी विश्वकर्मा
ग्राम प्रधान
पूरे सुखदेव मानधात-प्रतापगढ़ (उ0प्र0)
वरुण कुमार
(पंचायत मित्र)

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकानाएँ-
राम सिंह प्रधान
ढेकाही-प्रतापगढ़ (उ0प्र0)

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
डा. अखिलेश जायसवाल
अधीक्षक
सी0एच0सी0 पट्टी, प्रतापगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
डा. सलीम
मेमोरियल पाली क्लीनिक
मेन रोड, पट्टी-प्रतापगढ़ (उ0प्र0)

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
महेन्द्र प्रताप सिंह
(रिंकू सिंह)
प्रधान
पिचूरा, लालगंज, प्रतापगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
संतोष कुमार गुप्ता
संचालक-ग्राहक सेवा केन्द्र
एस.बी.आई.
भगवतगंज, मानधाता, प्रतापगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
सुनील कुमार
प्रधानाचार्य
पूर्व माध्यमिक विद्यालय
वि0ख0 बाबा बेलखरनाथ धाम, प्रतापगढ़

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा.)
नव वर्ष
की हार्दिक शुभकामनाएं
पं. राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी
पं0 प्रवीण मिश्र
प्रदेश प्रभारी

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
डा0 अकील अख्तर
(बीएसी/बी.ए.एम.एस.)
जनहित क्लीनिक
मो0-8004298623, 7007198099

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
विकास
प्रधान
सहेरुआ, विश्वनाथगंज, प्रतापगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
डा. राजीव सिंह
डायरेक्टर
नारायण स्वरूप हॉस्पिटल, रानीगंज-प्रतापगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
मो. अल्ताब हुसैन
समाज सेवी
विष्णूपुर, रानीगंज, प्रतापगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकानाएँ
एवं ढेर सारी बधाई
आर.आर. एकेडमी
डा. डी.एस. गुप्ता
प्रबन्धक
पट्टी, प्रतापगढ़
रोजी धामा
प्रधानाचार्य

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
सुमित इंजीनियरिंग
वर्क शॉप
प्रो0-सुमित सिंह, रानीगंज, प्रतापगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
माँ हास्पिटल
निकट टी.बी. हॉस्पिटल
सदर मोड़ रोड, प्रतापगढ़
निवेदक-
डा. आर0ए0 खान

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
रमेश प्रताप सिंह
एडवोकेट/जिलाध्यक्ष
हिन्दू जागरण मंच, प्रतापगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
रमानन्द मिश्र
मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ
मानधाता
उपाध्यक्ष-प्राथमिक शिक्षक संघ, प्रतापगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
ज्ञान सिंह यादव
जिलाध्यक्ष
उ0प्र0 विद्यालय प्रबन्धक
एसोसिएशन, प्रतापगढ़ व प्रयागराज

सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों, अभिभावकों एवं प्यारे बच्चों को
नूतन वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकानाएँ-
आशुतोष
प्रभारी प्रधानाध्यापक
उच्च प्राथमिक विद्यालय, नरहरपुर पट्टी, प्रतापगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
पवन कुमार शुक्ला
प्रधानाचार्य
मनीष मेमोरियल हाईस्कूल, रानीगंज

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
राजेश तिवारी
पूर्व प्रधान/प्रधान प्रतिनिधि
नरहरपट्टी, मानधाता-प्रतापगढ़

समस्त क्षेत्रवासियों को नूतन वर्ष 2023 की
हार्दिक शुभकानाएँ-
गायत्री बेकर्स
गायत्री चाट भण्डार
प्रो0-राज सांगीपुर, लालगंज, प्रतापगढ़

# स्पोर्ट्स

## पंत के एक्सीडेंट की तस्वीरे और विजुअल साझा करने वालों को रोहित की पत्नी ने लताड़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज ऋषभ पंत के एक्सीडेंट के बाद से उनके कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसतरह के वीडियो से परेशान होकर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह ने पंत की दुर्घटना की तस्वीरें और विजुअल साझा करने वालों को लताड़ लगा दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा किसी इसतरह के व्यक्ति की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करने के लिए आपको शर्म आनी चाहिए जो आहत हैं। उनके परिवार और दोस्त हैं जो उन छवियों से बुरी तरह प्रभावित थे। बता दें कि पंत के माथे दाहिने घुटने पीठ टखने और कलाई में चोटें आई हैं। हालांकि डॉक्टरों ने हड्डी संबंधी किसी गंभीर चोट से इनकार किया है। उनका पहले रुड़की के अस्पताल में इलाज किया गया और बाद में देहरादून रेफर कर दिया गया। घटना के वक्त कई वाहन हाइवे पर दौड़ रहे थे जिस वक्त एक्सिडेंट हुआ उस समय कोहरा भी ज्यादा नहीं था क्योंकि सीसीटीवी फुटेज में ऋषभ की गाड़ी सरपट दौड़ते हुए नजर आई थी।



# हॉस्पिटल में भर्ती पंत को बीसीसीआईने सुनाई खुशखबरी

## सूर्यकुमार के बल्ले से फूटा रनों का ज्वालामुखी, गेंदबाजी में भुवनेश्वर ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने साल 2022 के टेस्ट में अपने दो बेस्ट खिलाड़ी चुने हैं। इसमें एक बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं। बीसीसीआई ने अपने ट्विटर पर ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह की फोटो भी शेयर की। साथ ही उनके साल 2022 के वह आंकड़े भी शेयर किए हैं, जो उन्होंने क्रिकेट के मैदान पर बनाए। बता दें कि ऋषभ पंत ने 2022 में भारतीयों में सबसे ज्यादा 7 टेस्ट मैच खेले, जिसकी 12 पारियों में 680 रन बनाए। वह इस साल सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय भी हैं। पंत ने इस दौरान दो शतक और चार अर्धशतक जमाए हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पांच टेस्ट मैच खेले, जिसकी 10

### जसप्रीत बुमराह की भी बल्ले-बल्ले

पारियों में सबसे ज्यादा (भारतीयों में) 22 विकेट लिए।

आपको बता दें कि क्रिकेटर ऋषभ पंत एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे और उनका देहरादून के मैक्स अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पंत शुक्रवार तड़के अपनी मसीर्डीज बेंज कार से देहरादून जा रहे थे, तभी दिल्ली-देहरादून मार्ग पर झपकी लगने के कारण उनकी कार सड़क पर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसमें आग लग गई। पंत कार का शीशा तोड़कर बाहर निकले और अपनी जान बचाई। ऋषभ पंत के माथे,




दाहिने हाथ की कलाई, दाहिने पैर का घुटना, टखना और अंगूठे में चोट लगी और उनके दाहिने घुटने का लिगामेंट फट गया है। पहले दिन उनके चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी भी हुई थी।

***ऋषभ पंत इलाज के लिए मुंबई शिफ्ट किया जा सकता***

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के इलाज में कोई कोताही नहीं बरतना चाहता है। बोर्ड उन्हें इलाज के लिए मुंबई शिफ्ट किया जा सकता है। ताकि, बोर्ड की मेडिकल टीम की देखरेख में पंत के लिगामेंट का इलाज होगा। जरूरत पड़ने पर उन्हें विदेश भी भेजा जा सकता है। फिलहाल, देहरादून के मैक्स हास्पिटल में पंत का इलाज चल रहा है। उनके ब्रेन और स्पाइट की टफ्क्ररिपोर्ट नॉर्मल आई है। शनिवार को एक्टर अनुपम खेर और दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर श्याम शर्मा पंत से मिलने पहुंचे।

साल 2022 का आज (31 दिसंबर) आखिरी दिन है। इस मौके पर बीसीसीआई ने साल 2022 के टी20 इंटरनेशनल में अपने दो बेस्ट खिलाड़ी चुने हैं। इसमें बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और एक तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार हैं। बीसीसीआई ने अपने ट्विटर पर सूर्यकुमार यादव और भुवनेश्वर कुमार की फोटो भी शेयर की। वहीं भारत के लिए स्टाइलिश बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने टी20 इंटरनेशल में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं तो वहीं विकेट लेने के मामले में भुवनेश्वर कुमार सबसे आगे हैं। बता दें कि टीम इंडिया के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने साल 2022 में 31 इंटरनेशनल टी20 मैचों में 1164 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार यादव ने इस साल दो शतक के अलावा नौ बार पचास रनों का आंकड़ा पार किया। सूर्या भारत के ओर से टी20 फॉर्मेट में एक साल के अंदर 1000 रन बनाने वाले पहले और दुनिया के दूसरे बैट्समैन बने। टीम इंडिया के गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार इस साल टी20 इंटरनेशनल में कमाल की गेंदबाजी की है। भुवनेश्वर ने इस साल 32 मुकाबले खेले हैं और 37 विकेट झटके हैं। उन्होंने साल 2022 में टी20 इंटरनेशनल में सिर्फ 6.98 की इकॉनमी से बॉलिंग की है। वहीं उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर चार रन देकर पांच विकेट रहा। उधर, बीसीसीआई ने साल 2022 के वनडे इंटरनेशनल में अपने दो बेस्ट खिलाड़ी चुने हैं।

### मोहन बागान क्लब में जल्द होगा 'पेले गेट', सचिव देवाशीष दत्ता ने की घोषणा

**कोलकाता।** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलरों में से एक और 45 साल पहले कोलकाता में मैच खेलने वाले पेले के निधन पर फुटबॉल के दीवाने इस महानगर में भी शोक की लहर छा गई। पेले का कैंसर से जूझने के बाद ब्राजील के साओ पाउलो के एक अस्पताल में निधन हो गया था। मोहन बागान के लिए यह काला दिवस था क्योंकि यह देश का एकमात्र क्लब है जिसके खिलाफ तीन बार के विश्व कप विजेता पेले ने एक प्रदर्शनी मैच में हिस्सा लिया था। पेले के निधन के कारण मोहन बागान ही नहीं उसके चिर प्रतिद्वंदी ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने भी अपने झंडे आधा झुका दिए।

### सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब से जुड़े रोनाल्डो एक साल में कमा सकते हैं 200 मिलियन डॉलर

**लंदन।** पुर्तगाल के सुपर स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो मोटी धनराशि पर सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नासर से जुड़ गए हैं जिसे मध्य पूर्व के फुटबॉल के लिए बड़ी घटना माना जा रहा है लेकिन इससे यूरोप का दिग्गज खिलाड़ी खेल के शीर्ष मंच से गायब हो जाएगा। अल नासर ने पांच बार के बैलन डिओर विजेता रोनाल्डो की तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की है जिसमें वह टीम की जर्सी पकड़े हुए हैं। रोनाल्डो ने इससे पहले इस क्लब के साथ जून 2025 तक करार किया। क्लब ने कहा, इस करार से न सिर्फ क्लब को अच्छी सफलताएं हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी बल्कि इससे हमारी लीग, हमारे देश और भविष्य की पीढ़ियों को भी सर्वश्रेष्ठ करने की प्रेरणा मिलेगी। इस 37 वर्षीय फुटबॉल स्टार का यह करियर का अंतिम करार हो सकता है जिसके लिए उन्हें मोटी धनराशि मिलेगी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पुर्तगाल का यह स्टार इस करार से प्रतिवर्ष 200 मिलियन डॉलर की कमाई कर सकता है जिससे वह फुटबॉल के इतिहास में सर्वाधिक भुगतान पाने वाला खिलाड़ी बन जाएगा। रोनाल्डो ने एक बयान में कहा कि वह एक अलग देश में नई फुटबॉल लीग का अनुभव हासिल करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने यूरोपीय फुटबॉल में वह सब हासिल किया जो मैं कर सकता था और मुझे लगता है कि एशिया में अपना अनुभव साझा करने का यह सही समय है।




## सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में रबाडा शीर्ष व लियॉन दूसरे पायदान पर

### कोई भी भारतीय गेंदबाज टॉप फाइव में शामिल नहीं

**नई दिल्ली ।** साल 2022 वैसे टी20 विश्व कप से भरपूर रहा क्योंकि सभी टीमें ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व के लिए तैयारियां कर रहीं थी। हालांकि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के कारण अब टेस्ट क्रिकेट को भी काफी तरजीह मिल रही है। साल 2021 में टेस्ट चैंपियनशिप का पहला खिताब न्यूजीलैंड ने जीता था और इस चैंपियनशिप का दूसरा संस्करण 2023 में खेला जाना है। टेस्ट चैंपियनशिप में अपनी जगह मजबूत करने के लिए साल 2022 में टीमों में होड़ मची हुई है। इस दौरान कई बल्लेबाजों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया और कई गेंदबाजों ने टेस्ट चैंपियनशिप में अपनी टीम के जगह पक्की के लिए पूर जोर लगा



दिया। साल 2022 सर्वअधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की बात करें तब ऑस्ट्रेलिया के नॉथन लियॉन और दक्षिण-अफ्रीका के कगिसो रबाडा 47-47 विकेट चटकाकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने।

**1.कगिसो रबाडा** (47 विकेट)- दक्षिण अफ्रीका के इस धुरंधर तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा साल 2022 के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट गेंदबाज बने। रबाड़ा ने इस साल कुल 9 मैच खेले और 22.25 की औसत के साथ 47 विकेट चटकाए।

**2. नाथन लियॉन** (47 विकेट) - ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नॉथन लियॉन ने भी इस साल 47 विकेट लिए लेकिन वह लिस्ट पर दूसरे नंबर पर हैं। रबाडा ने यहां 9 मैचों में 47 विकेट चटकाईं वहीं लियॉन ने 11 मैचों में इतने विकेट हासिल किए। नॉथन लियॉन का इस दौरान गेदबाजी की औसत 20.06 की रही।

**3.जैक लीच** (46 विकेट) -इंग्लैंड के स्पिनर जैक लीज साल 2022 में टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर रहे। उन्होंने 14 टेस्ट मैचों में 38.28 की औसत के साथ 46 विकेट हासिल की।

**4.स्टुअर्ट ब्रॉड** (40 विकेट) इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ड ब्रॉड इस साल चौथे सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। ब्रॉड ने 9 मैचों में 40 विकेट लिए और इस दौरान उनकी औसत 25.75 की रही।

**5.मार्को जेनसन** (36 विकेट)-दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज मार्को जेनसन टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामलें में पांचवे नंबर पर रहे। उन्होंने 8 मैचों में 19.02 की औसत के साथ 36 विकेट लिए।

### बॉलीवुड न्यूज

#### लाल सिंह चड्ढा की ओटीटी और टीवी रिलीज के बाद सोशल मीडिया पर ट्रेंड हुआ



मुंबई। सुपरस्टार आमिर खान हमेशा अपने करियर के दौरान दर्शकों के लिए कुछ बेहतरीन कंटेंट लेकर सामने आए हैं। 2022 में भी उन्होंने अपने इसी सिद्धांत को फॉलो किया और हमें 'लाल सिंह चड्ढा' जैसी एक शानदार फिल्म दी, जिसने अपने ओटीटी रिलीज और हाल ही में वर्ल्ड टेलीविजन रिलीज के बाद लोगों का दोगुना प्यार हासिल किया है। आमिर खान और करीना कपूर खान स्टारर इस फिल्म का जादू फिर से दर्शकों को पर चला क्योंकि फैमिली ऑडियंस ने फिल्म को फिर से तलाशा और छोटे पर्दे पर भी इसका भरपूर आनंद लिया। जबकि कुछ ने लाल सिंह चड्ढा को 'देश की बेस्ट निर्मित फिल्मों में से एक' बताया, तो वहीं दूसरों ने ओटीटी और टेलीविजन पर अपने घरों में आराम से देखने के दौरान इसे सूदिंग और सेटिस्फाइंग इफेक्ट वाली फिल्म कहा। 'लाल सिंह चड्ढा' को भारतीय दर्शकों के बीच कई नए प्रशंसक भी मिले, जो सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने से चूक गए। वैसे ये कोई हैरानी की बात नहीं है, क्योंकि आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों के साथ भावनाओं को गहराई से छूने में कामयाब रहे हैं, जो बड़े पैमाने पर दर्शकों के साथ जुड़ी हुई हैं। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज होने पर दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल चुकी है, जहां कुछ ने इसे मास्टरपीस कहा, तो कुछ को ये अपने आप में खास लगी। इन प्रतिक्रियाओं को देखते हुए, यह कहना सही होगा कि दर्शकों को आमिर खान की लाला सिंह चड्ढा से एक बार फिर से प्यार हो गया है।

## 2022 भारतीय टीम के लिए रहा खराब

**मुंबई।** टीम इंडिया साल 2023 की चुनौती के लिए तैयार है। 2022 की बात करें तब एक और साल भारतीय टीम आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत सकी। इस साल 2 आईसीसी टूनार्मेंट है। इसके बाद रोहित शर्मा से लेकर हार्दिक पंड्या तक पर सभी की नजर रहेगी। पंड्या को टी20 टीम की कमान दी जा सकती है। 3 जनवरी से श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही टी20 सीरीज के लिए उन्हें कप्तान बनाया गया है। हालांकि सीनियर खिलाड़ियों को सीरीज से आराम दिया गया है। वनडे सीरीज से कप्तान रोहित सहित सभी सीनियर खिलाड़ी वापसी कर रहे हैं।

टीम ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 वर्ल्ड कप संतोषजनक प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। सेमीफाइनल में टीम को इंग्लैंड से 10 विकेट से करारी हार मिली थी। इसके बाद केएल राहुल से लेकर सीनियर खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार तक के प्रदर्शन पर सवाल उठे थे। भुवनेश्वर को टी20 और वनडे टीम से बाहर कर

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्डकप इसी साल

### 2023 में टीम के सामने चुनौतियां अपार

दिए गए हैं। वहीं राहुल वनडे और टी20 में उम्मीद के मुताबिक खेल नहीं दिखा सके हैं। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए बतौर विकेटकीपर टीम में रखा गया है। यानी वे बतौर बल्लेबाज अपनी जगह खो चुके हैं। 2023 की बात करें तब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के अलावा वनडे वर्ल्ड कप भी होना है।



शिखर धवन भी वनडे टीम से अपनी जगह खो चुके हैं।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जून में इंग्लैंड में होना है। उससे पहले भारतीय टीम को 9 फरवरी से ऑस्ट्रेलिया से 4 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। यह सीरीज चैंपियनशिप का हिस्सा है। फाइनल की रेस में बने रहने के लिए टीम को यह सीरीज जीतना जरुरी हैं। टेबल में कंगारू टीम अभी टॉप पर है जबकि भारतीय टीम दूसरे नंबर पर है। वनडे वर्ल्ड कप की बात की जाए तब मुकाबले अक्टूबर-नवंबर में भारत में ही होने है। इसकारण मेजबान होने के नाते भारतीय टीम प्रबल दावेदार मानी जा रही है। भारत ने अंतिम बार वर्ल्ड कप 2011 में घर में ही जीता था। तब एमएस धोनी की कप्तानी में टीम टाइटल जीतने में सफल रही थी। भारतीय टीम को 2013 से आईसीसी ट्रॉफी का इंतजार है। टीम ने अंतिम बार धोनी की ही कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिय में हुए टी20 वर्ल्ड कप का खिताब इंग्लैंड ने जीता।

### अस्पताल में ऋषभ पंत से मिलने पहुंचे अनिल कूपर और अनुपम खेर



**देहरादून।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर और अनुपम खेर ने शनिवार को देहरादून के मैक्स अस्पताल पहुंचकर क्रिकेटर ऋषभ पंत से मुलाकात की। मैक्स अस्पताल से बाहर निकलने के बाद अनिल कपूर ने संवाददाताओं से कहा, पंत की स्थिति ठीक है। हम उनसे प्रशंसकों के रूप में मिले। आइए हम प्रार्थना करें कि वह जल्द ठीक हो जाएं और हम उन्हें फिर से खेलते हुए देखें। वह फाइटर हैं, पूरे देश की दुआएं उनके साथ हैं। अनिल कपूर के साथ पंत से मिलने अस्पताल पहुंचे अनुपम खेर ने कहा कि उन दोनों ने युवा क्रिकेटर को खूब हंसाया। खेर ने कहा, सब कुछ ठीक है। हम पंत, उनकी मां और रिश्तेदारों से मिले। वे सब ठीक हैं। हमने उन्हें खूब हंसाया। हादसे में पंत के सिर, पीठ और पैर में चोटें आई हैं। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि पंत की हालत स्थिर है। आपको बता दें कि क्रिकेटर ऋषभ पंत एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे और उनका यहां के इस अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पंत शुक्रवार तड़के अपनी मसीर्डीज बेंज कार से देहरादून जा रहे थे, तभी दिल्ली-देहरादून मार्ग पर झपकी लगने के कारण उनकी कार सड़क पर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसमें आग लग गई।

## भारतीयों के लिए उपलब्धियों भरा रहा 2022



**नई दिल्ली।** थॉमस कप में ऐतिहासिक जीत भारतीय बैडमिंटन के लिए किवदंती बन गई जबकि नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग खिताब जीतकर अपने 'सुपरस्टार' दर्जे में इजाफा किया लेकिन 22 गज की पिच पर क्रिकेट टीम का संघर्ष 2022 में भारतीय खेलों के लिए खट्टे मीठे नतीजों से भरा रहा। हॉकी में महिला टीम ने प्रेरणादायी प्रदर्शन जारी रखते हुए बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता। ओलंपिक चैम्पियन नीरज भले ही 90 मीटर दूर भाला नहीं फेंक सके लेकिन एलीट टूनार्मेंट में पोडियम में शीर्ष स्थान से उनकी महानता का कद ऊंचा होना जारी रहा। हालांकि पहलवान रवि दहिया अपनी ओलंपिक सफलता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और विश्व चैम्पियनशिप के पहले ही दौर से बाहर हो गये। दहिया जैसे जुनूनी और मेहनती पहलवान को यह हार सबसे ज्यादा सालती होगी। अब उनके 2023 में बेहतरीन प्रदर्शन की आस है जिसमें पेरिस ओलंपिक के कोटे दाव पर लगे होंगे। दहिया के इस तरह बाहर होने की बिलकुल उम्मीद नहीं थी, वहीं थॉमस कप में पुरूष बैडमिंटन खिलाड़ियों के साथ भी ऐसा ही था जिन्होंने ऐतिहासिक खिताबी जीत से भारत को बैडमिंटन में पावरहाउस बनने की राह पर ला दिया है। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पिछले दो वर्षों से शानदार प्रदर्शन दिखा रहे हैं और मई में बैंकाक में खेले गये इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में चीन और इंडोनेशिया के दबदबे को खत्म करने में उनके प्रदर्शन ने अहम भूमिका अदा की। पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन जैसे स्थापित सितारे कोर्ट पर वैसा प्रदर्शन नहीं दिखा सके जिसकी उनसे उम्मीद थी लेकिन उन्होंने बीडब्ल्यूएफ टूर पर कई खिताब जीतकर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। बैडमिंटन खिलाड़ियों ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अपना प्रभावी प्रदर्शन जारी रखा और तीन स्वर्ण सहित छह पदक (एक रजत और दो कांस्य भी) अपने नाम किये। नीरज हालांकि ग्रोइन चोट के कारण राष्ट्रमंडल खेलों में शिरकत नहीं कर सके लेकिन इससे पहले वह अमेरिका में विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतकर अंजू बॉबी जॉर्ज के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय एथलीट बने। अंजू ने 2003 पेरिस चरण में कांस्य पदक जीता था। सितंबर में वह डायमंड लीग सीरीज के फाइनल्स में स्वर्ण पदक जीतकर यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बने। डायमंड लीग के स्टॉकहोम चरण में वह दूसरे स्थान पर रहे थे और 89.94 मीटर दूर भाला फेंककर 90 मीटर के करीब पहुंच गये थे। वहीं कम से कम छह शीर्ष भारतीय एथलीट को प्रतिबंधित पदार्थ का इस्तेमाल करने के लिये पकड़ा गया और इन पॉजिटिव डोप मामलों से राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियां प्रभावित हुईं। भारतीय पहलवानों से राष्ट्रमंडल खेलों में दबदबा बनाने की उम्मीद थी लेकिन दहिया इसमें जूझते नजर आये, अमन सहरावत ने 57 किग्रा वर्ग में प्रगति की जो अलमाटी में बोलात तुरलीखानोव में स्वर्ण पदक जीतकर अंडर-23 विश्व चैम्पियन बने। विनेश फोगाट भी जूझती दिखी लेकिन ग्रीको रोमन पहलवानों और जूनियर पहलवानों ने बड़े मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन किया जिससे भारतीय कुश्ती के लिये वर्ष शानदार रहा। अंतिम पंघाल अंडर-20 विश्व चैम्पियन बनी और जब विनेश नहीं होंगी तो वह 53 किग्रा वजन वर्ग में भारत के लिये सर्वश्रेष्ठ पहलवान हो सकती हैं। भारतीय हॉकी टीमों ने ऊपर की ओर बढ़ना जारी रखा जिसमें महिलाओं ने पुरूषों पर बाजी मारी। महिला टीम ने 16 वर्षों के बाद राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता। पुरूष टीम ने भी रजत पदक जीता लेकिन फाइनल में आस्ट्रेलिया से मिली 0-7 की हार निराशाजनक रही। भारतीय पुरूष हॉकी टीम को आस्ट्रेलिया से हुई श्रृंखला में 1-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक के अलावा विश्व चैम्पियनशिप से दूसरा पदक भी अपनी झोली में डाला। वहीं खेल को नये नायक जेरेमी लालरिनुंगा और अचिंता शेयुली के रूप में मिले जो बर्मिंघम में 10 पदक विजेताओं में शामिल रहे। भारत को खेल में हर्षदा गरूड़ के रूप में जूनियर विश्व चैम्पियन मिला। भारतीय प्रशंसक चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में विराट कोहली के लाजवाब शॉट्स कभी नहीं भूलेंगे और इस पारी को बार बार देखना चाहेंगे। कोहली ने साबित किया कि टी20 प्रारूप में भी बल्लेबाजी एक कला ही है। कोहली ने लंबे प्रारूप में कप्तानी छोड़ दी जिसके बाद बीसीसीआई से उनके रिश्ते और कड़वे हो गये जब उन्हें वनडे कप्तानी से हटा दिया गया। कहा जा सकता है कि 2022 में भारतीय क्रिकेट में मैदान के अंदर और बाहर माहौल अराजकता भरा रहा। मुख्य बल्लेबाजों का संघर्ष बहस का विषय बना रहा जिसमें कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल शामिल रहे। उनके बल्लेबाजी रवैये पर सवाल उठाये गये क्योंकि टीम को अकसर पावरप्ले ओवरों में उनके इस संघर्ष का खामियाजा भुगतना पड़ा। वहीं हार्दिक पांड्या राष्ट्रीय टीम के नये कप्तान के तौर पर सामने आये क्योंकि रोहित को विश्व कप में एक बार फिर सेमीफाइनल में मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा जिसमें टीम इंग्लैंड के हाथों हार गयी। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में एक टेस्ट श्रृंखला भी गंवा दी। जहां स्थापित खिलाड़ी जूझते दिखे तो एक बल्लेबाज जिसने प्रशंसकों और विशेषज्ञों को मंत्रमुग्ध किया वो थे सूर्यकुमार यादव। उनकी गेंद को स्ट्राइक करने की काबिलियत असाधारण थी जिससे उनकी तुलना महान क्रिकेटर एबी डिविलियर्स से की गयी। जिस तरह से सौरव गांगुली का बीसीसीआई अध्यक्ष के तौर पर कार्यकाल खत्म हुआ, उसकी भी काफी आलोचना हुई।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# इस साल भी सौगातों से 'मालामाल' होंगे काशीवासी




**पर्यटन विकास, स्वास्थ्य, अच्छी सड़कें, पुलिस लाइन में बैरक, आरओबी, इनडोर स्टेडियम, स्मार्ट मीटर और कई पावन पथों का मिलेगा उपहार**

अंग्रेजी कैलेंडर के नये साल 2023 का आज आगाज हो चुका है। 2014 के बाद से बीते साल 2022 तक हमारे सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी को लगातार विकास कार्यों समेत कई माध्यमों से गिफ्ट देते रहे हैं। यह सिलसिला अभी थमा नहीं है। इस नववर्ष में भी यह क्रम थमेगा नहीं। काशीवासियों को मोदी 2023 में भी सौगातों से 'मालामाल' करेंगे। अबकी कई सड़कें, आरओबी समेत तमाम उपहार मिलने वाले हैं। इस साल बनारस की झोली में जो 'उपहार' आने वाले हैं, उन पर एक नजर संक्षिप्त दृष्टि डालते हैं



## गिफ्ट में अंतरराष्ट्रीय बालिका छात्रावास और कई सड़कें



50 करोड़ रुपये की लागत से अंतरराष्ट्रीय बालिका छात्रावास, 806 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-56 पर 63.36 किमी लंबे सुल्तानपुर-वाराणसी खंड में फोर लेन चौड़ीकरण, 949 करोड़ रुपये की लागत से वाराणसी रिंग रोड फेज-2 पैकेज-2 मार्ग, शहरी क्षेत्र में 345.15 करोड़ रुपये की लागत से गैस वितरण परियोजना आगामी मार्च तक पूर्ण करनी थी लेकिन यह प्रोजेक्ट पूर्ण कर लिये जाने का दावा है, 9.51 किमी लंबी लहरतारा-बीएचयू रवींद्रपुरी कॉलोनी होकर विजया सिनेमा तक 241.80 करोड़ की लागत से सड़क चौड़ीकरण, पांडेयपुर क्षेत्र स्थित काली मंदिर से आजमगढ़ मार्ग तक 218.66 रुपये करोड़ रुपये की लागत से सड़क चौड़ीकरण होकर जनपदवासियों को मिलेगा।

## गांवों के हर घर में होगा नल और कई पावन पथ

शहर के इस वर्ष मिलने वाले विकास से जुड़े उपहारों में बाबतपुर रेलवे स्टेशन के निकट 32.76 करोड़ रुपये की लागत से टू लेन आरओबी, हर घर नल योजना में 428 करोड़ रुपये की लागत से 143 ग्रामीण पेयजल परियोजना, जल जीवन, हर घर नल योजना में 212.4 करोड़ रुपये की लागत से 68 ग्रामीण पेयजल परियोजना, सिस वरुणा में 108.53 करोड़ रुपये की लागत से जलापूर्ति अपग्रेडेशन, पुलिस लाइन में 24.96 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांजिट हॉस्टल, 60 करोड़ रुपये की लागत से नमो घाट पुनर्विकास फेज-2, पंचकोशी परिक्रमा यात्रा मार्ग के पांचों पड़ावों का 39.22 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विकास, 24.36 करोड़ रुपये की लागत से अष्ट विनायक, विनायक एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग यात्रा और अष्टभैरव, चारधाम यात्रा, काशी विष्णु यात्रा, द्वादश आदित्य यात्रा तथा नवदुर्गा यात्रा के लिए पावन पथ, करखियांव में 475 करोड़ रुपये की लागत से बनास काशी संकुल (डेयरी), पुरानी काशी के छह वार्डों का 27.31 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विकास, सारनाथ में 18 करोड़ रुपये की लागत से बुद्धिस्ट सर्किट का विकास आदि।

## फोर लेन आरओबी पीएसी बैरक

काशीवासियों को मिलने वाली अन्य नयी सौगातों में प्रकार कचहरी से आशापुर होकर तक संदहा तक 241.89 करोड़ रुपये की लागत से 9.32 किमी लंबे मार्ग का सुद्दढ़ीकरण, मोहनसराय से कैंट तक 11.18 किमी लंबे सिक्स लेन सीसी रोड का 412.23 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण एवं सुद्दीकरण, वाराणसी-भदोही-गोपीगंज रोड 8.6 किमी तक फोर लेन 269.10 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण एवं सुद्दढ़ीकरण, 20.04 करोड़ रुपये की लागत से 34वीं वाहिनी पीएसी भुल्लनपुर एवं 36वीं वाहिनी पीएसी रामनगर में 2-2 सौ क्षमता के बैरक, करसड़ा में 66.55 करोड़ रुपये की लागत से अटल आवासी विद्यालय, लहरतारा से फुलवरिया जेपी मेहता इंटर कॉलेज वाया सेंट्रल जेल मार्ग वाया शिवपुर चुंगी 66.30 करोड़ रुपये पर संपार संख्या 5सी पर फोर लेन आरओबी प्राप्त होगा।



## अंतरराष्ट्रीय स्तर का मिलेगा इनडोर स्टेडियम



वाराणसी को नये साल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के इंडोर स्टेडियम की सौगात मिलने वाली है। सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्टेडियम में करीब 87 करोड़ की लागत से मल्टीलेवल मल्टीस्पोर्ट्स इनडोर स्टेडियम बनेगा। जहां करीब 20 से अधिक इंडोर गेम खेले जा सकेंगे। वाराणसी स्मार्ट सिटी सूत्रों की मानें तो सिगरा स्टेडियम में भूतल प्लस दो मंजिल का भवन होगा। इसमें बैडमिंटन, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, वेटलिफ्टिंग, स्क्वैश, कॉम्बैट स्पोर्ट्स जैसे 20 से अधिक इनडोर खेल खेलने की सुविधा होगी। ओलंपिक स्तर का स्विमिंग पूल, वार्म अप पूल के साथ होगा। जिम, स्पा, योगा सेंटर, पूल बिलियर्ड्स और कैफेटेरिया के साथ बैंक्वेट हॉल भी बनेगा। मल्टी लेवल मल्टी स्पोर्ट्स इन इंडोर स्टेडियम को पैरा स्पोर्ट्स के मानको को भी ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। जिससे यहां पैरा स्पोर्ट्स और प्रतियोगिता भी हो पाए।

## ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मर और लीकेज की समस्या से छुटकारा

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) ने नये साल में ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मर और लीकेज की समस्या से छुटकारा दिलाने की तैयारी में हैं। यदि ऐसा हुआ तो लोकल फॉल्ट से उपभोक्ताओं को निजात मिल जाएगी। यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने प्रदेश के सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक को जारी निर्देश में कहा है कि ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मरों और उसके लीकेज के चलते आए दिन विद्युत आपूर्ति बाधित होने की समस्या से न सिर्फ उपभोक्ता दो-चार होते हैं, बल्कि विभाग की छवि भी धूमिल होती है। चूंकि वर्तमान मौसम में विद्युत की डिमांड कम रहती है। लिहाजा, यह माकूल समय है जब अवर अभियंता और कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र के ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मरों व लीकेज को चिह्नित कर लिया जाए, ताकि नये साल में उस समस्या को दूर कर आगामी गर्मी में बेहतर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

## विद्युत विभाग भी देगा तोहफा

नये साल पर बिजली विभाग भी तोहफा देने की तैयारी में है। इसके लिए विभाग ने एचसीएल कंपनी से टाइअप किया है। कंपनी अमृत-2023 नाम से पोर्टल एवं एप बना रही है। इसकी मदद से बिजली विभाग की सभी प्रकार की सुविधाएं एक ही जगह पर मिलने लगेंगी। उपभोक्ता को ऑफिसों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह साफ्टवेयर पूरी तरह क्लाउड मैनेजमेंट सिस्टम पर कार्य करेगा। बिजली विभाग के अफसरों की मानें तो पूर्वांचल में इकलौता ऐसा जिला वाराणसी होगा, जहां एकीकृत मेथड पर सभी कार्य प्रभावी हो जाएंगे। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एप के माध्यम से कस्टमर्स की हर सुविधा पोर्टल पर आ जाएगी। इसकी मदद से उपभोक्ता अपनी शिकायत, 1912 के कार्य, नए कनेक्शन के लिए आवेदन, झटपट योजना की सुविधा, मीटर की सुविधा एवं शिकायत की जानकारी के बारे में जान सकेगा। इस योजना को मूर्तरूप देने में करीब पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे।



## मिलेगा क्यूआर कोड वाला एलपीजी सिलिंडर



नये साल से केंद्र सरकार एलपीजी गैस सिलिंडर का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों की सुविधा के लिए कड़ा कदम उठाने जा रही है। यह कदम है एलपीजी सिलिंडरों को क्यूआर कोड से लैस करने का। ऐसा होने पर आप अपने सिलिंडर के बारे में यह पता कर सकेंगे कि इसकी डिलीवरी एजेंसी गोदाम से कब हुई और किस-किस रास्ते से होते हुए आपके घर तक पहुंची। इतना ही नहीं, क्यूआर कोड से यह भी पता चल जाएगा कि आपके सिलिंडर में कितनी बार रिफिलिंग की गई है। इससे आप यह भी पता कर पायेंगे कि इस सिलिंडर को वापस रिफिलिंग सेंटर आने में कितने दिन लग रहा है। इस प्रकार से आप आसानी से घर पर ही एलपीजी सिलिंडर को ट्रैक कर पायेंगे। सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो फरवरी-2023 से क्यूआर कोड वाले सिलिंडर मिलने लगेंगे। एलपीजी एजेंसी सूत्रों की मानें तो अक्सर ग्राहकों की यह शिकायत रहती है कि उसके घरेलू गैस सिलिंडर में एलपीजी गैस की मात्रा एक से तीन किलो तक कम होती है। कई बार इसकी शिकायत करने के बाद भी ग्राहक उसकी ट्रेसिंग नहीं कर पाते हैं। एजेंसी वाले संबंधित ट्रालीमैन को डांट-फटकार कर अपने कर्त्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। ग्राहक यदि कड़ाई करता है तो कह दिया जाता है कि सिलिंडर तौल कर लीजिए। जितना गैस कम हो, तो उतना दाम काट लीजिए। चूंकि सिलिंडर की डिलीवरी के समय घर पर महिलाएं ही रहती है। इसलिए यह कदम कारगर साबित नहीं हो पाता। लिहाजा, अब सरकार ने ऐसे लोगों को पकड़े के लिए एक कड़ा कदम उठाया है।

## नये साल से घर-घर 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर

नये साल से विद्युत उपभोक्ताओं के यहां 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी है। इस मीटर की खासियत यह है कि यदि कोई उपभोक्ता इसके साथ छेड़छाड़ करेगा तो अलार्म बज उठेगा और उपभोक्ता के घर की बत्ती गुल हो जाएगी। पावर कॉरपोरेशन सूत्रों कीमानें तो 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर पूरी तरह नयी तकनीकी फीचर से लैस हैं। इसमें बिजली चोरी से लेकर अन्य टेम्परिंग रोकने के लिए सभी फीचर्स लगाये गये हैं। इसके चलते इस मीटर में बिजली चोरी की गुंजाइश रत्ती भर भी नहीं है। एक अफसर ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर में कई ऐसे फीचर्स लगाये गये हैं, जिनके माध्यम से मीटर के साथ किये गये छेड़छाड़ की भी जानकारी मिल जाएगी। यदि कोई भी उपभोक्ता मीटर के साथ छेड़छाड़ करेगा तो इसमे लगा अलार्म बजने लगेगा और स्वतः काम करना बंद कर देगा यानी उपभोक्ता के परिसर की बिजली गुल हो जाएगी। अफसर का कहना है कि चूंकि मीटर पावर कॉरपोरेशन के सर्वर से सीधे जुड़ा होगा, इसलिए छेड़छाड़ होते ही संबंधित खंड कार्यालय को इस बात की जानकारी हो जाएगी। विभागीय सूत्रों की मानें तो 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर की टेस्टिंग भी शुरू हो गई है। इसके लिए पांच विद्युत उपकेंद्र चिह्नित किए गए हैं। इनमें 10-10 मीटर की संख्या के हिसाब से टेस्टिंग की जा रही है। टेस्टिंग के बाद विभागीय अधिकारी सत्यापित करेंगे कि इस मीटर से जो रीडिंग हो रही है, वह पूरी तरह से सही है।

## कज्जाकपुरा सेतु पर दौड़ेंगे वाहन



**वाराणसी।** रेल उपरिगामी सेतु 23ए, कज्जाकपुरा पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। सेतु को पूर्ण कराने का लक्षित तिथि माह मार्च, 2024 है, जिसे दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण कराने का हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। राज्य सेतु निगम के उप परियोजना प्रबन्धक एस०के० निरंजन ने बताया कि सेतु के निर्माण कार्य की पुनरीक्षित स्वीकृति द्वारा कुल लागत रू 144.52 करोड़ सेतु अंश रू 139.85 करोड़ की हुई है। माह अक्टूबर, 2022 तक रू 42.66 करोड़ व्यय करते हुए भौतिक प्रगति 20.93 प्रतिशत है। पूर्व में जीएडी सिंगल पिलर पर प्रस्तावित था। घनी आबादी एवं गंगा प्रदूषण की मेन लाइन (2.50 मी डाया) को शिफ्टिंग सम्भव न होने के कारण सिंगल पीलर पर निर्माण फिजिबल नहीं पाया गया। परियोजना की जीएडी में परिवर्तन कर (2पीलर) पर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। सेतु के सरेंखण में पाइल फाण्डेशन के नीचे अण्डर ग्राउण्ड केबिल सीवर लाइन, पेयजल लाइन, टेलीफोन लाइन तथा गेल की गैस पाइप लाइनें आ रही हैं, जिसकी शिफ्टिंग एवं भूमि अध्याप्ति के कारण विलम्ब हुआ है। सेतु के सरेंखण में कब्रिस्तान एवं मस्जिद की जमीन आ रही है, जिसका आपसी समझौते के आधार पर कार्य कराने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ हिस्सों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा चुकी है, उन स्थानों पर निर्माण कार्य प्रगति में है।

## कैंट स्टेशन पर मूर्त रूप लेंगी ये योजनाएं



**वाराणसी। नये वर्ष 2023 में वाराणसी में कई योजनाएं मूर्त रूप लेंगी उनमें कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) भी शामिल है। नई योजनाओं के तहत एक फुटओवर ब्रिज (एफओबी) जो स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार पर निकलेगा, इसके साथ ही यार्ड री मॉडलिंग का कार्य पूरा करते हुए प्लेटफार्म नंबर दो और तीन की चौड़ाई बढ़ेगी, चार व पांच की चौड़ाई कम होगी, मालगाड़ी के लिए बाईपास रेल लाइन, दो नये प्लेटफार्म के तहत प्लेटफार्म नंबर 10 और 11 का निर्माण, मालगोदाम की ओर तीसरा प्रवेश द्वार, द्वितीय प्रवेश द्वार पर नये कर्मिशियल भवन का निर्माण सहित अन्य कार्य वर्ष 2023 में पूरा होगा।**

## स्वास्थ्य सेवाओं का होगा विस्तार

### मिलेगा लाभ

**मिलेंगी एमआरयू, बीएसएल-3 सहित अन्य जरूरी लैब**

**ग्रामीण के साथ नगर क्षेत्र में बढ़ेंगे आयुष्मान भारत - हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर**



**वाराणसी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी का कहना है कि जनपद के समस्त सरकारी चिकित्सालयों, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर चिकित्सीय एवं स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार हुआ है। इसमें आधारभूत संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) के साथ डिजिटलीकरण पर पूरा जोर दिया गया। अब नए साल में भी नवीन चिकित्सीय एवं स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। चार प्रथम संदर्भन इकाई (एफआरयू) क्रमशः डीडीयू चिकित्सालय स्थित मातृ व शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) विंग, सीएचसी चौकाघाट, सीएचसी दुर्गाकुंड और मुख्यमंत्री द्वारा गोद ली गई सीएचसी हाथी बाजार तीन हेल्थ एटीएम क्रमशः सीएचसी चौकाघाट, सीएचसी दुर्गाकुंड और पीएचसी बड़ागांव में स्थापित। विभिन्न आठों ब्लॉक में 65 आयुष्मान भारत -हेल्थ वेलनेस सेंटर की बढ़ोतरी, अब हुए 225 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, गैर संचारी रोग कार्यक्रम के अंतर्गत सभी 11 ग्रामीण व शहरी सीएचसी में सेंटीनल/पैथालोजी लैब स्थापित, सभी 12 सीएचसी पर मिनी पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) स्थापित, स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण के लिए ई-कवच पोर्टल, मंत्रा एप, आधारबद्ध जन्म पंजीकरण, यूबीआई फेसिंग अटेंडेंस एप का संचालन शुरू हुआ। सभी हेल्थ वेलनेस सेंटर पर टेली मेडिसिन की सुविधा शुरू।

### साल 2023 में बढ़ेंगी यह सुविधाएं

तीन मल्टी डिसिप्लेनरी यूनिट (एमआरयू) लैब, एक बीएसएल-3 लैब, एक पब्लिक हेल्थ लैब, राजकीय चिकित्सालयों में हृदय रोगियों की सुविधा के लिए केंद्र, सभी सीएचसी और पीएचसी पर बेड की संख्या में बढ़ोतरी के लिए एक-एक यूनिट, सभी पीएचसी व सीएचसी सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर एक-एक हेल्थ एटीएम, दो ब्लॉक स्तरीय पब्लिक हेल्थ यूनिट, दो नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सारनाथ और काशी विद्यापीठ), ग्रामीण क्षेत्र में 75 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और नगर क्षेत्र में 48 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर।

## पीपीपी मॉडल पर तैयार हो जायेगा रोडवेज



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के चौधरी चरण सिंह अन्तर्राज्यीय रोडवेज बस स्टेशन को वर्ष 2023 में नये पंख लगते नजर आयेंगे। इसके लिए 96 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया है। पीपीपी मॉडल पर बनने वाले इस रोडवेज में कई भवन के साथ ही चार्जिंग प्वाइंट और अंडर पार्किंग की भी व्यवस्था होगी। इसके साथी बसों को सड़कों पर ना खड़ा करने की दृष्टि से परिसर को और स्पेसियस बनाया जायेगा। नये लुक में रोडवेज आकार लेगा। क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि दुर्घटना मुक्त संचालन राजधानी एक्सप्रेस और निगम की बसों सहित सिटी बस में महिला चालक होंगी तैनात।

## 50 नई ई-बस मिलने की उम्मीद



नगरीय विभाग की ओर से संचालित प्रदेश भर में ई-बस के तहत वाराणसी में वर्ष 2023 में 50 नई बसों का सौगात मिलेगा। इससे जहां प्रदूषण कम होता नजर आयेगा, वहीं आवागमन में भी वृद्धि होगी। इसके साथ ही शहर ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तार किया जायेगा। नये ई-बसों के आने के बाद शहर में छोटे वाहनों पर लगाम लग सकेगा।

## जाम से मिलेगी मुक्ति, जोनवार चलेगा ई-रिक्शा

वाराणसी। शहर को जाम से मुक्त करने के लिए परिवहन विभाग व यातायात विभाग की ओर से शहर को 2023 में एक जनवरी से तीन जोन में बांट कर यातायात संचालित किया जायेगा। इसके साथ ही मुख्य मार्गो पर ई-रिक्शा के संचालन में प्रतिबंध कर दिया जायेगा। इससे दुर्घटनाओं में ना सिर्फ कमी आयेगी बल्कि जाम से भी मुक्ति मिलेगी। शासन की ओर से इस तरह के निर्णय से लोगों को काफी राहत मिलती नजर आयेगी।



*प्रस्तुति :* जितेंद्र श्रीवास्तव, सुरोजित चैटर्जी, राधेश्याम कमल, अश्वनी श्रीवास्तव

पेज सज्जा : सौरभ जायसवाल